हिन्दी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com धनबाद, शनिवार, 28 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 177, मूल्य : 2 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

PR NO. 337433 (IPRD) 24-25



## अबुआ आभार हेमन्त सरकार

**नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार**

## नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को
# मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन
## एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 28 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

### युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- इस वित्तीय वर्ष में 5,403 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं 539 लैब सहायकों की नियुक्ति
- JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 200 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# सीसीएल में 38वां क्षेत्रीय खान बचाव सुरक्षा प्रतियोगिता संपन्न

रांची : शुक्रवार को सीसीएल दरभंगा हाउस के कन्वेंशन सेंटर में 38वां खान सुरक्षा प्रतियोगिता समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. दो दिवसीय प्रतियोगिता 25 और 26 सितंबर को एमआरएस रामगढ़ और भुरकुंडा यूजी, बरका सयाल क्षेत्र में मनाई गई. इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया. अंतिम दिन समारोह सीसीएल मुख्यालय में मनाया गया. कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ एस एस प्रसाद, उप महानिदेशक डीजीएमएसतथा मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह उपस्थित थे. इस समारोह में आफताब अहमद एवं एन पी देवरी, सहित खान सुरक्षा महानिदेशालय के वरीय अधिकारीगण भी उपस्थित थे.

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी) हरीश दुहान, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान डीएवी, गांधीनगर के छात्रों ने नृत्य एवं नाट्य की सुंदर प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया. इस प्रतियोगिता में हुए सभी प्रतिस्पर्धाओं को एक लघु फिल्म के माध्यम से सभी के समक्ष रखा गया. इस प्रतियोगिता में कुल आठ प्रतिस्पर्धा में रिले रेस, ऑनलाइन टेस्ट, फ्लैग होएस्टिंग, फर्स्ट एड प्रतियोगिता, स्टेटूटोरी टेस्ट, एफएबी, रेस्क्यू एवं रिकवरी में कर्मियों ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम के अंत में गणमान्यों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया.



## संक्षिप्त खबरें

### धनबाद के कुसुंडा में चोरी का 60 टन कोयला जब्त

धनबाद(ईएमएस)।सीआईएसएफ की टीम ने शुक्रवार को बीसीसीएल कुसुंडा क्षेत्र में छापेमारी कर कुसुंडा बस्ती से चोरी का करीब 60 टन कोयला जब्त किया है।तस्करों ने गोन्दूडीह केडीएस वन रेलवे साइडिंग ट्रांसपोर्टिंग रूट पर चलने वाले ट्रकों से कोयला उतारकर कुसुंडा बस्ती के निकट जमा किया था।जब्त कोयले की कीमत करीब एक लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है।जब्त कोयला चार हाइवा पर लोडकर बीसीसीएल प्रबंधन को सुपुर्द कर दिया गया।गुप्त सूचना के आधार पर सीआईएसफ की टीम ने बस्ती में सुबह 11 से दोपहर ढाई बजे तक छापामारी की।टीम में इंस्पेक्टर एसके सिंह, इंस्पेक्टर एके सिंह, इंस्पेक्टर कृष्णा मिंज, कमलेश कुमार व सुरक्षा बल के जवान शामिल थे। बताया गया कि सीआईएसएफ के जवान गुरुवार से ही कोयला पर नजर रख रहे थे। बीसीसीएल प्रबंधन द्वारा वाहन उपलब्ध कराने के बाद छापामारी की गई।

### गिरिडीह में 3 माह में ही टूट गई सांसद मद से बने छठ घाट की सीढ़ी

गिरिडीह(ईएमएस)।गावां प्रखंड के पिहरा पूर्वी पंचायत के गांधी मैदान के पास नदी में सांसद मद से बने छठ घाट की सीढ़ी महज 3 माह में ही धराशाई हो गई।सीढ़ी का निर्माण करीब ढाई लाख रुपए की लागत से कराया गया था। ग्रामीणों की मांग पर सांसद ने छठ घाट का निर्माण कराया था।काम के समय ही ग्रामीणों ने घटिया निमार्ण का आरोप लगाया था।इसके बावजूद जैसे-तैसे काम पूरा कर वहां सांसद का बोर्ड लगा दिया गया।छठ पूजा में अब महज एक माह व कुछ दिन बचे हैं।ग्रामीणों ने दोषियों पर कार्रवाई करते हुए सीढ़ी को अविलंब दुरुस्त करवाने की मांग की है।

### सीबीसी डाल्टनगंज द्वारा स्वच्छता ही सेवा पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

पलामू(ईएमएस)।केंद्रीय संचार ब्यूरो, डाल्टनगंज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा शुक्रवार को राजमाता प्रफुल्ल मंजरी कन्या उच्च विद्यालय चैनपुर, मेदिनीनगर में स्वच्छता ही सेवा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता हुई। इसके पूर्व स्वच्छ भारत अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह, विद्यालय परिसर क्षेत्र की साफ सफाई, जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम कराए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिंधु यादव, शिक्षक मणिलाल रवि, ओम प्रकाश यादव, शिक्षिका पुष्प लता कुमारी,एनी मिंज, सीमा कुमारी ,आईसीटी नेहा परवीन,रामाशीष पांडे एवं संजीव कुमार पांडे की उपस्थिति में रंगोली प्रतियोगिता के उपरांत प्रथम स्थान काजल प्रवीण द्वितीय स्थान साजिया खातून तृतीय स्थान रोशनी कुमारी एवं बिना कुमारी को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। एक अन्य कार्यक्रम के तहत राजकीय कृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कंकारी, चैनपुर, डाल्टनगंज, पलामू में स्वच्छता अभियान चलाया गया।यहां भी स्वच्छता शपथ, जागरूकता रैली, हस्ताक्षर अभियान, छात्र-छात्राओं के द्वारा चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुंदन कुमार द्वितीय स्थान सोनू कुमार तृतीय स्थान सब्बू फातिमा को विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्याम लाल उरांव ,अंजनी कुमार, स्नेह लता कुमारी, सुमित कुमार, श्यामलाल साहू ,गौतम कुमार दुबे ने सहयोग किया।

### विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने दी जिलेवासियों को सौगात : मलय डैम में जल और साहसिक क्रीड़ा शुरू

पलामू(ईएमएस)।विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सतबरवा स्थित मलय डैम में शुक्रवार को उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने जल क्रीड़ा के तहत डैम में बोट संचालन का उद्घाटन किया।इस अवसर पर सदर एसडीओ व छत्तरपुर एसडीओ भी मौजूद रहे।उद्घाटन के पश्चात सभी अधिकारियों ने नौका विहार का आंनद लिया।इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने डैम घूमने आये एक परिवार को गिफ्ट भेंट किया,वहीं बच्चे को नाश्ता भी करवाया साथ ही पर्यटन मित्रों के बीच प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया।मौके पर उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि मलय डैम को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा की योजना तैयार की है।आज से डैम में विभिन्न प्रकार की जल क्रीड़ा सामग्री जैसे स्पीड मोटर बोर्ड,पैडल बोट,कयाकिंग और जेट्टी की व्यवस्था की गयी है।उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन के विकास की असीम संभावनाएं हैं।जिले में पर्यटक स्थलों के समुचित विकास, आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की स्थापना,पर्यटकों के लिए आवास की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं के लिए जिला प्रशासनकृत संकल्पित है।इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार,बीडीओ,पर्यटन कोऑर्डिनेटर सुशील द्विवेदी,सिकंदर आदि उपस्थित थे।विश्व पर्यटन दिवस के दिन जिलेवासियों को पर्यटन के क्षेत्र में अच्छी सौगात मिली है।डैम घूमने आने वाले पर्यटकों के लिए मोटर बोर्ड उपलब्ध रहेंगे जिसमें कयाकिंग भी शामिल है।डैम आनेवाले पर्यटकों के सुरक्षा हेतु लाइफ जैकेट भी दिया जायेगा।सभी पर्यटक मित्रों को गिरिडीह से लाइफ सेविंग टेक्नीक का प्रशिक्षण भी दिया गया है।जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा के माध्यम से पर्यटक डैम के सुंदर दृश्य का आनंद ले सकेंगे और साहसिक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे।

### गोड्डा में झाड़-फूंक के बहाने महिलाओं को नशीला लड्डू खिला गलत करने का आरोपी गिरफ्तार

गोड्डा(ईएमएस)।झाड़-फूंक के बहाने आदिवासी गांव में महिलाओं के साथ छेड़खानी करने के आरोपी मो. कुद्दूस अंसारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। घटना तीन दिन पूर्व देवदाड़ थाना क्षेत्र के शामपुर गांव की है।घर में बीमार सदस्य के झाड़-फूंक के लिए परिजन मौलवी की खोज कर रहे थे। तभी उनका संपर्क कुसमनी निवासी कुद्दूस अंसारी से संपर्क हुआ।

आरोप है कि झाड़-फूंक के बहाने कुद्दूस ने घर की तीन महिलाओं सास और दो बहुओं को नशीला लड्डू खिला दिया। इसके बाद बेहोशी की हालत में उनका यौन शौषण किया। इस बात का खुलासा होने पर मामले ने तूल पकड़ लिया।हो हंगामा बढ़ने पर घटना के दो दिन बाद आरोपी कुद्दूस अंसारी के खिलाफ देवदाड़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।पीड़िता का बयान न्यायालय मे दर्ज कराया गया।फरार आरोपी कुद्दूस को थाना प्रभारी रोहित कुमार यादव ने गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया।कोर्ट के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया।

### बोकारो में हाथी का आतंक, ग्रामीण और वन विभाग के अधिकारी के नाक में किया दम

बोकारो(ईएमएस)।बोकारो जिला के गोमिया प्रखंड अंतर्गत फचमो पंचायत में एक जंगली हाथी के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं।यह हाथी अपने झुंड से बिछड़ गया है और गांव के आसपास के जंगल में घूम रहा है।इस हाथी के ऐसे घूमने से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना है। इसलिए ग्रामीण और वन विभाग के अधिकारी हाथी को भगाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे हैं।जंगली हाथी के पैर में जख्म होने के कारण वह दौड़ नहीं पा रहा है।वहीं ग्रामीण जंगली हाथी को देखकर उसे भगाने के लिए हाथ में मशाल और लाठी ले कर भाग रहे हैं।

ग्रामीण और वन विभाग के कर्मी हाथी को जंगल में सुरक्षित रखने के लिए बहुत पापड़ बेलने पड़ रहे हैं। घायल हाथी का इलाज करने के लिए रिलायंस फाउंडेशन सामने आया है। रिलायंस फाउंडेशन गुजरात की पशु चिकित्सकों की टीम क्षेत्र का दौरा कर रही है और चिकित्सक यह प्रयास कर रहे हैं कि जंगली हाथी जंगल की ओर जाए तो उसका इलाज कर पाएं। वहीं जंगली हाथी के रास्ते में चलने से वन कर्मियों को परेशानी हो रही है।झुंड से बिछड़ा हुआ यह हाथी झुमरा पहाड़ के बलथरवा सुअर कटवा आंधी क्षेत्र में घूम रहा है।वहीं वन कर्मी लगातार प्रयास कर रहे हैं कि कहीं कोई अप्रिय घटना न घटे।वन कर्मी लगातार ग्रामीणों से अपील कर रहे हैं कि वह हाथी से कोई छेड़छाड़ न करें और हाथी के सीधे संपर्क में आने से बचें।

## भाजपा की सरकार बनी तो सीजीएल परीक्षा की होगी सीबीआई जांच : अमर बाउरी



रांची(ईएमएस)। जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी के आरोप पर झारखंड में राजनीति तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि हम जनता की अदालत में जा रहे हैं।यदि जनता का आशीर्वाद मिला और भाजपा की सरकार बनी तो पहली कैबिनेट बैठक में ही सीजीएल परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने का फैसला लिया जाएगा और इस भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को सलाखों के भीतर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सीजीएल की परीक्षा में बड़े-बड़े दावे किए गए।इसके बावजूद सरकार ने नौकरी को बेचने का काम किया है।उन्होंने कहा कि जिस किसी ने भी इसका विरोध किया, उसको स्थानीय प्रशासन से मिल कर सरकार डराने-धमकाने का काम कर रही है। युवाओं के साथ भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है।

उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने इस सरकार को फ्रॉड कह कर संबोधित किया है।भाजपा ने हमेशा कहा है कि यह सरकार झूठ बोल कर सत्ता में आई है।सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा 2019, 2022, 2024 की परीक्षा के कई सारे प्रश्न को दोहराए गए हैं। उन्होंने कहा, आज झारखंड की बदनामी पूरे देश में हो रही है और पूरे देश के लोग झारखंड की काबिलियत पर प्रश्न उठा रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि खामी इस सरकार में है।इस सरकार ने परीक्षा के नाम पर पूरे राज्य का इंटरनेट बंद कर दिया था और कहा कि असम की तर्ज पर यह काम किया है। जबकि असम सरकार ने परीक्षा से काफी पहले सूचना देकर इंटरनेट बंद किया था।इस सरकार ने रात के 2 बजे से ही इंटरनेट बंद कर दिया था, ताकि इनके लोग रात में ही प्रश्न पत्र बांटने का काम कर सकें।अमर कुमार बाउरी का आरोप है कि परीक्षा से पहले ही उत्तर हैंडलर के हाथ में आ गए थे।यहां तक कि उनके पास भी जिस दिन सुबह 8.30 बजे से परीक्षा थी, प्रश्नों का हल किया हुआ कागज रात 2 बजे आ गए थे।उन्होंने कहा कि छात्रों पर सरकार का दबाव ज्यादा है, इसलिए छात्र डरे हुए हैं।

## गढ़वा में डीएसओ ने जनता दरबार में सुनी लोगों की फरियाद

गढ़वा(ईएमएस)।जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) राम गोपाल पांडेय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया।उन्होंने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया।जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास, भूमि सीमांकन, नामांतरण, मजदूरी बकाया भुगतान, मुआवजा, रोजगार, नौकरी देने आदि समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी गई।साथ ही यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया।इस दौरान छाया कुमारी पंचायत समिति सदस्य ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी प्रखंड मेराल ने आवेदन पत्र समर्पित कर बताया कि मेराल प्रखंड अंतर्गत मेराल पूर्वी पंचायत में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास देने एवं ग्रामीण जनता से आर्थिक दोहन करने का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि संबंधित पंचायत सेवक द्वारा अबुआ आवास के योग्य लाभुकों को लाभ न देकर अयोग्य लाभुकों को लाभ दिया गया है।उन्होंने अबुआ आवास योजना के तहत मेराल प्रखंड के मेराल पूर्वी पंचायत में गड़बड़ी होने का मामला बताया है और उन्होंने इस मामले की जांच कराते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया।भंडरिया प्रखंड की प्रेमदानी कुजूर ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया।उन्होंने बताया कि विगत वर्ष 2020 में ही नया राशन कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया कराई गई है, जो कि अभी तक नहीं बन पाया है।

सदर प्रखंड के ग्राम जाटा कल्याणपुर निवासी सीता देवी, चिंता देवी, अनीता देवी एवं उषा कुमारी आदि ने रोजगार के लिए आवेदन देकर समाहरणालय परिसर गढ़वा में माली के रूप में काम करने का आग्रह किया।

## चतरा में सीसीटीवी कैमरे से होगी पंडालों की निगरानी

चतरा(ईएमएस)।कुंदा थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर सीओ शम्भु राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। संचालन थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने किया।सीओ शंभु ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। बीडीओ विवेक कुमार ने कहा कि सभी मिलकर यह सुनिश्चित करें कि इस पर्व का आयोजन धूमधाम से हो और शांतिपूर्ण हो। दुर्गा पूजा के दौरान खलल डालने वाले किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके।इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी पूजा समितियों से अपील की है कि वे सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करें और स्थानीय पुलिस से समन्वय बनाए रखें। उन्होंने आगे कहा कि पूजा के दौरान पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी। पूजा पंडाल के आसपास मांस-मछली की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी. थाना प्रभारी ने कहा कि असामाजिक तत्व के वैसे लोग जो भी पूजा के दौरान गलत नियत या मंसूबा पाले हुए हैं वे समय रहते इसका त्याग कर दें।उनके गलत मंसूबों को कुचलना के लिए कुंडा थाना की पुलिस सक्षम है।इस दौरान कुंदा थाना क्षेत्र दुर्गा पूजा समिति ने शांति समिति की आयोजित बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि पूजा के दौरान पूजा पंडाल के आसपास किसी भी तरह का मांस-मछली की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। पूजा समिति के लोगों ने कहा है यह निर्णय समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि इस पवित्र अवसर पर सभी लोग शांति, श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा कर सके।थाना प्रभारी ने पूजा समितियों को यह निर्देश दिया कि पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाएं, जिससे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पूजा पंडाल में हो सके।मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहू, भरत यादव, पूजा समिति के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधी विनोद साव, अनिल प्रसाद यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## लातेहार में जेट्रोफा प्लांटेशन घोटाले के दोषियों को तीन साल की सजा

लातेहार(ईएमएस)। अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने जेट्रोफा प्लांटेशन घोटाला कांड के आरोपियों में धनबाद के एनजीओ झारखंड विकास मोर्चा के अध्यक्ष राकेश तिवारी एवं तत्कालीन मनिका बीडीओ साधना जयपुरियार को सरकारी राशि के गबन का दोषी पाया है। अदालत ने विचाराधीन जी आर केस संख्या 615/ 10 ( मनिका थाना कांड संख्या 75/10 ) की सुनवाई करते हुए दोनों आरोपियों के विरुद्ध दोष सही पाया।मालूम हो वर्ष 2010 में तत्कालीन उपायुक्त राहुल पुरवार द्वारा मनिका में 500 एकड़ भूमि पर जेट्रोफा प्लांटेशन में घोटाला पकड़ा गया था। उपायुक्त के आदेश पर तत्कालीन डीडीसी सीपी बाखला ने मनिका थाने में कांड दर्ज कराया था। अदालत ने भादवि की धारा 420 ,467, 468, 471 ,120 बी ,201, 409 के तहत आरोपियों के विरुद्ध आरोप गठित किया था। अभियोजन पदाधिकारी अशोक दास ने खोजबीन के उपरांत सूचक बाखला समेत तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार पाठक, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो, कैलाश साहू एवं तत्कालीन जिला कृषि पदाधिकारी उमेश प्रसाद की गवाही अदालत में दर्ज कराया था।उपायुक्त के आदेश के बाद जांच दल गठित किया गया था।जांच दल में डीडीसी बाखला के अलावे तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी कैलाश प्रसाद साहू, जिला कृषि पदाधिकारी उमेश प्रसाद एवं अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार पाठक मामले की जांच के लिए प्रतिनियुक्त किए गए थे।जांच के बाद अनुसंधानकर्ता ने अदालत में आरोप पत्र पेश किया था।इसके आलोक में अदालत के द्वारा चार जुलाई 2013 को आरोपी तत्कालीन बीडीओ साधना जयपुरियार एवं एनजीओ झारखंड विकास मोर्चा धनबाद के अध्यक्ष राकेश तिवारी के विरुद्ध गबन का संज्ञान लिया था।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को भादवि की धारा 409 /120 बी के तहत तीन-तीन वर्षों का कठोर कारावास एवं ढाई-ढाई लाख रुपए के जुर्माना की सजा सुनाई है।

## फेस्टिव सीजन में 12,500 से ज्यादा स्पेशल कोचों का संचालन करेगा भारतीय रेलवे



नई दिल्ली (ईएमएस)। दीपावली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सहूलियत को देखते हुए भारतीय रेलवे ने 12,500 से ज्यादा स्पेशल कोचों का संचालन करने का ऐलान किया है। रेलवे करीब 108 ट्रेनों में जनरल कोच भी बढ़ा रहा है। वहीं, पहली बार फेस्टिव सीज़न में दिल्ली से बिहार के लिए 20 कोच वाली वंदे भारत स्पेशल ट्रेन भी चलाए जाएगी। रेलवे पिछले साल के मुकाबले इस साल 1000 से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलाने जा रहा है। ऐसे में इस बार फेस्टिव सीजन में 1 करोड़ से ज्यादा यात्रियों को घर जाने में सहूलियत होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को बताया, इस फेस्टिव सीजन में 108 ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाए गए। छठ पूजा और दीपावाली स्पेशल ट्रेनों के लिए 12,500 कोच मंजूर किए गए हैं। 2023-24 के फेस्टिव सीजन के दौरान कुल 4,429 स्पेशल ट्रेनें चलीं। लेकिन 2024-25 में अभी तक कुल 5,975 ट्रेनें नोटिफाई की गई हैं। इससे पूजा की भीड़ के दौरान 1 करोड़ से अधिक यात्रियों को घर जाने की सुविधा मिलेगी। ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को यात्रा करने का मौका मिलेगा। फेस्टिव सीजन में भारतीय रेलवे पहली बार वंदे भारत स्पेशल ट्रेन चला रहा है। दिल्ली से बिहार के लिए 20 कोच वाली वंदे भारत स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। दिल्ली से पटना, दरभंगा, गया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और गोरखपुर के लिए स्पेशल वंदे भारत ट्रेन चलाई जाएगी। स्पेशल ट्रेनों के संचालन की शुरुआत 1 अक्टूबर से होगी। यह 26 नवंबर तक चलेंगी। रेलवे ने अलग-अलग ज़ोन में ट्रेनें चलाने की बात कही है। रेलवे ने सभी ज़ोन को दीपावली और छठ में स्पेशल ट्रेन चलाने की लिस्ट जारी की है। सबसे ज्यादा नॉर्दन रेलवे से 130 ट्रेनें चलाई जाएंगी। दक्षिण मध्य ज़ोन से 104 स्पेशल ट्रेन चलाई जाएंगी। पूर्वी मध्य ज़ोन से 99 ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस तरह से रेलवे ने सभी ज़ोन से स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है।

## रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति ने प्राचार्य को सौंपा मांग पत्र

रामगढ़(ईएमएस)।रामगढ़ महाविद्यालय परिसर में रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति के तत्वावधान में बैठक हुई।इसकी अध्यक्षता शशि करमाली ने की।बैठक में रामगढ़ कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया।मुख्य रूप से कॉलेज की जमीन की चहारदीवारी एवं मापी,मुख्य द्वार का निर्माण एवं कॉलेज कैंपस में असामाजिक तत्वों को रोकने को लेकर चर्चा की गई।बैठक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर ने बताया कि इन सभी विषयों को लेकर रामगढ़ कॉलेज बचाव समिति बैनर तले पूर्व में जिला प्रशासन, कॉलेज प्रशासन को लिखित शिकायत एवं मांग की गई थी।साथ ही आंदोलन भी किया गया था, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी ना तो कॉलेज प्रशासन और न ही जिला प्रशासन द्वारा इन सभी विषयों को गंभीरता से नहीं लिया गया।कहा कि अंत में हम लोगों ने इन सभी विषयों को लेकर तीन सूत्री मांग पत्र रामगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रत्न पांडे को सौंपा है।जल्द से जल्द हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आने वाले समय में एक बहुत बड़ा छात्र आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने कहा कि रामगढ़ कॉलेज कैंपस दिन प्रति दिन स्थिति दयनीय होती जा रही है।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए हर वोट महत्वपूर्ण : डीसी

बोकारो(ईएमएस)।बोकारो जिला प्रशासन ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है।डीसी विजया जाधव ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गठित स्वीप कोषांग के स्वीप वार रूम का शुक्रवार को उद्घाटन किया। समाहरणालय सभागार में आयोजित समारोह में डीसी ने स्वीप कैलेंडर लांच किया।साथ ही कैलेंडर को प्रदर्शित करने वाली गैलरी का भी उद्घाटन किया।डीसी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए हर एक वोट महत्वपूर्ण है।उन्होंने लोगों से कहा कि अपना वोट जरूर दें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मीडिया संवाद में डीसी ने 10 नवंबर तक के लिए तैयार स्वीप कैलेंडर के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता का शामिल होना बहुत जरूरी है।

हिंदी दैनिक
# कोयलांचल संवाद
www.ksnewsupdates.com
धनबाद, शनिवार, 28 सितम्बर, 2024, वर्ष : 33 अंक : 177, मूल्य : 2 रूपए
धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
YouTube Subscribe Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### धनबाद में ओबी डंप का मलवा गिरने से 3 मजदूर चोटिल, भेजा गया अस्पताल



धनबाद(ईएमएस)।धनबाद के बस्ताकोला बसीसील एरिया 9 के राजापुर परियोजना में शुक्रवार को अहले सुबह ओबी डंप का मलवा गिरने से परियोजना में काम कर रहे तीन मजदूर चोटिल हो गए।घटना के बाद तीनों को अस्पताल ले जाया गया।बताया जा रहा है कि बस्ताकोला बसीसील एरिया 9 के राजापुर परियोजना में आज शुक्रवार को सुबह 4 से 5 के बीच ओबी डंप का मलवा गिर जाने से वहां कार्य कर रहे तीन वर्कर चोटिल हो गई।घटना के बाद अन्य मजदूरों ने तीनों चोटिल को अस्पताल पहुंचाया।यह जानकारी रजवार बस्ती के लोगों ने दी।बताया जाता है कि परियोजना में अचानक मलवा जोरदार आवाज के साथ गिर पड़ा और वहां के काम करने वाले वर्कर होलपेक छोड़कर इधर-उधर भागने लगे। लेकिन इस घटना में तीन मजदूरों को चोटें आई है। वहीं इस घटना को देखकर रजवार बस्ती के लोगों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है।फिलहाल इस घटना के बाद से परियोजना में काम ठप हो गया है।वहीं अब तक बीसीसीएल के अधिकारी घटना स्थल पर नहीं पहुंची है।

### निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को बेल देने से पीएमएलए कोर्ट का इनकार



रांची : निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुना दिया. ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद 20 सितंबर को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. जिस पर आज फैसला सुनाया. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की. वहीं पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और अधिवक्ता स्नेह सिंह ने बहस की.
बता दें कि ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल और उसके सीए सुमन सिंह के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ कैश बरामद हुआ था. छापेमारी के बाद ईडी ने पूजा सिंघल और उसके सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था. दोनो से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी.

### पूर्व डीसी छवि रंजन को सुप्रीम कोर्ट से भी बेल नहीं



रांची : लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की को बेल देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एच सी शर्मा की कोर्ट में छवि रंजन की बेल पर सुनवाई हुई. छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की. छवि रंजन ने जिस केस में बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, सेना के कब्जे वाली भूखंड की खरीद-बिक्री में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है. इस संबंध में ईडी ने ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है. छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं. रांची ईडी की स्पेशल कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट भी उन्हें बेल देने से इनकार कर चुका है.

### बीएससी नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आज, परीक्षा केंद्रों पर धारा-163 लागू



रांची : झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित बीएससी नर्सिंग (बेसिक/पोस्ट बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा शनिवार को रांची के सात केंद्रों पर आयोजित है. परीक्षा को कदाचारमुक्त वातावरण में कराने को लेकर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने धारा-163 के अंतर्गत परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा जारी कि है, जो 28 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक प्रभावी रहेगा. इन परीक्षा केन्द्रों पर रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति भी की गई है. इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने पर पाबंदी रहेगी.

### दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ के दौरान चलाई जाएंगी 6000 से अधिक स्पेशल ट्रेनें

हाजीपुर, (ईएमएस)। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुगम आवाजाही के लिए भारतीय रेल द्वारा इस वर्ष 6000 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। इन स्पेशल ट्रेनों का संचालन 1 अक्टूबर से 30 नवंबर के बीच किया जाएगा। रेलवे अधिकारी के मुताबिक़ हर साल त्योहारों के अवसर पर रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष इन स्पेशल ट्रेनों की संख्या में भारी बढ़ोतरी की गई है। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्वों के दौरान लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को सुगम एवं आरामदायक यात्रा प्रदान करने के लिए रेलवे द्वारा इस वर्ष भी विशेष ट्रेनों का संचालन करने की तैयारी की गई है। दो महीने की अवधि के दौरान ये स्पेशल ट्रेनें 6000 से अधिक फेरे लगाएंगी और बड़ी तादाद में यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने का काम करेंगी।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 527 अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र, कहा

# जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का चल रहा है मीडिया ट्रायल

रांची (ईएमएस)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राजधानी के जैप वन के शौर्य सभागार में जेएसएससी द्वारा अनुशंसित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।इस अवसर पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में सफल और अनुशंसित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।इनमें 120 पीजीटी और टीजीटी शिक्षक, 200 सहायक शिक्षक एवं 56 प्रयोगशाला सहायक के अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 47, पथ निर्माण विभाग में 25, जल संसाधन विभाग में 49, नगर विकास एवं आवास विभाग में 28, वित्त, वाणिज्य कर एवं खाद्य आपूर्ति विभाग में एक-एक और रिम्स में तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला।अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि अभी एक एग्जाम हुआ है जेएसएससी का।उसमें मीडिया ट्रायल चल रहा है वास्तविकता का अता-पता नहीं है।खबरों में, मीडिया में सरकार को कितना कालिख पोत सकें, लोग लगे हुए हैं। हम लोगों ने बिल्कुल संकल्पित होकर काम किया है।उसी का नतीजा है कि अब निरंतर हमलोग नियुक्तियां कर रहे हैं।पांच वर्षों में अनगिनत नियुक्तियां की हैं।निजी क्षेत्रों में चुने गए बच्चे तो विदेशों तक में नौकरी कर रहे हैं।समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री हफीजुल हसन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, प्रधान सचिव सुनील कुमार, प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन और माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता उपस्थित रहे।सीएम ने कहा कि अभी आप लोगों ने सुना ही उत्पाद सिपाही की नियुक्ति हुई। मुझे लगता है कि कोरोना के बाद यह शारीरिक




दक्षता वाला पहला एग्जाम रहा।इसमें दर्जन भर से ज्यादा नौजवानों ने जान गंवा दी। इसके लिए हम बहुत उदास हैं।हमने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है कि इसके तह तक जाने का हमारा प्रयास रहेगा, क्योंकि झारखंड के युवा इतने कमजोर नहीं हो सकते हैं कि वह 10 किलोमीटर चल ना सके। हमने इसके लिए मदद मांगी है कि इसकी विस्तृत जांच हो कि आखिर इसके पीछे की वजह क्या है कि इतनी बड़ी संख्या में हमारे नौजवानों की मौत हुई।मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जब अलग राज्य बना तो कैडर विभाजन का मामला सामने आया। कई विभागों में वर्षों तक अधिकारियों और कर्मियों का कैडर विभाजन नहीं हो सका।ऐसी स्थिति में वर्षों तक टेंपरेरी व्यवस्था के तहत काम किसी तरह चलता रहा।कुछ पदों पर नियुक्तियां हुईं, तो उसे लेकर भी काफी उलझने आई।ऐसे में नियुक्तियों के नहीं होने का खामियाजा इस राज्य और यहां के नौजवानों को भुगतना पड़ा। हमारी सरकार जब बनी तो शुरुआती दो वर्षों तक कोरोना की वजह से सारी व्यवस्थाएं अव्यवस्थित हो गई थीं।इससे निजात पाने के बाद जब हमने विभागों की समीक्षा बैठक शुरू की तो पता चला कि बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों में पद रिक्त हैं।जब इसकी जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि विभिन्न विभागों के विभिन्न संवर्गों के लिए अबतक नियुक्ति नियमावली ही नहीं बनी है।
ऐसे में हमारी सरकार ने तेज गति से सभी विभागों के सभी संवर्गों के लिए नियुक्ति नियमावली का गठन बहालियों का सिलसिला शुरू किया। अबतक विभिन्न विभागों में रिक्त हजारों पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं और कई पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद जेपीएससी की परीक्षा बिना किसी विवाद के रिकॉर्ड समय में पूरी हुई। आज बीडीओ,सीओ, डीएसपी और अन्य अधिकारी राज्य को अपनी सेवा दे रहे हैं।इससे पहले जेपीएससी की एक परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने कई वर्ष लग जाते थे और हर परीक्षा को लेकर विवाद बना रहता था।लेकिन हमारी सरकार ने जिस निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित की, उसमें बड़ी संख्या में गरीब युवाओं ने अपनी मेहनत की बल पर कामयाबी हासिल की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है।आज देश और विदेश के कई बड़ी कंपनियों में ये नौजवान कार्य कर रहे हैं।वहां वे अपने हुनर और कार्य की बदौलत अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक में 49 प्रस्ताव पर लगी मोहर

## पांच लाख राशन कार्ड धारी की बढ़ेगी संख्या

**डीलर के कमीशन में होगा इजाफा**

रांची (ईएमएस)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में राज्य कैबिनेट की बैठक शुक्रवार को संपन्न हो गई।बैठक में कुल 49 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। राज्य मंत्री परिषद के फैसले के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत राशन लेने वाले लाभुकों की संख्या 20 लाख से बढ़ा कर 25 लाख की गई, इसके साथ ही डीलर का कमीशन 100 रूपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर डेढ़ सौ रुपया कर




दिया गया।राज्य के विभिन्न स्तर के पदाधिकारियों कार्यालाओं के सरकारी वाहन की अनुमान्यता,झारखंड राज्य युवा आयोग प्रक्रिया एवं संचालन अधिनियम 2024 की स्वीकृति,15 वर्ष का कार्य अवधि पूरी कर चुकी सरकारी वाहनों को स्क्रैप किया जाएगा,राजकीय पॉलिटेक्निक साहिबगंज के नए भवन के निर्माण और जीर्णोधार के लिए 45 करोड़ की स्वीकृति, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों में जेनरेटर सेट व कंप्यूटर शिक्षा संचालन की स्वीकृति और सिल्ली में बनेगा डिग्री महाविद्यालय, 59.69 लाख की मिली स्वीकृति समेत कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर कैबिनेट ने अपनी मुहर लगा दी है।

## ब्रह्मोस एयरोस्पेस में अग्निवीरों को मिलेगा आरक्षण

**ऐसा करने वाली पहली प्राइवेट कंपनी**

नई दिल्ली : भारत और रूस के संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने अग्रिवीरों को कंपनी में नौकरियां आरक्षित करने का ऐलान किया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने टेक्निकल एंट्रीज में 15% और प्रशासनिक व सुरक्षा भूमिकाओं में रिक्तियों में 50% आरक्षण की बात कही है। इसके साथ ही ब्रह्मोस एरोस्पेस अग्रिवीरों को नौकरी में आरक्षण देने वाली पहली प्राइवेट कंपनी बन गई है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस भारतीय सशस्त्र बलों की अग्निपथ योजना के तहत नए भर्ती हुए अग्निवीरों को नौकरी में आरक्षण देगी। ये आरक्षण उन पूर्व अग्निवीरों को दिया जाएगा, जिन्होंने सेना में चार साल तक नौकरी की होगी। ब्रह्मोस एयरोस्पेस अपने अलग-अलग क्षेत्रों में कम से कम 15% तकनीकी और सामान्य प्रशासन वैकेंसी में अग्निवीरों को भर्ती करेगा। यही नहीं कंपनी यह भी सुनिश्चित करेगी कि देशभर में अपने अलग-अलग सेंटरों पर आउटसोर्स किए गए सिक्योरिटी और एडमिनिस्ट्रेटिव कामों के लिए कम से कम 50% रिक्तियां अग्निवीरों द्वारा भरी जाएंगी।

## झारखंड दुर्गा पूजा महोत्सव : मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी विधि व्यवस्था की कर रहे समीक्षा

रांची : झारखंड दुर्गा पूजा महोत्सव में विधि व्यवस्था को लेकर मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी समीक्षा बैठक कर रहे हैं. शुक्रवार को यह समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही रही है. इस बैठक में एडीजी अभियान, जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी, प्रमंडलीय आयुक्त, जिले के डीसी और एसपी शामिल हुए हैं. गौरतलब है कि तीन अक्टूबर से राज्यभर में दुर्गा पूजा महोत्सव का आयोजन बड़े पैमाने पर होगा. इस दौरान विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न ना हो, इसको लेकर यह समीक्षा बैठक हो रही है.

**इन बिंदुओं पर हो रही समीक्षा**

दुर्गा पूजा पंडाल का सत्यापन.



विसर्जन की तारीख और जुलुस मार्गो का सत्यापन. जुलूस मार्गो में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों पर की गई सुरक्षा की कार्रवाई. जुलूस मार्गो में रोशनी की व्यवस्था और पब्लिक संबोधन सिस्टम. संयुक्त नियंत्रण कक्ष और आपातकालीन योजना. पुलिस बल की उपलब्धता और प्रतिनियुक्ति. शांति समिति की बैठक की स्थिति. जिले में दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता का सत्यापन. दंगारोधी वाहन और वाटर कैनन का टेस्टिंग. होमगार्ड जवान को कॉलअप करने के संदर्भ में समीक्षा. डीजे और साउंड सिस्टम पर उत्तेजक गाने के प्रयोग संबंधी नीति निर्धारण.

## खान विभाग ने राज्यभर से खनिज की ढुलाई के लिए 14,978 नए डीलरों के आवेदन को दी स्वीकृति

**झारखंड में कुल 17,386 लोगों ने डीलर के लिए दिया था आवेदन**

**17,386 में से 282 आवेदन रिजेक्ट**

रांची : खान विभाग ने राज्यभर के खदानों से खनिज की ढुलाई के लिए 14,978 नए डीलरों के आवेदन को स्वीकृति दी है. नए डीलर के लिए खान विभाग के पास कुल 17,386 आवेदन आए थे, जिसमें 186 की जांच चल रही है. 1847 आवेदनों पर खान विभाग ने आपत्ति जताई है. 113 आवेदन को स्वीकृत करने की प्रक्रिया चल रही है और 282 आवेदनों को रिजेक्ट कर दिया गया है. खनिज ढुलाई में लगे एक लाख एक हजार 85 वाहनों का खान विभाग ने पिन जेनरेट कर दिया है. 11,857 वाहनों का अब तक पिन जेनरेट नहीं हो पाया है. वहीं 952 वाहनों को काली सूची में डाला गया है. खनिजों की ढुलाई में कुल एक लाख 12 हजार 942 वाहन लगे हैं.

**हजारीबाग सर्किल में सबसे अधिक डीलर**

हजारीबाग सर्किल में खनिज ढुलाई के सबसे अधिक डीलर हैं. इस सर्किल में 6133 डीलर हैं. वहीं धनबाद सर्किल में डीलरों की संख्या 3030 है. दुमका में 2379, पलामू में 1869, कोल्हान में 896 और रांची में 1092 डीलर हैं.

**राज्य में सबसे अधिक कोयला के डीलर**

राज्य में सबसे अधिक कोयला के डीलर हैं. धनबाद सर्किल में कोयला डीलरों की संख्या 2328 है. वहीं, दुमका में 536 डीलर, हजारीबाग में 5063, कोल्हान में 114, पलामू में 1322 और रांची सर्किल में कोयला के 652 डीलर हैं.

**झारखंड में 4519 लीजधारक**

झारखंड में छोटे-बड़े खदानों के लीज धारकों की संख्या 4519 है. इनमें से 3446 लीजधारकों की लीज लैप्स हो गया है. फिलहाल 800 लीजधारक ही कार्यरत हैं. वहीं अस्थायी रूप से एक लीजधारक कार्यरत है.

## 'भविष्य की जंग के लिए तैयार करना होगा कैडर'

### सीडीएस बोले- त्वरित निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता

नई दिल्ली : चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को कहा कि भविष्य के रणनीतिक नेताओं को प्रौद्योगिकी-संचालित युद्धक्षेत्र में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता है, जहां समयसीमा तेजी से कम होती जा रही है।
अग्रणी त्रि-सेवा भविष्य युद्ध पाठ्यक्रम के समापन पर अपने संबोधन में जनरल अनिल चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, स्टील्थ प्रौद्योगिकी और हाइपरसोनिक्स में प्रगति और रोबोटिक्स भी भविष्य के युद्धों के चरित्र को निर्धारित करेंगे। पाठ्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक युद्धक्षेत्र की जटिलताओं से निपटने में सक्षम तकनीक-सक्षम सैन्य कमांडरों का एक कैडर तैयार करना है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान



में कहा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की तरफ से व्यक्तिगत रूप से संचालित होने के अलावा, पाठ्यक्रम रैंक-अज्ञेयवादी था, जिसमें प्रतिभागियों की सेवा 13 से 30 साल तक थी। मंत्रालय ने कहा, विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के प्रसार, युद्ध के बदलते स्वरूप और हाल के और चल रहे संघर्षों से सीखे गए सबक के साथ एक गतिशील सुरक्षा वातावरण भविष्य के नेताओं की तैयारी को आवश्यक बनाता है, जो आधुनिक युद्ध की बारीकियों को समझने में सक्षम हों।
पाठ्यक्रम में भविष्य के युद्ध, भविष्य के रुझान, वायु और अंतरिक्ष युद्ध, गैर-गतिज युद्ध, समुद्री संचालन और बहु-डोमेन संचालन से संबंधित प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। जनरल अनिल चौहान ने अपने संबोधन में भविष्य के रणनीतिक नेताओं के लिए प्रौद्योगिकी-संचालित युद्धक्षेत्र में त्वरित निर्णय लेने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, जहां समयसीमा तेजी से कम होती जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि प्रमुख परिणामों में एकीकृत परिचालन अवधारणाएं, बढ़ी हुई संयुक्त बल क्षमताएं, भविष्य के युद्धक्षेत्रों के लिए उन्नत प्रौद्योगिकियां और मजबूत त्रि-सेवा सहयोग शामिल हैं। बयान में कहा गया है कि इससे पाठ्यक्रम प्रतिभागियों को युद्ध के भविष्य का नेतृत्व करने और उसे आकार देने में सक्षम बनाया जा सकेगा, जिससे उभरती चुनौतियों के लिए एकीकृत और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित होगी।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अक्टूबर को हजारीबाग में जनता को करेंगे संबोधित

### तैयारी का जायजा ले रहे हैं पार्टी के नेता

हजारीबाग (ईएमएस)। हजारीबाग में दो अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रस्तावित कार्यक्रम है।इस कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने के लिए असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिश्व शर्मा गांधी मैदान पहुंचे।जहां उन्होंने पंडाल समेत अन्य मुद्दों को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और यहां के भाजपा के नेताओं से वार्ता किया।उन्होंने कहा कि हजारीबाग में दो अक्टूबर को परिवर्तन रैली समाप्त होगी।वही तीन या चार अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी अपना मेनिफेस्टो जारी करेगी और इसके बाद अलग-अलग विधानसभा के उम्मीदवारों की नाम की घोषणा की जाएगी।उन्होंने हजारीबाग में एक बार फिर डेमोग्राफी चेंज को लेकर बड़ा बयान दिया है।उनका कहना है कि जो भी भारत के नागरिक नहीं है उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।इसे लेकर एक फार्मूला भी तय किया गया है। उन्होंने कहा कि अगर हेमंत सोरेन बाहरी लोगों को बाहर का रास्ता अगर दिखाते हैं तो भाजपा इस पर बयान देना भी छोड़ देगी। असम के मुख्यमंत्री ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें डेमोक्रेसी का अर्थ ही नहीं पता है।इस कारण ही वह यह स्वीकार नहीं कर रहे हैं कि झारखंड में आदिवासियों की संख्या में कमी हुई है और दूसरे देश के घुस बैठी राज्य में प्रवेश कर रहे हैं।सीजीएल परीक्षा से जुड़े अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिश्व शर्मा से मुलाकात की।उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में भारी धांधली हुई है।ऐसे में यह परीक्षा रद्द होनी चाहिए।मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वासन दिया कि इसे लेकर पार्टी गंभीर है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### आज से सहरसा और सरायगढ़ के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

हाजीपुर, (ईएमएस)। अगामी पर्व-त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु सहरसा और सरायगढ़ के मध्य आज दिनांक 28 सितंबर से एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन 05570/05569 का परिचालन किया जायेगा। पूर्व मध्य रेल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार जिनका विवरण निम्नानुसार है-गाड़ी सं. 05570 सहरसा-सरायगढ़ एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 28.09.2024 से 31.12.2024 तक सप्ताह में पांच दिन (रविवार एवं गुरूवार को छोड़कर) सहरसा से 17.00 बजे खुलकर 17.18 बजे गढ़ बरुआरी एवं 17.31 बजे सुपौल रूकते हुए 18.20 बजे सरायगढ़ पहुंचेगी। गाड़ी सं. 05569 सरायगढ़-सहरसा एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 29.09.2024 से 01.01.2025 तक सप्ताह में पांच दिन (सोमवार एवं शुक्रवार को छोड़कर) सरायगढ़ से 05.30 बजे खुलकर 05.59 बजे सुपौल एवं 06.11 बजे गढ़ बरुआरी रूकते हुए 06.50 बजे सहरसा पहुंचेगी।इस स्पेशल का परिचालन गाड़ी सं. 12567/12568 सहरसा-पटना-सहरसा राज्यरानी एक्सप्रेस के रेक द्वारा किया जायेगा अर्थात इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित इकॉनोमी श्रेणी का 01 कोच, एसी चेयरकार का 03 कोच, साधारण श्रेणी के 16 कोच तथा एसएलआरडी के 02 कोच सहित कुल 22 कोच होंगे।

### 01 अक्टूबर से गाड़ी सं. 03340 गया पटना मेमू पैसेंजर का जहानाबाद से पटना के मध्य ठहराव समय में बदलाव

हाजीपुर, (ईएमएस)। गाड़ी सं. 03340 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल का 01.10.2024 से जहानाबाद और पटना के मध्य ठहराव समय में परिवर्तन किया जा रहा है। दिनांक 01.10.2024 से गाड़ी सं. 03340 गया-पटना मेमू पैसेंजर स्पेशल 16.53 बजे के बजाए 16.58 बजे जहानाबाद पहुंचकर 17.00 बजे आगे के लिए प्रस्थान कर 17.09 नदौल, 17.18 बजे तारेगना, 17.45 बजे पुनपुन सहित विभिन्न स्टेशनों/हाल्टों पर बदले हुए समय सारणी के अनुसार रूकते हुए 18.15 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

### 02 से 10 अक्टूबर तक बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग से

हाजीपुर, (ईएमएस)। बिलासपुर मंडल के बीरसिंहपुर स्टेशन पर तीसरी लाईन के कनेक्टिविटी के कमीशनिंग हेतु एनआई कार्य के मद्देनजर बरौनी और गोंदिया के मध्य परिचालित की जाने वाली गाड़ी सं. 15231/1232 बरौनी-गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस का परिचालन अप एवं डाउन दिशा में दिनांक 02.10.2024 से 10.10.2024 तक बरौनी-कटनी-उस्लापुर (बिलासपुर)-गोंदिया के बजाए परिवर्तित मार्ग बरौनी-कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट-गोंदिया के रास्ते परिचालित की जाएगी।

### 100 रुपये के लिए हुआ विवाद महिला की मौत

मुंगेर (ईएमएस)। मुंगेर जिले के वासुदेवपुर थाना क्षेत्र में 100 रुपये के विवाद में खौफनाक घटना हो गई। यहां पड़ोसियों के बीच हुए झगड़े में 40 साल की कंचन देवी की हत्या कर दी गई। घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं।जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला टिकारामपुर गांव का है। मृतक कंचन के पुत्र सुमन कुमार ने बताया कि गांव के नरेश महतो के पुत्र प्रिंस कुमार के साथ 100 रुपये कर्ज को लेकर विवाद और गाली गलौज हुआ था। इसके बाद दोनों के बीच मारपीट हुई थी, फिर मामला शांत हो गया। इस लेकर दोनों के बीच शाम को फिर से विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच लाठी डंडे और ईंट पत्थर चले, जिसमें कंचन देवी को गंभीर चोट लगी। परिजनों ने बताया कि कंचन के बेटे सोनू ने 100 रुपये प्रिंस से उधार लिए थे, उन पैसों को नहीं लौटाया था। प्रिंस ने सोनू के बड़े भाई को कॉल कर 100 रुपये मांगे।इस लेकर सुमन और प्रिंस के बीच गाली गलौज हुआ और मारपीट हुई। इसके बाद मामला शांत हो गया। देर शाम फिर दोनों पक्षों के बीच गाली गलौज करने लगीं।आरोपियों ने घर में घुसकर ईंट से हमला कर दिया। इस बीच रुचि देवी ने ईंट चला दी, जो मृतका कंचन देवी को लगी, जिससे उनकी मौत हो गई। इस घटना में मृतका के पति बेचन महतो, नेपाल महतो, वकील महतो, सोनू कुमार, सुमन कुमार, दीपक देवी सहित एक अन्य महिला को चोट लगी है।

### स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव एसी बोगी का पूरा शीशा टूट

पटना (ईएमएस)। बिहार के समस्तीपुर में जयनगर से दिल्ली जा रही स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (12561) पर एक शख्स के द्वारा पथराव करने का मामला आया है। इस दौरान एक एसी बोगी का पूरा शीशा टूट गया। वहीं, पैंट्री कार का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद आरपीएफ की टीम जांच में जुट गई है।स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 08:55 में समस्तीपुर से जैसे खुली, प्लेटफार्म पर मौजूद एक शख्स ने ट्रेन पर पथराव कर दिया। इसके बाद ट्रेन रुक गई। घटना की जानकारी मिलने पर आरपीएफ की टीम ट्रेन में जांच करने के लिए मौके पर पहुंची। जांच के बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया। ट्रेन में हुए क्षतिग्रस्त शीशे को मुजफ्फरपुर में ठीक किया गया।आरपीएफ इंस्पेक्टर ने बताया, जांच में ये बात सामने आई है कि प्लेटफॉर्म पर मौजूद एक पागल शख्स ने स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस पर पथराव किया था, जिसका सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पागल को स्टेशन से भगा दिया गया है।वैसे रेलवे एक-एक बिंदु पर जांच में जुटी है।

### पुलिस भी नहीं सुरक्षित, नवादा में बदमाशों से पिट गई पुलिस

नवादा (ईएमएस)। बिहार के नवादा में पुलिस के साथ मारपीट हुई है। घटना कहुआरा गांव के पास की है। मारपीट का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में डायल 112 की टीम की गाड़ी है। सड़क पर तीन पुलिस वाले और 4-5 लोगों में कुछ बहस होती दिख रही है।इसके बाद लोग पुलिस के ड्राइवर को पीटने लगते हैं। दरोगा और एक महिला पुलिस कर्मी उन्हें बचाने की कोशिश करते हैं। तभी लोग पुलिस वालों को भद्दी-भद्दी गालियां देते भी सुना जा सकता है। इसके बाद 2 लोग दरोगा से मारपीट करने लगते हैं। पुलिस वालों को पहले खेत में लोग डंडे, लात-घूंसे से मारते दिखाई देते हैं। फिर रोड पर लेटा कर डंडे से मारते हैं। इस दौरान पुलिस कर्मी किसी तरह खुद को बचाते हुए गाड़ी में बैठता है। इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से शेयर हो रहा है।दरअसल डायल 112 की पुलिस टीम पर कुछ बदमाशों ने हमला कर दिया। उनकी पहचान कर ली गई है। मामले में 2 लोगों को नामजद अभियुक्त और अन्य को अज्ञात बताकर आरोपित बनाया गया है।बताया जाता है कि डायल 112 की पुलिस गाड़ी जा रही थी। तभी कुछ लोगों ने पुलिस को गाली दी। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने गाड़ी रोककर बदमाशों से पूछा। इस पर विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस ड्राइवर को एक युवक ने थप्पड़ मार दिया। इस दौरान दोनों तरफ से मारपीट शुरू हो गई। सभी लोग एक साथ मिलकर पुलिस टीम पर टूट गए और लाठी से मारना शुरू कर दिया।

### नीतिश के मंत्री के स्टाफ कर्मी का मोबाइल छीनकर भागे बदमाश

पटना (ईएमएस)।पटना में नीतिश कुमार के मंत्री नीरज कुमार बबलू के कर्मी कुणाल कुमार का मोबाइल, बाइक सवार स्नैचरों ने झपट लिया। मामला, सचिवालय थाने में दर्ज किया गया है। कुणाल करीब साढ़े दस बजे अपना काम खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। विकास भवन के पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाश आए। कुणाल ने बताया कि मैंने सोचा कोई जान पहचान का होगा। मैं कुछ समझ पाता इसके पहले बदमाश ने मेरे शर्ट की पैकेट से मोबाइल झपटते हुए फरार हो गए।वहीं, दूसरी ओर पटना के सचिवालय थाना क्षेत्र में निर्वाचन विभाग के अधिकारी राजीव कुमार के साथ मारपीट हुई है। अधिकारी ऑफिस से अपने घर जा रहे थे। अधिकारी के साथ उनकी गाड़ी में उनका भाई भी था। अधिकारी की कार दूसरे कार में सट गई। इसके बाद दूसरे कार सवार बदमाश ने अधिकारी और उनके भाई के साथ गाली-गलौज के साथ मारपीट भी की। मामला, सचिवालय थाना में दर्ज कराया गया है।दोनों ही घटना सचिवालय थाना क्षेत्र की है। दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज हुई है। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों के बताए लोकेशन के आसपास लगे कैमरे का फुटेज खंगाला जा रहा है। ताकि अपराधियों की पहचान हो सके।

# बेहतर सुविधा एवं पर्यटक स्थलों तक आसान पहुंच प्रदान कर पूर्व मध्य रेल द्वारा दिया जा रहा पर्यटन को बढ़ावा

हाजीपुर, (ईएमएस)। पर्यटन के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व पर्यटन दिवस हर साल मनाया जाता है। इसका उद्देश्य पर्यटन के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, और आर्थिक महत्व को जागरूक करना है। पर्यटन ही वो माध्यम है जिससे अलग- अलग कल्चर से लोगों को जुड़ने और जानने का मौका मिलता है। इसमें रेलवे की अहम् भूमिका होती है। पूर्व मध्य रेल प्रमुख पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक केंद्रों को सेवित करती है जिनमें वैशाली, बोधगया, राजगीर, पाटलिपुत्र, पटना, नालंदा, सीतामढ़ी तथा पारसनाथ आदि प्रमुख हैं। पूर्व मध्य रेल के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार भविष्य में पर्यटकों को उच्च स्तरीय सुविधा प्रदान करने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पूर्व मध्य रेल के 92 रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्रा सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए कार्य विभिन्न चरणों में है। इस योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ स्टेशनों का विकास किया जा रहा है। इसमें स्टेशन फसाड, सर्कुलेटिंग एरिया, वेटिंग हॉल, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधायें, प्रसाधन, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, चौड़े फुट ओवर ब्रिज (एफ.ओ.बी.), पार्किंग एवं हरित ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरण अनुकूल भवन इत्यादि अत्याधुनिक सुविधाओं में विस्तार हेतु योजना तैयार की गई है तथा चरणबद्ध तरीके से उनका कार्यान्वयन किया जा रहा है। यात्री आवश्यकताओं के मद्देनजर बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, एग्जीक्यूटिव लाउन्ज एवं अन्तर्राश्ट्रीय मानक के अनुरूप साइनेज का प्रावधान आदि सम्मिलित है। पर्यटकों की सुविधा के लिये स्टेशनों पर टूरिस्ट डिस्प्ले बोर्ड लगाये जा रहे हैं।

वैशालीः विश्व के प्रथम गणराज्य और बौद्ध तीर्थस्थल के लिए सुप्रसिद्ध वैशाली एक अति प्राचीन शहर है और वर्तमान में बिहार राज्य का एक महत्वपूर्ण जिला है। वैशाली बौद्ध और जैन दोनों धर्मों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल हुआ है। पर्यटकों की आसान पहुंच के लिए राजधानी पटना से हाजीपुर होते हुए वैशाली को रेल नेटवर्क से जोड़ा गया है।

बोधगयाः बोधगया, कुशीनगर, लुंबिनी और सारनाथ बौद्ध धार्मावलंबियों के लिए चार सबसे महत्वपूर्ण तीर्थस्थल हैं। बिहार राज्य के गया जिले में स्थित बोधगया बौद्धों के लिए महत्व रखता है, यहीं पर भगवान बुद्ध को महान पीपल (बोधि) वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। इस पवित्र स्थान पर भव्य महाबोधि मंदिर है और इसके परिसर में भव्य बोधि वृक्ष हैं। पटना और कोलकाता सहित भारत के अन्य शहरों से ट्रेन द्वारा बोधगया पहुँचा जा सकता है। गया में विष्णुपद मंदिर है, जहां तीर्थयात्री पितृ पक्ष के दौरान अपने पूर्वजों को पिंडदान करने के लिए एकत्र होते हैं।

राजगीरः बिहारशरीफ स्टेशन से लगभग 01 घंटे की दूरी पर स्थित राजगीर भारत में एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है और अपनी मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। स्थित है। भारत के कई स्थानों से राजगीर तक ट्रेन द्वारा पहुँचा जा सकता है।

पटनाः जो कभी गौरवशाली और प्राचीन शहर पाटलिपुत्र था, आज गंगा के दक्षिणी तट पर स्थित बिहार की राजधानी पटना एक आधुनिक शहर । गंगा के उपजाऊ किनारों पर बसा पटना एक समृद्ध और प्राचीन विरासत रखता है। प्राचीन भारत में पाटलिपुत्र के नाम से प्रसिद्ध यह शहर दुनिया के सबसे पुराने बसे शहरों में से एक माना जाता है । गोलघर, पटना म्यूजियम, कुम्हरार, हर मंदिर तख्त जैसे कई पर्यटक और धार्मिक/सांस्कृतिक तौर पर महत्वपूर्ण स्थल हैं।

पावापुरीः महत्वपूर्ण जैन तीर्थस्थल, जलमंदिर बिहार के पावापुरी में स्थित है। जलमंदिर को जैन भक्तों द्वारा अत्यधिक पूजनीय माना जाता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि यह वह स्थान है जहाँ भगवान महावीर ने अंतिम सांस ली थी। इसे जैन संप्रदाय के इस अंतिम तीर्थंकर का अंतिम संस्कार स्थल माना जाता है।

नालंदाः दुनिया के सबसे प्राचीन विश्वविद्यालयों में से एक का केंद्र, यह बोधगया से लगभग 62 किलोमीटर और पटेरिया से लगभग 90 किलोमीटर दक्षिण में है। प्रसिद्ध चीनी विद्वान ह्वेनसांग द्वारा अपने लेखन में विस्तृत वर्णन किया गया है। अपने लेखन में ह्वेनसांग ने नालंदा में प्रचलित उत्कृष्ट शैक्षिक प्रणाली और मठवासी जीवन की शुद्धता की प्रशंसा की। नालंदा में पटना, बोधगया और कोलकाता से रेल संपर्क सहित कई रेल संपर्क हैं।

पारसनाथः एक प्राचीन पर्वत शिखर है और पारसनाथ पर्वत श्रृंखला में स्थित है। यह भारत के झारखंड राज्य के गिरिडीह जिले (ब्रिटिश भारत में हजारीबाग जिला) में छोटानागपुर पठार के पूर्वी छोर पर स्थित है। इस पहाड़ी का नाम पार्श्वनाथ के नाम पर रखा गया है, जो 23वें जैन तीर्थंकर थे और जिन्हें यहीं मोक्ष प्राप्त हुआ था । लगभग 1365 मीटर की ऊँचाई पर स्थित पारसनाथ झारखंड राज्य का उच्चतम पर्वत शिखर है। पहाड़ी पर संगमरमर का जैन मंदिर है जिसे जल मंदिर के नाम से जाना जाता है। पारसनाथ रेलवे स्टेशन से आसानी से यहां पहुँचा जा सकता है।

पटना साहिबः तख्त श्री पटना साहिब जिसे तख्त श्री हरिमन्दिर जी के नाम से भी जाना जाता है, एक गुरुद्वारा है। इसे सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी के जन्मस्थान की याद में बनाया गया था। पटना साहिब या तख्त श्री हरिमन्दिर जी साहिब का वर्तमान मंदिर काफी आकर्षक है। निकटतम रेलवे स्टेशन पटना साहिब है।

बक्सरः बक्सर किला बिहार राज्य के बक्सर में स्थित एक किला है। इस किले की स्थापना राजा रुद्र देव ने की थी। यह शहर अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है।

थानाविहपुर स्टेशनः थानाविहपुर स्टेशन से 3 किलोमीटर की दूरी पर प्रसिद्ध मांगन शाह की दरगाह है। साल में एक बार यहाँ उर्स का मेला लगता है। लगभग पूरे भारतवर्ष से लोग यहाँ चादर चढ़ाने के लिए आते हैं। वैशाली की चर्चित नगरवधू आम्रपाली ने इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवाया था, जो कि बछवारा-हाजीपुर रेल खण्ड में स्थित महनार गांव की रहने वाली थी।

सोनपुरः एशिया के सबसे बड़े पशु मेला के रूप में विख्यात हरिहर क्षेत्र मेला कार्तिक पूर्णिमा के समय प्रत्येक वर्ष सोनपुर में गंगा और गंडक के संगम पर आयोजित होता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन लाखों श्रद्धालु यहाँ पवित्र स्नान कर बाबा हरिहरनाथ के मंदिर में जल चढ़ाते हैं। रेलवे की ओर से भी एक बड़े परिसर रेल ग्राम में अपने सभी विभागों की गतिविधियों एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित की जाती हैं।

दिघवाराः माँ अम्बिका भवानी मंदिर (आमी) दिघवारा रेलवे स्टेशन से पश्चिम की दिशा में लगभग 4 किमी की दूरी पर स्थित है। एन.एच.-19 के बगल में स्थित यह मंदिर माँ दुर्गा की शक्तिपीठों में से एक है। यहाँ पूजन दर्शन हेतु सालों भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। शारदीय नवरात्र एवं रामनवमी के अवसर पर यहाँ मेला लगती है जिसमें भारी भीड़ उमड़ती है।

इन पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त पूर्व मध्य रेल द्वारा सेवित क्षेत्र में और भी पर्यटक स्थल हैं। इन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक तथा तीर्थयात्री आते रहते हैं। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि पूर्व मध्य रेल पर पर्यटन सदैव पर्यटकों के लिये एक सुखद एवं आनन्ददायक अनुभव रहा है। उन्नत यात्री सुविधा, सुविधाजनक एवं समयानुसार तीव्र गति की ट्रेनों का संचलन, सुसज्जित प्रतीक्षालयों एवं विश्रामालयों की व्यवस्था, ट्रेनों में एवं प्लेटफार्मों पर उच्च स्तरीय खानपान का प्रबन्ध तथा यात्री की सेवा में लगे कर्मचारी पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की प्रमुख विशेषतायें हैं, जो पर्यटकों की यात्रा को चिरस्मरणीय बनाती है।

# तेजस्वी यादव की आभार यात्रा का जवाब समागम से देगी जदयू

### 27 से हो रही शुरू, 38 जिले में करेगी कवर, जनवरी में होगा समापन

पटना,(ईएमएस)। आरजेडी की कार्यकर्ता आभार यात्रा के जवाब में अब जदयू कार्यकर्ता समागम करेगी। इसकी शुरुआत शुक्रवार 27 सितंबर से मुजफ्फरपुर से हो रही है। तीन महीने तक चलने वाली यह समागम यात्रा का समापन 20 जनवरी 2025 को नालंदा में किया जाएगा। समागम का नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मनीष वर्मा करेंगे। चार महीनों में राज्य के सभी 38 जिलों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे और फीडबैक भी लेंगे।कार्यकर्ता समागम



में पंचायत से लेकर प्रखंड और जिला स्तर के कार्यकर्ता, पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे। बंद कमरों में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद मनीष जिलों में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में भी घूमेंगे। यहां पार्टी के पदाधिकारियों के साथ अलग से मुलाकात करेंगे। मनीष एक जिले में दो दिनों तक रहेंगे। इस दौरान वे पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के अलावा इलाके के बुद्धिजीवियों से भी मिलेंगे। वे उनसे विधायकों के फीडबैक से लेकर सरकार की योजनाओं पर भी चर्चा करेंगे। समागम के बाद वे शिकायत या सुझाव की जानकारी सीएम नीतीश कुमार के साथ साझा करेंगे। बता दें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पहले ही कार्यकर्ता आभार यात्रा निकाल रहे हैं। चरणबद्ध तरीके से वे राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में जाएंगे। पहले चरण में समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी और मुजफ्फरपुर में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर चुके हैं। तेजस्वी इस यात्रा में केवल कार्यर्ताओं से मिल रहे हैं। वे उनसे विधानसभा चुनाव को लेकर फीडबैक ले रहे हैं। वीवीआईपी नेताओं को तेजस्वी की इस यात्रा से दूर रखा गया है।

## छात्र को पश्चिम बंगाल में धमकी, बिहार पुलिस के पत्र पर बंगाल पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

पटना, (ईएमएस)। बिहार से दूसरे राज्यों में गए छात्रों पर अत्याचार की खबरें आए दिन सुर्खियां बनती रहती हैं. ताजा मामला पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी का है, जहां बिहार से परीक्षा देने गए एक छात्र को बांग्ला पक्खो नामक कट्टरपंथी संगठन के सदस्य ने धमकाया। पीड़ित ने एक्स हैंडल पर बिहार पुलिस को टैग किया. इसके बाद बिहार पुलिस ने बंगाल पुलिस को वीडियो के साथ टेग कर दिया, जिस पर बंगाल पुलिस ने एक्शन लिया और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की. ये पत्र बिहार के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने पश्चिम बंगाल के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर को लिखा है. पत्र के जरिए उन्होंने बंगाल पुलिस से बिहार के छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है. दरअसल बिहार के छात्र एसएसबी भर्ती परीक्षा देने सिलीगुड़ी गए थे. इस दौरान बांग्ला पक्खो नामक कट्टरपंथी संगठन के लोगों ने छात्रों को धमकाते हुए कहा कि बिहार से बंगाल में क्यों आते हो. इससे जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था, जिसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए बिहार पुलिस ने बंगाल पुलिस को सोशल मीडिया पर टैग कर आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया. इसके बाद पश्चिम बंगाल की सिलीगुड़ी पुलिस हरकत में आई और आरोपी की पहचान कर उसे चंद घंटों में ही हिरासत में ले लिया गया. पश्चिम बंगाल पुलिस ने बिहार पुलिस को जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक बिहारी छात्रों को धमकाने के मामले में आरोपी रजत भट्टाचार्य को हिरासत में लिया गया है. इसी ने सिलीगुड़ी में परीक्षा देने गए बिहारी छात्रों को धमकाया था. रजत भट्टाचार्य बांग्ला पक्खो नाम के कट्टरपंथी संगठन का सदस्य है. आरोपी से सिलीगुड़ी थाने की पुलिस पूछताछ कर रही है.

## कट्टरपंथी संगठन बांग्ला पक्खो ने की बिहार के छात्रों के साथ बदसलूकी

पटना,(ईएमएस)। पश्चिम बंगाल में बिहार के छात्रों के साथ बदसलूकी और मारपीट का मामला गरमा गया है। मामले में बिहार पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बंगाल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। सिलीगुड़ी में एसएसबी की भर्ती परीक्षा देने गए बिहार के छात्रों को धमकाने वाले कट्टरपंथी संगठन बांग्ला पक्खो के सदस्य रजत भट्टाचार्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। बंगाल पुलिस ने रजत भट्टाचार्य के अलावा एक और आरोपी को भी हिरासत में लिया है।बिहार के छात्रों के साथ दुर्व्यवहार और धमकाने का वीडियो सामने आया है जिसमें ये लोग छात्रों से पूछ रहे हैं, बिहार का होकर तुम लोग बंगाल में क्यों नौकरी करने आए हो? बताया गया है कि यह कट्टरपंथी संगठन पहले से ही पश्चिम बंगाल में हिंदी में लिखे साइनबोर्ड को मिटाने का काम करता था। रजत भट्टाचार्य और उसके साथियों ने बिहार के छात्रों से उनके कागजात मांगते हुए उन्हें धमकी दी कि अगर वे नहीं दिखाते हैं, तो उनकी पिटाई की जाएगी। उन्होंने छात्रों को जेल भेजने की धमकी भी दी और उन्हें उठक-बैठक लगाने को मजबूर किया, साथ ही उन्हें जल्द से जल्द बिहार वापस लौटने की चेतावनी दी। यह घटना पश्चिम बंगाल में बिहारी छात्रों के प्रति बढ़ती असहिष्णुता और सामाजिक तनाव को दर्शाती है, जो कि राजनीति के लिए चिंता का विषय बन गई है। अब देखना यह होगा कि बंगाल सरकार इस मामले में क्या कदम उठाती है और बिहार के छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या प्रयास किए जाएंगे।

### अमेजन और फ्लिपकार्ट के नाम पर साइबर ठगों द्वारा की जा रही धोखाधड़ी, तीन जालसाज गिरफ्तार

गया, (ईएमएस)। अगर आप भी घर बैठे ऑनलाइन शॉपिंग कर रहे है तो सावधान हो जाइए। कहीं आप साइबर अपराधियों के निशाने पर तो नहीं है। अमेजन और फ्लिपकार्ट के नाम पर साइबर ठगों द्वारा लोगों को लाखों का चूना लगाने की बात सामने आई है। भारी ऑफर का लालच देकर साइबर अपराधी अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी ऑनलाइन कंपनियों में शॉपिंग करने वाले ग्राहकों को अपना शिकार बनाते हैं। दरअसल बिहार की गया पुलिस ने साइबर गिरोह में शामिल तीन साइबर फ्रॉड को गिरफ्तार किया है। मामला ऐसा है कि ऑनलाइन ऑर्डर का सामान तो कंपनी ग्राहकों को भेज देती है, लेकिन वह सामान ग्राहक को न मिलकर साइबर ठगों के पास वह पार्सल पहुंच जाता है। एसएसपी आशीष भारती ने साइबर जालसाज गिरोह का खुलासा किया है। गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के एक गांव रेगनिया से इन साइबर जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि सूचना पर विशेष टीम का गठन कर निर्माणाधीन मकान में छापेमारी कर तीन को गिरफ्तार किया है, वहीं दो जालसाज फरार हो गया है। तलाशी के दौरान निर्माणाधीन मकान से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, सोने के सिक्के जैसा दिखने वाला धातु, साइबर फ्रॉड से संबंधित हिसाब वाली दो कॉपी सहित कई कागजात बरामद किए गए है। पुलिस जाँच में ये पता चला है कि साइबर अपराधी ग्राहकों को भारी ऑफर का लालच देकर उसे एनी डेस्क, डी मार्ट एप इंस्टाल कर पेमेंट करवाता था। पेमेंट हो जाने के बाद ग्राहक का ऑर्डर किया हुआ सामान साइबर अपराधी अपने पते पर मंगवा कर उसे अपने प्रयोग में लाता था, वहीं कई सामानों को बेच कर वे पैसा बांटते थे। मोबाइल जांच के दौरान महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना के 2-2 ग्राहक सहित कई लोगों के साथ ठगी के साक्ष्य मिले हैं।

## स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट ट्रेन पर पथराव, एसी कोच के शीशे टूटे

समस्तीपुर, (ईएमएस)। गुरुवार रात बिहार के मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेलखंड पर समस्तीपुर स्टेशन के आउटर सिग्नल पर स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन पर कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया। इस घटना में ट्रेन के एसी कोच के शीशे टूट गए। घटना रात करीब पौने 9 बजे की बताई जा रही है। पथराव के चलते ट्रेन के अंदर बैठे कुछ रेल यात्रियों को चोट भी लगने की खबर है। उन यात्रियों का उपचार समस्तीपुर में ही कराया गया। इस घटना के चलते समस्तीपुर में करीब पौन घंटे ट्रेन रुकने के बाद आगे मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुई। बताया गया है कि ट्रेन समस्तीपुर से खुलने के बाद जैसे ही आउटर सिग्नल पर पहुंची कि उस पर पथराव शुरू हो गया। अचानक हुए पथराव से ट्रेन के अंदर मौजूद यात्रियों में दहशत फैल गई। यह घटना तब हुई जब जीआरपी की एस्कॉर्ट पार्टी ट्रेन के अंदर मौजूद थी। घटना की सूचना मिलने पर आरपीएफ एवं जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। पथराव के कारण पैंट्री कार समेत उसके बगल के ए-वन और बी-2 कोच के शीशे टूट गए। साथ ही कई स्लीपर कोच की खिड़कियों पर भी पत्थर लगे थे। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस के आगे निकली डिब्रूगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस पर भी पथराव की चर्चा है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। इस संबंध में सोनपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विवेक भूषण सूद ने कहा कि पथराव करने वालों की पहचान की जा रही है। साथ ही उनकी पहचान होने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। फ़िलहाल ये पता नहीं चल पाया है कि रात के वक्त ट्रेन पर पथराव करने के पीछे क्या मंशा थी ?

# भारी बारिश का अलर्ट, कहीं 2019 वाली हालत न हो जाए

### बिहार के 13 जिलों में येलो और 4 जिलों में ऑरेंज अलर्ट

पटना, (ईएमएस)। बिहार के लोगों को वर्ष 2019 का सितंबर महीना याद होगा जब 28, 29 और 30 सितंबर को हुई भारी बारिश ने पटना समेत बिहार के अन्य जिलों में बाढ़ जैसे हालात पैदा कर दिया था। एक बार फिर वही हालात दिख रहे हैं। दरअसल मौसम विभाग ने पटना समेत बिहार के कई जिलों में 27 और 28 सितंबर को बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बिहार के 17 जिलों में अगले 24 घंटे के लिए मध्यम से भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। बिहार के 13 जिलों में येलो और 4 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। इस दौरान 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। वहीं एक बार फिर से कई नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। कटिहार में गंगा और कोसी नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। बिहार के अधिकांश जिलों में बारिश



की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 3 अक्टूबर के बाद मानसून की विदाई हो सकती है। आपको बता दें कि इस बार बिहार में सामान्य से 28 प्रतिशत कम बारिश हुई है। सितंबर तक कुल 968।78 मिमी बारिश होनी है। अबतक 701।2 मिमी बारिश हुई है। वहीं गुरुवार को 24 घंटे में करीब 34।1 एमएम बारिश दर्ज की गयी। लगातार बारिश होने से शहरों के तापमान में कमी आयी है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान अनुसार बारिश का सिलसिला अभी दो-तीन दिनों तक चलता रहेगा। मौसम विभाग ने पटना समेत बिहार के मोतिहारी, बेतिया, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया व किशनगंज जिले में झोंके के साथ तेज हवा का प्रवाह व अति भारी वर्षा को लेकर ओरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

### इन जिलों में भी बारिश का येलो अलर्ट

इसके अलावा मधुबनी, दरभंगा, बांका, जमुई, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, भोजपुर, बक्सर में भारी बारिश होने वाली है। इसको देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि बक्सर, भोजपुर, भभुआ, रोहतास, औरंगाबाद और अरवल के साथ ही उत्तर बिहार के सभी 19 जिलों के अधिकांश जगहों पर तेज से अति तेज बारिश होने वाली है। पटना सहित शेष सभी जिलों में मध्यम से तेज बारिश होने वाली है। जमुई, बांका, भोजपुर, बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद, अरवल, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, मधुबनी और दरभंगा में गरज चमक के साथ ठनका भी गिरने की संभावना है। इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

# संपादकीय
## कोयलांचल संवाद

## सुसाइड कैप्सूलः आत्महत्या या इच्छा मृत्यु की वैधानिक सुविधा

हाल ही में स्विट्जरलैंड में सुसाइड कैप्सूल के माध्यम से आत्महत्या ने पूरी दुनिया में एक गहरा विवाद खड़ा कर दिया है। इस कैप्सूल का निर्माण नीदरलैंड्स की कंपनी ने किया है। यह केप्सूल स्विट्जरलैंड के मरियानेज की बुडलेरी स्ट्रीट के पास स्थित है। एक 64 वर्षीय अमेरिकी महिला की इच्छा मृत्यु ने इस आत्महत्या और कैप्सूल को चर्चाओं में ला दिया है। क्या ऐसे उपकरणों का उपयोग मानवीय मूल्यों और नैतिकता के अनुकूल है। सुसाइड कैप्सूल एक उन्नत तकनीकी उपकरण है। जिसमें इच्छामृत्यु की इच्छा करने वाला व्यक्ति स्वेच्छा से कैप्सूल के भीतर बैठ जाता है। दरवाजा बंद कर एक बटन दबाते ही कुछ मिनटों के भीतर कैप्सूल में नाइट्रोजन गैस फैल जाती है। जिससे व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इस तरह से मृत्यु बिना किसी दर्द या पीड़ा के होती है। इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है। जो जल्द और शांतिपूर्ण ढंग से जीवन को समाप्त कर देता है। अमेरिकी मे महिला की मृत्यु के बाद स्विट्जरलैंड की पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस का दावा है, कंपनी के कुछ अधिकारियों और सेवा से जुड़े व्यक्तियों ने महिला को शांतिपूर्ण ढंग से आत्महत्या के लिए प्रेरित किया था। इस घटना के बाद नैतिकता,कानून,और चिकित्सा क्षेत्र में इच्छा मृत्यु को लेकर गहरी बहस छिड़ गई है। स्विट्जरलैंड में इच्छामृत्यु को कानूनी मान्यता प्राप्त है। परंतु इस मामले ने एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। दुनिया के अधिकांश देशों में इसे वैध नहीं माना है। विशेषज्ञों का कहना है, ऐसे उपकरणों के प्रयोग के लिए कठोर कानूनी और नैतिक दिशा निर्देश आवश्यक हैं। जीवन समाप्त करने का यह माध्यम उन मरीजों के लिए सहायक हो सकता है। जो गंभीर पीड़ा और लाइलाज बीमारियों से जूझ रहे हैं। स्विट्जरलैंड की इस घटना ने पूरे विश्व में इच्छा मृत्यु को लेकर नई बहस को जन्म दिया है। कुछ लोग इसे मानवीय और चिकित्सा दृष्टि से उचित ठहराते हैं। वहीं दूसरी ओर इसे अनैतिक और गैरकानूनी मानते हैं। सरकारों और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े जिम्मेदरों को इस विषय पर स्पष्टता से समग्र निर्णय लेने की आवश्यकता है। पिछले 4 दशक मे चिकित्सा के क्षेत्र में व्यवसायिकता देखने को मिल रही है। कृत्रिम उपचार के माध्यम से किसी तरह से बीमार व्यक्ति को लंबे समय तक जिंदा रखा जाता है। इस प्रक्रिया में उसे शारीरिक और मानसिक कष्ट से गुजारा जाता है। किसी भी दृष्टि से उसे जीवित रखा जाता है। चार दशक पहले चिकित्सक इस तरह के मामले में स्वाभाविक प्रक्रिया के तहत मरीज को प्राकृतिक तरीके से देखरेख और उपचार करके उसे जिंदा रखने की कोशिश करते थे। शारीरिक संरचना में जब मरीज भोजन करने में असमर्थ हो जाए, औषधि का उसके ऊपर असर खत्म हो जाए, बीमारी से निजात पाने की कोई संभावना न हो। ऐसी स्थिति में प्राकृतिक मृत्यु की क्रिया से गुजरा जाता था। इसमें शरीर को असाध्य कष्ट नहीं होता था। पिछले 4 दशकों में जो उपकरण चिकित्सा के क्षेत्र में उपयोग में लाये जा रहे हैं। कुछ ऐसी औषधि हैं जो शरीर के किसी एक अंग को लंबे समय तक जिंदा रख पाती है। उसके सहारे मरीज को शारीरिक और मानसिक कष्ट से अस्पतालों में गुजरा जाता है। मरीज के परिवार जनों से इलाज के नाम पर काफी पैसा अस्पतालों द्वारा कमाई की जाती है। भारत जैसे देश में साधु-संतों और जैन धर्म के लोगों में समाधि और संलेखना के माध्यम से इच्छा मृत्यु का चलन है। इस तरह की इच्छा मृत्यु से बाहरी शारीरिक कष्ट नही होता है। शारीरिक रूप से जो शरीर ग्रहण कर सकता है। उसको लेते हुए वह धीरे-धीरे शरीर को निष्क्रीय करते हुए स्वाभाविक मृत्यु का वरण करता है। भारत में स्वाभाविक प्राकृतिक मौत की यह प्रक्रिया घर-घर में प्रचलित थीएँ जब भी कोई असाध्याय बीमारी से ग्रसित होता था, उम्र पूरी हो जाने के बाद जब शारीरिक अंग कमजोर हो जाते थे। तब स्वाभाविक रूप से बिना किसी कष्ट के मृत्यु के वरण करने का तरीका भारत में विकसित था। पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा के क्षेत्र में जो लूट देखने को मिल रही है। उपकरणों की सहायता से मरीज को असाध्य कष्ट पहुंचाते हुए कृत्रिम रूप से लंबे समय तक जिंदा रखने की कोशिश की जाती है। वह पूरी तरह से अब अव्यवहारिक, क्रूर एवं अप्राकृतिक है। सुसाइड कैप्सूल समस्याओं को और बढ़ाएगा। हताश लोगों को आसानी से मृत्यु का एक माध्यम मिल जाएगा।

## सड़क सुरक्षा जरुरी है

**डॉ अंकिता मिश्रा**

सड़क सुरक्षा आज के समय में उतना ही जरुरी हो गया है जितना खुद को किसी बीमारी से बचाने के लिए स्वस्थ रहना। रोड सेफ्टी हर देश के हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। सड़क सुरक्षा का अर्थ है सड़क पर चलते हुए नियमों और दिशा-निर्देशों का पालन करना ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और जीवन को सुरक्षित बनाया जा सके। लेकिन इस बढ़ती आबादी, बढ़ते यातायात, बढ़ती गाड़ियों की संख्या, बढ़ती लापरवाही, बढ़ता मानसिक टेंशन और सड़क पर गाड़ियों की तेज गति के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे आये दिन भारी संख्या में हर रोज लोग अपनी जान गंवा रहे हैं।यातायात के सभी नियमों का पालन करते हुए सड़क पर सुरक्षित रूप से वाहनों को चलाना ही सड़क सुरक्षा है। चार पहिया वाहन चलाते समय ड्राइवर को सीट बेल्ट जरूर पहनना चाहिए और स्पीड लिमिट को ध्यान में रखते हुए ही ड्राइव करना चाहिए। बाइक या स्कूटी वाहन चालकों को हेलमेट जरूर पहनना चाहिए और स्पीड लिमिट का भी ध्यान रखना चाहिए। पैदल चलने वाले और साइकिल इस्तेमाल करने वाले लोगों को सड़क किनारे बनी फुटपाथ पर ही चलना चाहिए। जब रेड लाइट हो जाये और सभी वाहन रुक जाये तभी पैदल यात्री को जेब्रा क्रासिंग से रोड क्रॉस करना चाहिए।रोड पर वाटर बॉटल्स और कचरा भी नहीं फेकना चाहिए क्योकि इससे भी रोड एक्सीडेंट होते हैं। पैदल चालकों को रोड पर हमेशा अपने बायीं ओर से ही चलना चाहिए। रोड पर वाहन चालकों को ये बात ध्यान रखनी चाहिए कि भीड़ वाली जगह पर गाड़ी हमेशा धीमी गति से चलाना चाहिए। कभी भी अल्कोहल पीकर ड्राइविंग नहीं करनी चाहिए और ड्राइविंग करते समय मोबाइल पर बात नहीं करनी चाहिए। ट्रैफिक सिग्नल का पालन जरूर करना चाहिए और उसका मतलब भी जानना चाहिए जैसे रेड लाइट वाहनों के रुकने का संकेत होता है, येलो लाइट संकेत देता है कि आप तैयार रहें और ग्रीन लाइट चलने का संकेत देता है।सड़क सुरक्षा मुहीम एक सामूहिक जिम्मेदारी है जो कि केवल सरकार और पुलिस का काम नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करे। हमें समझना होगा कि हमारी छोटी सी लापरवाही किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसलिए, सड़क पर यात्रा करते समय हमेशा सतर्क रहें और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। इस प्रकार, हम न केवल अपने जीवन को सुरक्षित रख सकते हैं बल्कि दूसरों के जीवन को भी बचा सकते हैं।

## हिंदी में विज्ञान - संचार की जरुरत

**संजय गोस्वामी**

विज्ञान का अर्थ है विशेष ज्ञान। हम प्रकृति में उपस्थित विभिन्न वस्तुओं की प्रकृति और उनके व्यवहार ,गुण आदि के बारे में अध्ययन करते हैं उसी को ही विज्ञान कहते है। आज विज्ञान मनुष्य के जीवन का एक अंग बन गया है। विज्ञान के लाभ के साथ-साथ कुछ हानियां भी हैं, जिससे पर्यावरण प्रभावित होता है। विज्ञान ने आज हमारा जीवन अधिक आसान और आरामदायक बना दिया है। राज भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति और संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिंदी विश्व की संभवतः सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे दुनिया भर में समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं। यह विश्व में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है, जो हमारे पांरपरिक ज्ञान, प्राचीन सभ्यता और आधुनिक प्रगति के बीच एक सेतु भी है। हिंदी भारत संघ की राजभाषा होने के साथ ही ग्यारह राज्यों और तीन संघ शासित क्षेत्रों की भी प्रमुख राजभाषा है। संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल अन्य इक्कीस भाषाओं के साथ हिंदी का एक विशेष स्थान है।

# बदलती लाइफ स्टाइल से नींद की कमी एक बड़ी चुनौती

**दिलीप कुमार पाठक**

स्वस्थ शरीर के लिए विशेषज्ञ स्लीप साइकल को ठीक रखने पर विशेष जोर देते हैं, इसमें सोने-जागने के निर्धारित समय और नींद की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी जाती है नींद की गुणवत्ता का संपूर्ण स्वास्थ्य पर असर देखा जा सकता है। तमाम अध्ययनों में पाया गया है कि जिन लोगों की नींद पूरी नहीं होती है, उनमें कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के विकसित होने का जोखिम अधिक होता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं नींद की गुणवत्ता के साथ इसकी अवधि का ख्याल रखना भी बहुत आवश्यक है, अक्सर लोगों की स्लीप साइकल में एक बड़ी समस्या देखी गई है, कई लोगों को रात में देर तक जगने की आदत होती है। यह आदत भले ही सामान्य लगती हो, पर सेहत पर इसके कई प्रकार से नकारात्मक असर हो सकते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को रात में 6-8 घंटे की नींद लेने की सलाह दी जाती है। इसके लिए रात में 10 से सुबह 6 बजे तक सोने के समय को सबसे गुणवत्तापूर्ण नींद वाला माना जाता है, हालांकि अक्सर देखने को मिलता है कि अधिकतर लोग रात में 12-1 बजे सोते हैं। यह आदत आपकी स्लीप साइकल को बिगाड़ देती है, जिससे नींद पूरी न होने के कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने का खतरा हो सकता है। देर से सोने वाले लोगों में स्वाभाविक रूप से सुबह देर से उठने की भी आदत होती है, इस कारण से अक्सर ऐसे लोगों के लिए सुबह के समय व्यायाम कर पाना कठिन हो जाता है। हेल्थ प्रमोशन एंड क्रॉनिक डिजीज प्रिवेंशन जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने पाया कि देर से सोने वाले लोगों में अन्य लोगों की तुलना में गतिहीन जीवनशैली की समस्याएं भी अधिक देखने को मिलती हैं, जिसका संपूर्ण सेहत पर बहुत नकारात्मक असर हो सकता है।

आजकल नींद की कमी से परेशानियां बहुत आम हो गई हैं। ख़ासकर युवाओं में डिप्रेशन अवसाद की बीमारियां डेरा जमा चुकी हैं। देश में युवाओं का एक बड़ा वर्ग अवसाद से ज्यादा परेशान है। जिन्हें इसकी समस्या होती है, ऐसे लोग अपनी तरह की दुनिया बना लेते हैं..। हमारे आसपास के लोग समझ नहीं पाते..। मेरा मानना है पहले आप अपनी जरूरतें पूरी करिए फ़िर आप ज़माने के लिए सोचिए जब आपके अंदर ही एक कोलाहल है तो आप दुनिया के लिए क्या ही लड़ पाएंगे! मुझे सम्बन्धित व्यक्ति के बारे में ज़्यादा पता नहीं है लेकिन इस उम्र में डिप्रेशन का कारण ज्यादातर भविष्य की चिंता ही होती है। सबसे पहले आप खुद को स्थायित्व दीजिए बाद में ज़माने के लिए सोचिए। अभी कुछ दिनों पहले पढ़ा इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ग्राहम थोर्प ने डिप्रेशन की वज़ह से आत्महत्या कर ली। भला इंग्लैंड के इतने बड़े क्रिकेटर को ऐसी क्या समस्या थी कि उन्होंने खुद को ऐसे खत्म कर दिया?? जाहिर है अंदर एक कोलाहल रहा होगा जो उन्हें अपने साथ ले गया..। वैसे भी पैसे ज़रूरतों से ज़्यादा मानसिक सुकून बहुत आवश्यक है।

मैंने बहुत सालों से अनुभव किया है, हमारे समाज में या दुनिया में जिस तरह की लाइफस्टाइल को लेकर आकर्षण है, मुझे लगता है कुछ सालों बाद आधी दुनिया अवसाद में होगी। आज हर तीसरा आदमी अपनी टेंशन में डूबा हुआ है। एक-दूसरे से आगे निकलने की जद्दोजहद, असीमित सामाजिक दबाव... अवसाद के कई कारण होते हैं, लेकिन नींद की कमी भी एक महत्वपूर्ण कारण है। अब आधी दुनिया रात में सोती नहीं है, जबकि बहुत आवश्यक हो तो हो देर रात जागना चाहिए। वैसे भी नींद का जीवन में अपना एक महत्त्व होता है, इसके दुष्प्रभाव जल्दी पहिचान में नहीं आते, बल्कि धीरे-धीरे नींद की कमी गम्भीर समस्या बन जाती है ; और आज आधी से ज़्यादा युवाओं की आबादी इसकी गिरफ़्त में है। अब तो देर रात तक जगने का फैशन बन चुका है। रात में जागने के बाद जिम जाकर शरीर फुलाने से क्या हासिल होता है?? योग व्यायाम की जगह जिम करने की अंधी दौड़ भी युवाओ को परेशानी में डाल रही है। सेहत को लेकर ऐसी लापरवाही कई बीमारियों को जन्म देती हैं स्वस्थ रहने के लिए कम से कम 7-8 घंटे की नींद सोना चाहिए। इससे कम सोने वाले लोगों को मोटापा, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द आदि की समस्याओं से जूझना पड़ता है अगर आप भी ये गलती करते हैं, तो आपको बता दें कि आप अपनी सेहत के साथ कितना बड़ा खिलवाड़ कर रहे हैं। पर्याप्त नींद नहीं लेने से आयु कम होती है। दक्षिण कोरिया में 16 सालों तक किए गए एक शोध के अनुसार जो लोग रात में ज्यादा देर जागना पसंद करते थे, उन्हें कम उम्र में ही अपनी जान से हाथ गंवाना पड़ा। जो लोग रात में ज्यादा देर तक जागते हैं, उन्हें मेमोरी लॉस, डिसीजन मेकिंग आदि में समस्या का सामना करना पड़ता है। देर से सोने वाले लोगों में मूड स्विंग भी देखे जा सकते हैं।

मैंने अब तक बहुत से चिकित्सकों से परामर्श लिया है, उन्होंने जिम जाने की बजाय योग, व्यायाम को सही बताया है। जबकि जिम जाने के अनेकों साइड इफेक्ट हैं। अतः सबसे पहले अपनी दिनचर्या में परिवर्तन करते हुए रात में जल्दी सो जाएं रात सोने के लिए ही बनाई गई है, सुबह सूरज उगने से पहले उठ जाएं, सुबह योग, व्यायाम करने के बाद जल्दी नहाकर फ्रेश हो जाएं..उगते हुए सूरज को देखिए, सुबह चिड़ियों को देखिए, डिप्रेशन से आप पूर्णतः विजयी तो नहीं होंगे फ़िर भी आप आगे के लिए खुद को बेहतर कर पाएंगे। जब आपका मूड फ़्रेश होगा तो आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं। जो अच्छा लगे वो कीजिए। समाने वाला जो करता है वही मुझे करना है इस धारणा से खुद को बचाकर रखिए..। अगर ये रात में अनावश्यक जागने का फैशन ट्रेंड में रहा तो देखिएगा दुनिया की आधी आबादी स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों से घिरी होगी। और यह समस्या बड़ी विकराल होगी...नींद की कमी से भी अवसाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। अपने घर परिवार आसपास लोगों को बताइए नींद का महत्त्व समझाएं, मैं ऐसे कितने लोगों को जानता हूँ जो रात में अनावश्यक जगते रहते थे, मेरे समझाने के बाद जल्दी सोने लगे हैं, योग, व्यायाम को तरजीह देने लगे हैं.। हालांकि कईयों के अवसाद का कारण आंतरिक समस्याएं भी हो सकती हैं, अतः आप चिकित्सकों का मार्गदर्शन लें, क्योंकि अवसाद को पूरी तरह से ठीक करने के लिए डॉक्टर की आवश्यकता होती है.

# राहुल गाँधी की नागरिकता पर संदेह

( लेखक - राकेश अचल / ईएमएस ) | भारत अजूबा देश है। यहां जो होता है किसी अजूबे से कम नहीं है । अघोषित अधिनायकवाद के बावजूद यहाँ हर तरह की आजादी है । आप किसी को भी गाली दे सकते हैं । किसी को भी देश का आतंकी नंबर वन कह सकते हैं। और किसी को भी पाकिस्तान जाने की सलाह दे सकते हैं,और तो और आप माननीय अदालतों का भी वक्त जाया करने के लिए बे-सर-पैर की याचिकाएं लगा सकते हैं। आज मुझे जब दूसरे किसी विषय पर लिखना था,मै भारत के इस अजूबे स्वभाव के बारे में लिख रहा हूँ । आज मेरे सामने भी वे राहुल गाँधी हैं जिनका भूत पूरी भाजपा और माननीय नेताओं के सर पर चढ़कर दिन-रात बोलता है । क्या आपको अजूबा नहीं लगता कि जिस देश में सरकार के मंत्री राहुल गांधी को देश का आतंकी नंबर वन कहते हैं उसी देश में सरकार राहुल गांधीको संसद की रक्षा मामलों की स्थाई समिति का सदस्य भी बना देती है। दरअसल सरकार और भाजपा ही तय नहीं कर पा रही है की राहुल गांधी हैं क्या ? अब राहुल गाँधी से परेशान ,हलकान लोग उनकी नागरिकता पर सवाल उठा रहे है। सरकारी पार्टी कि ही एक नेता ने राहुल गांधी का पासपोर्ट जब्त करने की मांग अपनी ही सरकार से की है। राहुल गाँधी की नागरिकता को चुनौती देने वाले सुब्रमण्यम स्वामी जी है। दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग पर गृह मंत्रालय को फैसला करने का आदेश देने की मांग करने वाली भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी की याचिका पर सुनवाई टाल दी है. कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस मामले पर अगर इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है तब हम सुनवाई नहीं कर सकते. हाईकोर्ट ने एएसजी चेतन शर्मा को निर्देश दिया कि वो इलाहाबाद हाईकोर्ट में इस मामले पर चल रही सुनवाई का स्टेटस रिपोर्ट कोर्ट को बताएं. मामले की अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी। चूंकि स्वामी जी भाजपा के नेता हैं इसलिए आप ये मान सकते हैं कि उनकी याचिका के पीछे भाजपा भी है। स्वामी जी बच्चे नहीं हैं,वे रवीनद्र बिट्टू की तरह पुराने कांग्रेसी भी नहीं है। स्वामी जी 84 साल के अनुभवी और विद्वान नेता हैं। हिन्दू राष्ट्रवादी नेता एवं सनातन धर्म के प्रचारक हैं। वे जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रह चुके हैं। वे सांसद के अतिरिक्त 1990-91 में वाणिज्य, कानून एवं न्याय मंत्री और बाद में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार आयोग के अध्यक्ष भी रहे। 1994-96 के दौरान विश्व व्यापार संगठन के श्रमिक मानकों के निर्धारण में उन्होंने प्रभावी भूमिका निभायी। लेकिन वे भी राहुल गाँधी के पीछे हाथ धोकर पड़े हुए हैं। राहुल भारत के नागरिक हैं या नहीं ,ये सवाल करने का स्वामी जी को पूरा हक है। उनके पास इसके पक्ष में दलीलें भी है। बेहतर होता कि वे जिस पार्टी के नेता हैं उस पार्टी की सरकार के सामने पहले ये मामला उठाते और जब सरकार नहीं सुनती तब अदालत का दरवाजा खटखटाते। स्वामी जी अपनी फजीहत खुद करा रहे है। जाहिर है कि उन्होंने पार्टी फोरम पर राहुल गाँधी का ये मुद्दा जरूर उठाया होगा और पार्टी है कमान से ही हरी झंडी मिलने के बाद वे अदालत गए होंगे । ये भी मुमकिन है कि सरकार और भाजपा ने स्वामी जी को ध्यान से सुना ही न हो इसलिए स्वामी जी सीधी लड़ाई लड़ना पड़ रही है है। राहुल गांधी की नागरीकता को चुनौती देने वाले डॉ स्वामी अकेले नहीं हैं। कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर भी इस मुद्दे को लेकर इलाहबाद हाईकोर्ट की शरण में हैं और मजे की बात ये है कि सब कुछ जानते हुए भी इलाहाबाद हाईकोर्टकोर्ट ने गृह मंत्रालय से स्पष्टीकरण मांगा है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बुधवार को केंद्र से पूछा कि क्या उसने नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत दायर उस अभ्यावेदन पर कोई निर्णय लिया है जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने के आरोपों की जांच कराने का अनुरोध किया गया है। जनहित याचिका में याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि उसने गांधी के ब्रिटिश नागरिक होने के मुद्दे पर विस्तृत जांच की है और उसे कई नई जानकारियां मिली हैं। याचिकाकर्ता ने गांधी की ब्रिटिश नागरिकता के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी। आपको बता दूँ कि राहुल गांधी की नागरिकता पर सवाल खड़े करते हुए अदालत में याचिका दायर की गई थी। इसी साल जुलाई में याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने इसे खारिज कर दियाथा। अदालत ने कहा था कि याचिकाकर्ता को पहले सक्षम प्राधिकारी के पास शिकायत करनी चाहिए।यह मामला लोकसभा स्पीकर ओम बिडला तक भी पहुंचा है। अदालत में दाखिल याचिका का हवाला देते हुए ओम बिडला से मांग की गई है कि राहुल गांधी को तबतक संसद सदस्य के रूप में कार्य करने की अनुमति न दी जाए, जब तक गृह मंत्रालय की तरफ से इस मामले का निपटारा न कर दिया जाए। याचिका में यह भी सवाल किया गया है कि राहुल गांधी किस अधिकार के तहत लोकसभी सदस्य के रूप में काम कर रहे हैं।लेकिन दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बने ओम बिड़ला भी इस मामले पर फैसला नहीं ले पाए। दिल्ली है कोर्ट ने सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए 09 अक्टूबर की तारीख तय की।चीफ जस्टिस मनोनीत मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के वकील से इलाहाबाद हाईकोर्ट के समक्ष इस मुद्दे पर लंबित याचिका की प्रति प्राप्त करने को कहा।अदालत ने मौखिक रूप से टिप्पणी की कि मामले में आगे बढ़ने से पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट में लंबित याचिका के बारे में स्थिति जानना न्याय के हित में होगा। आपको याद होगा कि पहले भाजपा सरकार राहुल गाँधी कि लोकसभा कि सदस्यता भी बहाने से छीन चुकी है ,लेकिन बीच में सर्वोच्च न्यायालय के आने से पिछली सर्कार को मुंह कि खाना पड़ी थी । भाजपा इससे पहले राहुल की जाती पर भी सवाल खड़े कर चुकी है लेकिन राहुल द्वारा खड़े किये जाने वाले किसी भी सवाल का जबाब देने से भाजपा और उसके नेता हमेशा कतराते रहते हैं। राहुल कि जाति पूछने वाले भी भाजपा के ही एक पूर्व मंत्री और वर्तमान संसद अनुराग ठाकुर थे। दुनिया जानती है कि राहुल गाँधी कि गर्भनाल दिल्ली में ही है ,अर्थात वे जन्म से ही भारतीय नागरिक हैं। अब कोई माने या न माने ये अलग बात है। राहुल कि नागरिकता को चुनौती देने वाले तमाम भाजपाइयों को पता है कि नई दिल्ली में जन्मे गांधी ने अपना बचपन नई दिल्ली और देहरादून के बीच बिताया उन्होंने नई दिल्ली में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की और फिर दून स्कूल देहरादून में जाकर विशेष सभी लड़कों के बोर्डिंग सेंट स्टीफेन्स कॉलेज में अध्ययन किया। सुरक्षा समस्याओं के कारण, बाद में उन्हें घर पर रहकर ही पढ़ना पड़ा । गांधी ने सेंट स्टीफेन्स कॉलेज में अपनी स्नातक की डिग्री प्रारंभ की और फिर हार्वर्ड विश्वविद्यालय गए। अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी हत्या के बाद सुरक्षा खतरों के कारण, उन्होंने रोलिंस कॉलेज में फ्लोरिडा में अपनी डिग्री पूरी की। उन्होंने एम.फिल. कैम्ब्रिज से प्राप्त की। उनकी किसी डिग्री को उस तरह से चुनौती नहीं दी गयी जिस तरह कि मौजूदा प्रधानमंत्री कि डिग्रियों को दी जा सकती है। अब जनता को तय करना है कि राहुल गाँधी से आतंकित भाजपा नेता माननीय अदालतों का वक्त खराब कर रहे हैं या नही। भाजपा को भी ये स्पष्ट करना होगा कि वो स्वामी और दूसरे भाजपाइयों कि याचिकाओं के साथ है या नहीं ? वैसे जिस ढंग से सर्कार ने राहुल गांधी को लोकसभा के रक्षा मामलों कि स्थाई समिति का सदस्य बनाया है उसे देखकर नहीं लगता कि सर्कार राहुल को भारतीय नागरिक नहीं मानती। जहाँ तक मुझे याद आता है कि भाजपा में शामिल हो चुके पूर्व मुख्य न्यायसदिश रजब गोगोई के जमाने में भी सुप्रीम कोर्ट इस मामले को ख़ारिज कर चुकी है।अब देखना है कि तीसरी बार सत्ता में आयी भाजपा राहुल को देश से बाहर निकल पाती है या नहीं ।

# फ़ितरती मानव के रोम- रोम में अहंकार , मानव को करुणा की दरकार

**नरेंद्र भारती**

फितरती मानव के रोम - रोम में अहंकार भरा हुआ है मानव को करुणा की दरकार है 1 अहंकार किसी का नहीं रहा अहंकारी ओंधे मुँह गिरे हैं अहंकार का सिर नीचा होता है 1 इतिहास साक्षी है की अहंकार में डूब चुके मानव एक दिन गुमनाम हो जाते हैं 1 गुमनामी के अँधेरे में जीने वाले लोगों को उजाला क्या मिला अपनी औकात ही भूल गए 1 फ़ितरती लोग बहुत ही घातक होते हैं इनका कोई दिन मान नहीं होता स्वार्थ खत्म पहचान खत्म फ़ितरती लोगों की यही पहचान है 1 स्वार्थ के लिए कुछ भी कर सकते हैं 1जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामथ्र्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी।मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोडना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए।कहते अपने ही काम आते है मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है कुते बिस्किट खा रहे है मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल की कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है प्रतिदिन शराब,मांस ,मदिरा का प्रयोग कर रहा है। इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते है मगर दुख में साथ छोड देते है ,आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इन्कार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। अतः प्रत्येक इन्सान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है।यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यो के लिए समाज उसे युगों युगों तक याद रखता है।ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए पुनीत कार्यो से अमर हो जाता है। ईमानदारों की मिसालें दी जाती है। ईमानदारी के रास्तें में मुसीबते बहुत है लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है उसे करोडों रुपयों से भी हासिल नहीं किया जा सकता।ईमानदार आदमी पहले दुसरों का भला सोचता है कि कौन असली जरुरतमंद है।ईमानदार समाज के हित में अपना जीवन सर्मपित कर देता है। कहते है ईमानदारी से कमाया पैसा बरकत देता है।ईमानदारी एक अच्छी नीति है।आज ईमानदार लोगों की खिल्ली उडाई जाती है।ईमानदारों के खिलाफ पड़यंन्त्र रचे जाते है मगर ईमानदारों पर आंच नहीं आती।वर्तमान समाज में ईमानदारी पर बेईमानी हावी होती जा रही है मगर बेईमानी औधें मुह गिर जाती है।सांच को आंच नहीं आती।ईश्वर भी ईमानदारों का साथ देता है। कहते है कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए भले ही आदमी कितनी ही उंचाईयां छू लें। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए ,प्रत्येक मानव का आदर -सत्कार करना चाहिए। जीवन एक बार बार-बार नहीं मिलता है, समाज में बेईमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है अन्धेर नहीं है।आदमी को समय से डरना चाहिए क्योकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए।हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए क्योकि सच्चाई की सदा जीत हुई है।यह अटल सत्य है।समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए।मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए। क्योकि जो आदमी भेदभाव करता है वह मानवता के नाम पर कलंक है।समय बहुत ही बलवान है वक्त के थपेडों से कोई नहीं बच पाया है।आधुनिक युग का गिरगिट इंसान दूसरों को अंधेरे में रखकर लोमड़ी की तरह चालाक बनने की कोशिश करता है। मगर कितनी भी चालाकियां कर लो गिरगिटो वक्त हिसाब जरुर मांगेंगा तब तुम पछताओगे दया की भीख मागोगें मगर तब तक पाप का धड़ा भर चुका होगा।दया, दुआ काम नहीं आएगी क्योकि आपने कर्म ही ऐसे किए है कि माफी के लायक नहीं है।निजि स्वार्थो की खतिर दूसरों की बलि दी है।खुदगर्जी के लिए सपनों को रौंदा है।जीवन को नरक व भविष्य को अंधकार बनाया है। किसी को अंधरें में रखेगें तो एक समय ऐसा आएगा कि अंधेरे में दिखना शुरु हो जाएगा।यह एक सच्चाई है।गिरगिटो चालाकियों की उम्र ज्यादा नहीं होती। कब तक चालाकियां करोगे। प्रतिभा को कोई नहीं दबा सकता।प्रतिभा को कोई नहीं दबा सकता।प्रतिभा किसी की मोहजात नहीं होती।कितने रास्ते बंद करोगे।हम तो दरिया है हमें अपना हुनर मालूम है जिस तरफ भी चल पड़ेगें रास्ता हो जाएगा।गिरगिटो दरिया को रोकने की कोशिश मत करना अगर दरिया ने अपना रौद्र रुप दिख दिया उस दिन तुम्हारा नामोनिशान मिट जाएगा।वजूद नेस्तनाबूद हो जाएगा धराशायी हो जाओगे।हम सच्चे व इरादों के पक्केइंसान है चंद कागज के टुकड़ों चमक व चांदी की सिक्कों की खनक के आगे अपना ईमान गिरवी नहीं रख सकते। गिरगिटों अपने नीच कर्मो को सुधारो ताकि समाज में एक नए युग का सूत्रपात हो सके।अगर कर्म नहीं सुधारे तो भगवान तुम्हे मिटटी में मिला देगा। स्वाभिमान हमारा श्रृंगांर है।कर्म ही पुजा है।हम ईमानदारी से अपना कर्म कर रहे है।ईमान की रोटी कमाते है।मेहनत करके पसीना बहाते है।आज भले ही तुम रिश्वत व तलवे चाटकर सफल हो चुके हो मगर एक दिन तुम्हे औकात दिखा देगें कि तुम्हारी असलियत क्या है।आज तुम उपदेश देते हो।अतीत भूल गए।अतीत की परछाईयां मरते दम तक नहीं छोडेगी क्योकि कर्मो की सजा जरुर मिलेगी।नैतिकता का पाठ पढाते हो और अनैतिक कर्म करते हो। समय बलवान है भगवान सजा जरुर देगा।आज अपनों को पहचानने से कतरातें हो।एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता? आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग है जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे। मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिए क्योकि अगर तुम अच्छा करोगे अच्छाई ही मिलेगी दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगीं।अभावग्रस्त लोगों की सहायता करनी चाहिए।भूखे को रोटी खिलाओं,जरुरतमंदो की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।हमेशा अच्छा करोगे तो अमर हो जाओगे। एक महात्मा ने कहा था की अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत करो किसी को मत सताओ।पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है। पैसा ही सब कुछ नहीं होता मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते है अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है।वक्त बदलते देर नही लगती इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए।ताकि विपतीयो का अहसास होता रहे। वर्तमान परिवेश में मानव इतना स्वार्थी व मौकापरस्त होता जा रहा है कि खुद को खुदा से उपर समझने लगा है। आज वह भगवान के साथ छल -कपट तक करने से नहीं चुकता मगर जब उसकी मार पडती है तो होश ठिकाने आ जाते हैं। ऐसे लोगों के आदमियों की पहचान नहीं होती कि कौन अच्छा है कौन बुरा है। आज चापलूस लोगों का बोलबाला हो गया है लेकिन खुदा सब देख रहा है समय ने करवट बदली और उनका भाग्य भी बदल गया लेकिन वह लोग अपनी औकात भूल गये कि एक समय ऐसा भी था कि उनके पास एक जोडी कपडे होते थे।खाने के लाले पडे होते थे। आज अच्छे दिन आ गये तो अपनों को भूल गये और हवा में उडने लगें लेकिन असली व नकली पंखों में फर्क होता है कार-कोठी को ही जीवन का लक्ष्य मान अन्य लोगो कों को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे व्यक्तियों की पोल आखिकार खुल जाती है, समाज में आत्मकेन्द्रीत लोगों का जमावडा बढता जा रहा है ऐसे लोग सिर्फ अपनों के सिवाय दूसरों का अच्छा नहीं कर सकते ऐसे लोग जानवरों से भी बदतर हैं।एक पत्थर सिर्फ एक बार मंदिर जाता है और भगवान बन जाता है इंसान हर रोज मंदिर जाते है फिर भी पत्थर ही रहते हैं प्रत्येक इन्सान का एक स्वाभिमान होता है उसे बनाए रखना चाहिए भले ही कितनी ही विपति आ जाए अपना स्वाभिमान बरकरार रखना चाहिए मानव को अपने स्वाभिमान के आसू हर जगह नहीं बहाने चाहिए।जीवन में हम अनेक सुख-दुख देखते है,परन्तु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है दूसरों को अपनी सामथ्र्य के अनुसार दीजिए ,खासकर उन्हे जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हे दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेगें कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी मंहगी होगी।मानव नंगा आता है नंगा ही चला जाता है इस संसार में जो पैदा हुआ है उसे एक दिन इस नश्वर संसार को छोडना ही है आधुनिक युग में जीवन मूल्यों में गिरावट समाज में विष घोल कुंठा उत्पन्न कर रही है तनिक लाभ के लिए लोग अपना जमीर बेच रहे हैं। मानव को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए।कहते अपने ही काम आते है मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है कुते बिस्किट खा रहे है मगर मानव भूख से त्रस्त है क्या मजाल की कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है प्रतिदिन शराब,मांस ,मदिरा का प्रयोग कर रहा है। इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है। सुख में तो सभी साथ होते है मगर दुख में साथ छोड देते है ,आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इन्कार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। अतः प्रत्येक इन्सान की जितनी सहायता हो सके करनी चाहिए। ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है।यह एक शाश्वत सत्य है। ईमानदार आदमी द्वारा समाज के लिए निस्वार्थ भाव से किए गए महान कार्यो के लिए समाज उसे युगों युगों तक याद रखता है।ईमानदार आदमी अपने मानवता के लिए किए पुनीत कार्यो से अमर हो जाता है। ईमानदारों की मिसालें दी जाती है। ईमानदारी के रास्तें में मुसीबते बहुत है लेकिन ईमानदारी से किए गए कार्यों के बाद जो खुशी होती है उसे करोडों रुपयों से भी हासिल नहीं किया जा सकता।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बी एस एल के स्टील फाउंड्री शॉप में वर्टीकल लेडल प्री हीटर का उपांतरण



बोकारो : शुक्रवार को स्टील फाउंड्री शॉप में उपान्तरित वर्टीकल लेडल प्री हीटर का उद्घाटन मुख्य महा प्रबंधक (शॉप्स ) जे वी शेखर, के द्वारा किया गया. इस मौके पर महा प्रबंधक (शॉप्स) पी पी सिंह , जे हांसदा ,संजय कुमार , सुनील कुमार के साथ वरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे. वर्टीकल लेडल प्री हीटर का उपांतरण शॉप्स अनुरक्षण के अनिल कुमार, वरीय प्रबंधक एवं अशोक कुमार मीणा, सहायक प्रबंधक की टीम के द्वारा किया गया. उपान्तरित वर्टीकल लेडल प्री हीटर के उपयोग से लेडल की लाइफ बढ़ाने तथा दोषमुक्त कॉस्टिंग करने में काफी मदद मिलेगी।

### भारतीय रेड क्रॉस समिति ने एसडीएम सह समिति के उपाध्यक्ष, राजेश कुमार का किया स्वागत

धनबाद, शुक्रवार को पदेन उपाध्यक्ष भारतीय रेडक्रास समिति सह एसडीएम धनबाद राजेश कुमार से उनके कार्यालय में भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद के कार्यकारिणी ने उनका स्वागत बुके देकर किया एवं भारतीय रेड क्रॉस समिति के हित में पूर्ण रूपेण सहयोग की मांग की गई। जिस पर उपाध्यक्ष ने प्रमुखता से सहयोग का आश्वासन दिया।इस मौके पर भारतीय रेड क्रॉस समिति की ओर से कार्यकारिणी अध्यक्ष,कौशलेंद्र कुमार सिंह,उपाध्यक्ष, धनेश्वर महतो, संयुक्त सचिव, दिलीप सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्य सह सलाहकार कार्यकारिणी अध्यक्ष कुमार मधुरेन्द्र सिंह,कोषाध्यक्ष, श्वेतांबर पाठक, नोडल ब्लड डोनेशन, बेनजीर परवीन तथा नोडल वाहन, अनिल कुमार भगत एवं आजीवन सदस्य बालेश्वर प्रसाद और जगजीत सिंह भी मौजूद थे।

### एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने लिया पदभार

धनबाद, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष सिन्हा ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर उनका स्वागत किया।मौके पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर कार्यालय के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की शिकायत

#### समस्याओं के निष्पादन हेतु अधिकारियों को दिए निर्देश



धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।जनता दरबार में मुख्यतः पेंशन, अनुकंपा में बहाली, जमीन विवाद संबंधी, पारिवारिक विवाद, ऑनलाइन रसीद, मुआवजा, सड़क निर्माण, रोजगार, आर्म लाइसेंस, अवैध कब्जा, साइबर क्राइम, जाति प्रमाण पत्र, मुखिया पर मनमानी समेत अन्य समस्याओं से अवगत हुए।उपायुक्त ने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा।

# नई सोच, नई दिशा संवाद कार्यक्रम का आयोजन









बोकारो : बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र के मेन ऑडिटोरियम में संयंत्र के शीर्ष प्रबंधन के साथ इस्पात कर्मियों का "नई सोच- नई दिशा" नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन आज 27 सितम्बर को संपन्न हुआ. कार्यक्रम में बीएसएल के निदेशक प्रभारी बी के तिवारी, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं अतिरिक्त प्रभार सामग्री प्रबंधन) सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन, अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक (माइंस ) जयदीप दासगुप्ता, बीजीएच के प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी बी करुणामय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.संवाद कार्यक्रम के आरंभ में निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस्पात कर्मियों को सुरक्षा शपथ दिलाई. संवाद कार्यक्रम के तहत जन संपर्क विभाग की श्रीमती मोनिका तथा ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र से श्रीमती सीमा ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बीएसएल के उत्पादन, उत्पादकता, उपलब्धियों और संबन्धित पहलुओं की नवीनतम जानकारी, इस्पात उद्योग परिदृश्य इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला.निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने उद्बोधन में सभी को सकारात्मक और नवोन्मेषी सोच विकसित करने की अपील की तथा पूरी निष्ठा एवं मनोयोग से संयंत्र की प्रगति के लिए योगदान करने का सन्देश दिया ताकि सेल सभी पैमानों पर नंबर01 बन सके. उन्होंने कहा कि इस्पात उद्योग के तेज़ी से बदलते दौर में बीएसएल प्रतिस्पर्धा में बने रहते हुए अपने प्रदर्शन के स्तर को और भी बेहतर बनाने के प्रति सक्षम और प्रतिबद्ध है.कार्यक्रम में उत्पादन, उत्पादकता और वित्तीय प्रदर्शन के अलावा सुरक्षा और नवाचार जैसे पहलुओं पर भी चर्चा हुई. परिचर्चा खण्ड में प्रतिभागियों ने भी कार्यप्रणालियों में बेहतरी और अन्य प्रासंगिक विषयों पर अपने सुझाव वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष रखे. कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग से वरीय प्रबन्धक सुश्री प्रीति कुमारी ने किया.

## वी 7 बेसिक कोर्स" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




बोकारो : मानव संसाधन के लर्निंग और डेवलपमेंट विभाग में "सिमेटिक विन सी सी एक्स्प्लोरर वी7 बेसिक कोर्स " पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 24 -28 सितम्बर तक के लिए सीमेंस के विशेषज्ञ और अनुभवी फ़ैकल्टी श्री चेतन कांबले के सहयोग से किया जा रहा है. कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से कुल 15 प्रशिक्षणार्थी शामिल हुए हैं.कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे लर्निंग & डेवलपमेंट विभाग की महा प्रबन्धक श्रीमती डी आर टोप्पो, श्री एम तिवारी एवं श्री बी के सिंह उपस्थित थे. सर्वप्रथम श्री एस के डी भौमिक, कनीय प्रबंधक ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी.लर्निंग और डेवलपमेंट विभाग की महा प्रबन्धक श्रीमती डी आर टोप्पो ने सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रबंधक (लर्निंग और डेवलपमेंट विभाग) एस के डी भौमिक ने किया. कार्यक्रम के आयोजन मे लर्निंग और डेवलपमेंट विभाग के वरीय ओपरेटिव राकेश कुमार, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह तथा इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद बाउरी का सराहनीय योगदान रहा.

## दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व को देखते हुए धनबाद एक्सपो डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन शनिवार को



धनबाद, दुर्गापूजा और दशहरा पर्व को लेकर धनबाद में एक बार फिर धनबाद एक्सपो डिजनीलैंड मेला धनबाद के जिला परिषद मैदान में शुरू होने जा रहा है। मेला का उद्घाटन 28 सितंबर 2024 दिन शनिवार को होगा, जिसका उद्घाटन धनबाद के जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह एवं पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल अन्य शाम 6 बजे करेंगे।उक्त जानकारी आज मेला प्रबंधक रंजीत साहा, अवध बिहारी एवं बिपलव चक्रवर्ती, पगड़ी बाबा ने प्रेस वार्ता के दौरान कोयलांचल संवाद अखबार के ब्यूरो चीफ, को दी ।उन्होंने बताया की मेला रोजाना संध्या 4 बजे से शुरू होगा, जो रात्रि 10 बजे तक चलेगा।मेले में बच्चे और बड़ों के लिए कई तरह के झूले लगाये गये है, जिसमें ब्रेक डांस, टोरा टोरा, ज्वाइंट व्हील, कोलंबस ड्रैगन, चान्द्तारा झुला, मिकी माउस, धूम बाइक, मिनी ब्रेक हेलीकाप्टर, और हॉर्स राइड जैसे मनोरंजन के समान मौजूद रहेंगे ।मेले में विभिन्न प्रान्तों से आये स्टॉल होंगे, जिसमें सहारनपुर फर्नीचर, बनारसी सिल्क साड़ी, सहित 50 से अधिक स्टाल लगाए जाएंगे, जिसमे फर्नीचर उडेन हेंडीक्राफ्ट, फैंसी लेडिस सैंडिल और बैग, कारपेट, किचेन वेयर, वास्तु के सामान, कोलकाता ज्वेलरी, कंगन चुड़ी और खादी वस्त्र, रेडिमेड कपड़े, कांच के आइटम की खरीदारी भी कर सकेंगे। मेले में लोगो के खाने पिने के लिए पानी पूरी, भेल पूरी चाट चोमिन, पिजा बर्गर से लेकर स्वदेशी लिट्टी चोखा तक का आनंद लोग उठा सकेंगे।

## डैफोडिल्स एकाडेमी, करकेंद में विज्ञान शिविर का हुआ आयोजन

धनबाद, करकेंद बाजार स्थित डैफोडिलस एकाडेमी मे विधालय प्राचार्य तापस बनर्जी की अध्यक्षता में विज्ञान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सीनियर वर्ग के करीब 120 छात्र-छात्रा एवं सभी शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित थे।इस शिविर में मुख्य अतिथी वैज्ञानिक डा, अनुपमा हर्शाल , कंसल्ट सांइस कम्युनिस्ट एंड पब्लिक एनगेजमेंट कोटक एजुकेशन फनडेशन , मेंटर अशोका यूनिवर्सिटी, दिल्ली थे। विद्यालय प्राचार्य तापस बनर्जी नें उन्हें मोमेंटो एवं बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने बतलाया की डैफोडिल्स एकाडेमी में उनका आना विद्यालय के लिए गर्व का बात है। वैज्ञानिक डा, अनुपमा हर्शाल ने सभी को विभिन्न प्रकार के बुखार एवं उसका उपचार के बारे मे बताया।उन्होने पेपर माइकोसकोरप बनाकर अनियन, कोशिकाओ को दिखाया। विज्ञान के बारे विभिन्न प्रकार का जानकारियां देकर छात्र-छात्राओ को विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाया । उन्होने वैज्ञानिक मनुप्रकाश, जिनका लैब का नाम प्रकाश लैब है,के बारे मे भी बताया। सभी ने डा, अनुपमा हर्शाल के द्वारा विज्ञान के बारे मे दिखाया गया एवं बताया गया सभी कार्यक्रम को बड़े ही उत्साह से देखा। साथ ही लाभांवित भी हुए । उनसे प्रेरित होकर कुछ छात्र-छात्राओ ने वैज्ञानिक बनने का वादा भी किया। डा, अनुपमा हर्शाल ने भी छात्र-छात्राओ का भूरि भूरि प्रशंसा की साथ ही उन्होंने फिर आने का वादा भी किया।

**JHARKHAND URJA VIKAS NIGAM LIMITED**
(CIN: U40108JH2013SGC001603)
(Civil Engineering Department)
Regd. Office: Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi -834004, Telephone No. 0651- 2400912

**Cancellation Notice**

Due to unavoidable circumstances, e-tender invited vide NIT No. 10/PR/JUVNL/24-25 is hereby cancelled.

Sd/-
General Manager (Civil)
JUVNL

PR No. 333512

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR.NO.337318 Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd(24-25):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**तेनुघाट बाँध प्रमंडल, तेनुघाट**

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तेनुघाट बांध प्रमंडल, तेनुघाट अन्तर्गत आमंत्रित ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–WRD/TDD Tenughat/ IFB/SBD-08/2024-25 दिनांक 24.08.2024 जो विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, जिसका PR No. 333762 WRD (24-25) D है, अपरिहार्य कारणवश से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
तेनुघाट बाँध प्रमंडल,
तेनुघाट

PR 337378 Water Resource (24-25)_D

## 24 वें दिन झरिया अंचल पहुंचा चलंत लोक अदालत

### लोगों को दी गई विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी

### कानूनी रूप से सशक्त बनाने के लिए डालसा प्रतिबद्ध, न्यायाधीश राकेश

धनबाद, जोड़ापोखर झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चलंत लोक अदालत झरिया अंचल के बीआरसी भवन पहुंचा। मौके पर अवर न्यायाधीश राकेश रोशन द्वारा ट्राई साईकिल, कृतिम पैर, दिव्यांगता पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन , लेबर कार्ड का वितरण किया गया साथ ही जमीन की दाखिल खारिज से संबंधित मामलों का आवेदन लिया गया । समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। एलएडीसीएस के , सहायक कांउसिल सुमन पाठक द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई ।इस मौके पर डालसा सहायक , अरूण कुमार,राजेश सिंह, डिपेंटी गुप्ता, हेमराज चौहान, अनामिका सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश, रोशन ने कहा कि उपेक्षित वर्गों तक न्याय की पहुंच को सुगम बनाने में जिला विधिक सेवा प्राधिकार लगातार काम कर रही है और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर चलंत लोक अदालत जनता तक पहुंच रही है और उनके घर पर जाकर समस्याओं को सुन रही है। मौके पर समाधान का प्रयास भी कर रही है। वहीं झरिया सीओ राम सुमन प्रसाद ने कहा कि भारत का संविधान या सुनिश्चित करता है कि कोई भी व्यक्ति आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण न्याय से वंचित न रह सके क्ल इसी उद्देश्य से हम आपके बीच जस्टिस ऑन व्हील के माध्यम से आए हैं ।न्यायाधीश, रोशन ने बताया कि न्याय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज चालंत लोक अदालत 24 वें दिन झरिया पहुंचा। जहां से आज 70 लोगों से मईया सम्मान योजना , 22, आवेदन बिजली बिल माफी से संबंधित, मुख्य मंत्री पशुधन विकास योजना के 10 प्राप्त हुए हैं। जिसका निष्पादन कर दिया गया हैं। वहीं पांच महिलाओं का गोदभराई रश्म , तथा पांच नवजात शिशुओं का मुंहजुठी रश्म अदा किया गया।

**JHARKHAND INDUSTRIAL AREA DEVELOPMENT AUTHORITY**
Bokaro Region, Jiada Bhawan, Balidih, B.S.City-14
Email: mdbiadabokaro@gmail.com

**Very short Expression of Interest (EOI)**

**Selection of agency for Cleaning Services in different phases within the JIADA, Bokaro region.**

The Jharkhand Industrial Area Development Authority is invites technical andfinancial proposals for the collection, transportation, and disposal of debris andindustrial waste piles from common areas/dustbins, road sweeping & cleaning,shrubs and vegetative clearance, silt removal from drains, and its disposal, etc.across various phases of the JIADA Industrial Area in the Bokaro region.

Interested Agency/ Firmsarere quested tosubmit their responses to the NIT by the specified due date. The competent authority retains the right to reject anyoralltenderswithout providing any reason there of.

| Sl. | Nameofwork | Description |
|---|---|---|
| 1 | Nameofwork | Selection of agency for Cleaning Services indifferentphaseswithintheJIADA,Bokaro region. |
| 2 | ContractPeriod | 12monthsfromthedateof allotment. |
| 3 | TheEOIdocumentisavailable fordownloadat: | www.jiadabokaro.com https://bokaro.nic.in/ |
| 4 | Tendercost | Ademanddraft(DD)of**Rs.10,000/-** shouldbemadeinfavor of Jharkhand Industrial Area Development Authority,Bokaroregion. |
| 5 | Earnest Money Deposit(EMD) | A sum of **Rs. 1,00,000/-** should be deposited intheformofFDR,TD,NACorPostOfficedeposit, dulypledgedinfavorofJharkhand Industrial Area Development Authority,Bokaroregion. |
| 6 | Tender Publication DateonWebsite: | Start Date: **27.09.2024** Time:10:00AM |
| 7 | Last Date for Submissionof PhysicalCopyof Tender: | End Date: 05.10.2024 Time:6:00PM |
| 8 | DateandTimeforTenderOpening: | Date:07.10.2024 Time:11:00AM |
| 9 | Contact Number for EOI-relatedInquiries: | (Assistant development officer, JaidaBokaroregion)ContactNumber-9304715308 |
| 10 | Modeof ReceiptofBid | ThroughSpeedPost/RegisteredPost(IndiaPost) orByHand |
| 11 | Name and Address of theTenderInvitingOfficeand Submission Location forTenders: | RegionalDirector Jharkhand Industrial Area DevelopmentAuthority(JIADA), Bokaroregion, BIADABHAWAN,Balidih,Bokaro SteelCity -14. Pin–827014 |
| 12 | EmailAddressoftheTenderingOffice: | All communications should be addressed to the office oftheRegional Director,JharkhandIndustrial Area Development Authority (JIADA),Bokaro region, located at Balidih, Bokaro SteelCity-14, Jharkhand, Pin–827014. Forcorrespondenceviaemail, pleaseusethefollowingemailaddress: mdbiadabokaro@gmail.com |

Note:-
1. The authority retains the right to modify any schedule of the biddingprocess.Kindlychecktheauthority'swebsite,asspecifiedinthedocument, regularly foranyupdates.
2. Proposals must be submitted no later than the time, date, and venueoutlinedin theFactSheet.
3. Proposalsreceivedafterthedeadlinewillnotbetakenintoconsiderationfor thisprocurementprocess.

Regional Director
JIADA,Bokaro region

PR 337281 Industries(24-25)#D

**झारखण्ड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**कम्बाइंड बिल्डींग, ओल्ड चास कोट एरिया, बोकारो।**

**ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई– अल्पकालीन निविदा संख्या :- 27/2024-25/RWD/EE/BOKARO**
**दिनांक – 27.09.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/BOKARO/ 72/2024-25 | चमसोबाद लक्ष्मण बाउरी के घर से लेकर हुचुकडीह लक्खीराम गोप के घर तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.100 कि0मी0)। | 1,48,59,300.00 | एक करोड़ अड़तालीस लाख उनसठ हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/EE/BOKARO/ 73/2024-25 | तिरंगा मोड़ से रामबाद तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 2.550 कि0मी0)। | 3,27,56,400.00 | तीन करोड सत्ताईस् लाख छप्पन हजार चार सौ रू0 मात्र | 15 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/EE/BOKARO/ 74/2024-25 | पोखना से काशीटांड तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.600 कि0मी0)। | 2,23,77,000.00 | दो करोड़ तेईस् लाख सतहत्तर हजार रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/EE/BOKARO/ 75/2024-25 | एन0एच0–32 पिण्ड्रोजोरा गवई ब्रिज के बगल से अमाडीह तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 2.200 कि0मी0)। | 1,75,18,500.00 | एक करोड़ पचहत्तर लाख अठारह हजार पॉच सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 5 | RWD/EE/BOKARO/ 76/2024-25 | चमसोबाद ग्राम में गणेश शर्मा के गोड़िया से लेकर राहेरगोड़ा मकर बाउरी के घर तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 2.250 कि0मी0)। | 2,28,87,800.00 | दो करोड़ अट्ठाईस लाख सत्तासी हजार आठ सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 6 | RWD/EE/BOKARO/ 77/2024-25 | सीमाबाद आर0ई0ओ0 रोड से दास टोला तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई– 1.000 कि0मी0)। | 75,65,400.00 | पचहत्तर लाख पैंसठ हजार चार सौ रू0 मात्र | 06 माह | प्रथम |

6RWD/EE/BOKARO/ 77/2024-25सीमाबाद आर0ई0ओ0 रोड से दास टोला तक पथ निर्माण कार्य (लम्बाई–1.000 कि0मी0) ।75,65,400.00 पचहत्तर लाख पैंसठ हजार चार सौ रू0 मात्र06 माहप्रथम

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 01.10.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 14.10.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 16.10.2024 अपराह्न 03.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, बोकारो, कम्बाइंड बिल्डींग, सिविल एस0डी0ओ0, ऑफिस ओल्ड चास कोट एरिया, चास बोकारो, झारखंड, पिन– 827013
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9431060119

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, बोकारो।

PR 337343 Rural Work Department(24-25)D

## दुर्गा पूजा को लेकर धनसार थाना में शांति समिति का बैठक आयोजित

धनबाद, शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर धनसार थाना परिसर में शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडे ने किया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में जितने भी लाइसेंस धारी दुर्गा पूजा कमिटी है वह अपना लाइसेंस नवीनीकरण करा ले। साथ ही साथ उन्होंने कहा विसर्जन करने का तिथि तय करें और विसर्जन में कितने लोग शामिल रहेंगे ।यह सुनिश्चित करें, जो भी वालंटियर रहेंगे उनका नाम पता मोबाइल संख्या एवं आधार संख्या कार्ड पर निर्गत रहेगा।सभी पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य हे।फायर ब्रिगेड एवं बिजली विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य हैं। इस बैठक में शांति समिति, जन सहयोग समिति, दुर्गा पूजा कमेटी से सुझाव लिया गया, बैठक में मुख्य रूप से मदन महतो, राणा चट्टराज, कुल्लू चौधरी, इमरान खान, मेवालाल खटीक, आदि लोग मौजूद थे।

## आश्रम में प्रकाश के जन्मदिन आयोजन पर भावुक हुए वृद्धजन

धनबाद, बीपीएचओ के राष्ट्रीय महासचिव सह महाप्रबंधक सर्वमंगला नर्सिंग होम प्रकाश ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सबलपुर सहयोगी नगर स्थित वृद्धजनों के आश्रय स्थल ओल्ड एज होम में वृद्धजनों के बीच केक काटकर मनाया। साथ वृद्धजनों को अपने हाथों से स्नेहपूर्वक स्वादिष्ट भोजन करा कर साड़ियां एवं वस्त्रों का वितरित कियाऔर खासकर आश्रम अध्यक्ष नौशाद गद्दी को वर्ष 2006 से लाल मणि वृद्धा सेवा आश्रम और अब साथ में ओल्ड एज होम में निरंतर सारे बाधाओं मुश्किलों का सामना करते हुए आश्रम में आश्रय ले रहे सभी असहाय माता पिता समान वृद्धजनों की सेवा, हर महीने इनके स्वास्थ का रख रखाव कर जांच कैंप आयोजित करने,इनके भोजन की व्यवस्था करने के लिए और अंतिम समय में वृद्धजनों का सम्मानपूर्वक रीति रिवाज से दाह संस्कार करने के ईश्वरीय कार्य की प्रसंशा कर बहुत आभार व्यक्त किया।उन्होंने आगे कहा नौशाद गद्दी ने मानव सेवा के लिए कभी हार नही मानी और हम सबको इनकी सेवा और इनसे जुड़ने के लिए प्रेरित करने का बड़ा काम किया है।समस्त वृद्धजनों ने ओल्ड एज होम में सेवा के लिए उपस्थित वृंदावन कुमार,सेवा निवृत्त शिक्षक,सनोज सिंह, सुधीर लाला,तपन गुप्ता, छोटे लाल गुप्ता, धर्मेंद्रर प्रजापति, झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ के धनबाद जिला महामंत्री अर्जुन कुम्हार, जिला मंत्री अशोक कुमार, सहसंगठन मंत्री जितेन्द्र पंडित, कुलदीप पंडित, दिलीप पंडित, अजित कुमार,अरुण सिंह चाँद सौदागर महतो, मुन्ना सिंह आदि को हार्दिक आशीर्वाद दिया।आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी और सक्रिय सदस्य ओंकार मिश्रा ने प्रकाश कुमार सहित सभी को यह आयोजन कर वृद्धजनों को अपनापन का अहसास दिलाने और इनके चेहरों में खुशियां लाने के लिए धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया।

# वेदांता एल्युमीनियम ने सरकारी आदेश का किया अनुपालन

नई दिल्ली (ईएमएस)। वेदांता एल्युमीनियम ने शुक्रवार को कहा कि उसने वायर रॉड और रोल्ड उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणन अनिवार्य करने के सरकार के आदेश का अनुपालन कर लिया है। सरकार ने पिछले साल एल्युमीनियम तथा एल्युमीनियम मिश्र धातुओं के गुणवत्ता नियंत्रण के लिए एक नया विनियमन पेश किया था। यह प्रमाणन छत्तीसगढ़ स्थित बाल्को संयंत्र और ओडिशा स्थित झारसुगुड़ा इकाई में विनिर्मित उत्पादों पर लागू होता है। वेदांता के पास एल्युमीनियम उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए बीआईएस प्रमाणन है, जिसमें 12 एमएम वायर रॉड, रोल्ड शीट, रोल्ड कंडक्टर प्लेट, रोल्ड प्लेट, मिश्र धातु सिल्लियां तथा प्राथमिक सिल्लियां शामिल हैं। सभी विभिन्न इंजीनियरिंग तथा औद्योगिक उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाती हैं। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम के वायर रॉड और रोल्ड उत्पादों के लिए बीआईएस प्रमाणन गुणवत्ता, सुरक्षा तथा नियामक अनुपालन को लेकर हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# प्रमोटर शेयर बेचकर कर रहे हैं, मुनाफा वसूली

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार आसमान की ओर तेजी के साथ बढ़ रहा है। भारतीय शेयर बाजार ने अभी तक की सबसे लंबी उड़ान भरी है। बुधवार को शेयर बाजार 85930 अंक के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया था। शेयर बाजार की इस स्थिति को देखते हुए कई कंपनियों के प्रमोटरों ने अपने शेयर बेचकर मुनाफा वसूली का खेल शुरू कर दिया। मुनाफा वसूली के इस खेल में इंडिगो, गौतम अडानी की अंबुजा सीमेंट, बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स, ईजी ट्रिप प्लानर्स, वेलस्पून लिविंग, सायंट डीएलएम जैसी कंपनियों ने सितंबर तिमाही खत्म होने के पहले ही 40000 करोड रुपए के शेयर बेचकर भारी मुनाफा कमाया है। शेयर बाजार में जिस तरह से छलांग लगाई है। उसके बाद से कंपनियों का वैल्यूएशन काफी बढ़ गया है। कंपनियों के पास नगदी का भंडार जमा हो गया है। कंपनियों को समझ नहीं आ रहा है कि वह कहां निवेश करें। जिस तरह से शेयर बाजार उड़ान भर रहा है। उसके बाद आशंका व्यक्त की जा रही है, शेयर बाजार गिरेगा, तो किसी को संभलने का मौका नहीं मिलेगा। ऐसी स्थिति में कंपनियों के पास भारी नगदी जमा हो गई है। इक्विटी फंड्स मैनेजर के पास बड़ी मात्रा में नगदी जमा है। उन्हें समझ नहीं आ रहा है, कि वह अपनी नगदी को कहां निवेश करें। क्वांट के पास 17103 पराग पारीक के पास 13971 मोतीलाल ओसवाल के पास 7168 आईसीसी के पास 30357 और एचडीएफसी के पास 25013 करोड रुपए का कैश जमा हो गया है। किसके कारण शेयर बाजार में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। कारोबार के अंतिम दिन शुक्रवार को बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि मुनाफा वसूली शेयर बाजार में बड़े पैमाने पर हो रही है। जिसके कारण बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने अस्थायी सरकारी व्यय विधेयक पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन (ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक अस्थायी सरकारी व्यय विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं। यह दिसंबर तक एजेंसियों का काम चलाने में मदद करेगा। इससे पहले कांग्रेस ने नवंबर चुनाव के बाद तक प्रमुख खर्च निर्णयों को टाल दिया था। विधेयक आम तौर पर 20 दिसंबर तक मौजूदा स्तरों पर एजेंसियों को धनराशि उपलब्ध कराता है। सीक्रेट सर्विस को मजबूत करने के लिए सांसदों ने उसे 23.1 करोड़ डॉलर देने के प्रस्ताव पर भी सहमति व्यक्त की। रिपब्लिकन की ओर से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प पर दो बार हुए जानलेवा हमलों के प्रयास के मद्देनजर यह फैसला किया गया।राष्ट्रपति पद के चुनाव के बाद सत्ता हस्तांतरण में सहायता के लिए भी धनराशि दी गई है। विधेयक बुधवार को कांग्रेस में द्विदलीय आधार पर आसानी से पारित हो गया। यह सदन में 341-82 तथा सीनेट में 78-18 के मतों के अंतर से पारित हुआ।

# एनबीसीसी को आईआईआईटी नागपुर के अतिरिक्त निर्माण का ठेका मिला

नई दिल्ली (ईएमएस)। एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड को नागपुर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि उसे नागपुर में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के निर्माण तथा विकास के लिए एक परियोजना का ठेका मिला है। बयान के अनुसार, 75 करोड़ रुपये की अनुमानित परियोजना लागत के साथ यह शहर से करीब 25 किलोमीटर दूर स्थित आईआईआईटी नागपुर में शैक्षणिक सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रताप स्नैक्स में 46.85 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेंगी ऑथम और माही मधुसूदन

नई दिल्ली (ईएमएस)। ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर और माही मधुसूदन केला मिलकर प्रताप स्नैक्स में 46.85 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेंगे। प्रताप स्नैक्स, अल्पाहार (स्नैक) ब्रांड येलो डायमंड और स्वीट स्नैक्स ब्रांड रिच फीस्ट का परिचालन करती है। कंपनी ने शेयर बाजार को शुक्रवार को बताया कि कंपनी ने अपने तीन निजी इक्विटी प्रवर्तकों से 846.60 करोड़ रुपये के सौदे में 46.85 प्रतिशत शेयर हासिल करने के लिए प्रवर्तकों के साथ शेयर खरीद समझौता किया है। प्रवर्तक पीक एक्सवी पार्टनर्स ग्रोथ इन्वेस्टमेंट्स-1, पीक एक्सवी पार्टनर्स ग्रोथ इन्वेस्टमेंट होल्डिंग्स-2 और सिकोइया कैपिटल जीएफआईवी मॉरीशस इन्वेस्टमेंट्स के पास क्रमशः 2.48 प्रतिशत, 34.65 प्रतिशत और 9.72 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसके अलावा कंपनी ने नियंत्रणकारी हिस्सेदारी के अधिग्रहण से प्रेरित होकर बाजार से कंपनी में 26 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए खुली पेशकश की भी घोषणा की है। प्रति शेयर 864 रुपये की कीमत की पेशकश की है, जो कुल मिलाकर 544.17 करोड़ रुपये है। इंदौर में 2003 में स्थापित प्रताप स्नैक्स भारत की सबसे तेजी से बढ़ती स्नैक फूड कंपनियों में से एक है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले सकारात्मक संकेतों के बाद भी मुनाफावसूली हावी रहने से आयी है। आज कारोबार के दौरान एचडीएफसी और आईसीआईसीईई बैंक के शेयर नीचे आये। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 264.27 अंक तकरीबन 0.31 फीसदी नीचे आकर 85,571.85 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 142.13 अंक या 0.16 प्रतिशत चढ़कर 85,978.25 के नए रिकॉर्ड इंट्रा-डे उच्च स्तर पर पहुंचा था।
वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 37.10 अंकों करीब 0.14 फीसदी टूटटर 26,178.95 के स्तर पर बंद हुआ।
सेंसेक्स के 15 शेयर आज बढ़त पर बंद हुए। सन फार्मा, रिलायंस, टाइटन, एचसीएल टेक और बजाज फिनसर्व सेंसेक्स के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। इसके अलावा, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, मारुति, टीसीएस, इंफोसिस, एसबीआई, एमएंडएम और आईटीसी के शेयर भी बढ़े।
दूसरी ओर सेंसेक्स के 15 शेयर नीचे आये। पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे अधिक गिरे। इसके अलावा, एलएंडटी, अदाणी पोर्ट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, जेएसडब्ल्यू स्टील, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनैंस, नेस्ले इंडिया, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा के शेयर नीचे आये।
एशियाई बाजारों में, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग के शेयर ऊपर आये जबकि सियोल गिरावट पर बंद हुआ। यूरोपीय बाजार में भी तेजी रही। वहीं गत दिवस अमेरिकी बाजार बढ़त पर बंद हुए। वहीं गत दिवस बाजार रिकॉर्ड तेजी पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह आईटी शेयरों में जोरदार खरीदारी और वैश्विक बाजारों में तेजी की वजह से सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में अपने नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 119.38 अंक चढ़कर 85,955.50 की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 34.5 अंक बढ़कर 26,250.55 पर पहुंच गया।

# सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

### सोना 75,350 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी लगभग 92,400 रुपए

नई दिल्ली। सोने-चांदी के वायदा भाव में शुक्रवार को सुस्ती देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 75,350 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 92,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोने के भाव तेज शुरुआत के बाद सुस्त पड़ गए। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ ही हुई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 11 रुपये की गिरावट के साथ 75,376 रुपये के भाव पर खुला।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहन चलाना और महंगा होगा

### टोल दर में 12 फीसदी तक की बढ़ोतरी को मंजूरी मिली

नई दिल्ली (ईएमएस)। दिल्ली-एनसीआर के लोगों के लिए यमुना एक्सप्रेसवे से आना-जाना महंगा होने वाला है क्योंकि यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा को आगरा से जोड़ने वाले 165 किमी लंबे यमुना एक्सप्रेसवे पर टोल दर में 12 फीसदी तक की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने कहा कि नई दरें 1 अक्टूबर से लागू होंगी। इससे अथॉटरिटी को प्रतिदिन लगभग 1 करोड़ का टोल मिलेगा। दोपहिया, तीन पहिया और रजिस्टर्ड ट्रैक्टर्स के लिए नई टोल की दरें 1.50 प्रति किलोमीटर होंगी, जबकि पहले दरें 1.25 रुपये प्रति किमी थीं। वहीं कार, जीप और हल्के मोटर वाहनों के लिए 2.95 प्रति किमी थीं, जबकि पहले ये दर 2.6 प्रति किमी थी। बस और ट्रकों को 4.15 प्रति किमी की पुरानी दर के मुकाबले 4.6 प्रति किमी का भुगतान करना होगा, जबकि भारी वाहनों को 12.90 किमी की पुरानी दर के मुकाबले 14.25 प्रति किमी का भुगतान करना होगा। भारी वाहन और मल्टी-एक्सल वाहनों पर टोल दर बढ़ाकर 14 रुपये 25 पैसे प्रति किलोमीटर कर दी गई है। पहले यह 12 रुपये 90 पैसे प्रति किलोमीटर थी। 7 या उससे अधिक एक्सल वाले वहानों पर 18 रुपये 35 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से टोल वसूला जाएगा। इससे 16.60 रुपये की दर से टोल वसूला जाता था। यमुना एक्सप्रेसवे पर नए टोल रेट लागू होने के बाद, ग्रेटर नोएडा से आगरा तक कार से सफर करने पर टोल की रकम 270 रुपये से बढ़कर 295 रुपये हो जाएगी। इसी तरह बसों के लिए यह राशि 895 रुपये से बढ़कर 935 रुपये होगी। वहीं ओवरसाइज वाहनों के लिए टोल 1760 रुपये से बढ़कर 1835 रुपये हो जाएगा।

## स्पाईजेट ने बकाया जीएसटी भुगतान चुकाया

नई दिल्ली (ईएमएस)। कर्ज से जूझ रही विमान कंपनी स्पाइसजेट ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपना माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का पूरा बकाया चुका दिया है। स्पाइसजेट पर 145 करोड़ रुपये से अधिक का जीएसटी बकाया था। उसने पिछले सप्ताह पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये जुटाए थे। कंपनी ने कहा कि उसने पूरे बकाया जीएसटी का भुगतान कर दिया है। स्पाइजेट के 3,000 करोड़ रुपये जुटाने से संबंधित प्रारंभिक नियोजन दस्तावेज के अनुसार, एयरलाइन पर 15 सितंबर तक 145.1 करोड़ रुपये का जीएसटी बकाया था। विमान कंपनी 3,000 करोड़ रुपये की नई पूंजी प्राप्त करने के बाद कर्मचारियों के जुलाई और अगस्त के बकाया वेतन के साथ-साथ जून के लंबित वेतन का भी भुगतान कर दिया है।

# रुपया गिरावट पर बंद



मुंबई (ईएमएस)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ ही 83.68 पर बंद हुआ। वहीं आज सुब विदेशी पूंजी के प्रवाह के बीच ही रुपया शुरुआती कारोबार में भी दो पैसे की बढ़त के साथ 83.64 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू शेयर बाजार में नरमी, प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले डॉलर के मजबूत रुख और आयातकों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने से भारतीय मुद्रा पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.64 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद 83.69 प्रति डॉलर पर लुढ़क गया, हालांकि फिर 83.64 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.66 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.15 फीसदी की बढ़त के साथ 100.39 पर रहा।

# दवाई-बाइक सहित 100 वस्तुओं पर कर दरें संशोधित करेगी सरकार

### टैक्स की दरों को 12 से घटाकर 5 फीसदी करने की योजना, दिवाली से पहले ऐलान संभव

नई दिल्ली (ईएमएस)। महंगाई के संकट का सामना कर रहे आम लोगों को आने वाले दिनों में राहत मिलने की संभावाना दिखाई दे रही है क्योंकि केंद्र सरकार 100 से ज्यादा सामानों पर जीएसटी की दरों में बदलाव करने की योजना बना रही है। इनमें जरूरी दवाइयां, बाइक समेत कई वस्तुएं शामिल हैं। दरअसल केंद्र सरकार के मंत्रियों के समूह ने जीएसटी दरों में सुधार की कवायद तेज हो चुकी है। इस बारे में पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने बताया कि जीएसटी को 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी करने पर विचार किया जा रहा है और अगली बैठक 20 अक्टूबर को आयोजित होगी। इन 100 सामानों में बाइक्स और बोतलबंद पानी जैसे महत्वपूर्ण आइटम शामिल हैं। जीएसटी दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए मंत्रिस्तरीय पैनल ने 12 और 18 फीसदी स्लैब के विलय के अलावा 100 से अधिक वस्तुओं पर दरों को फिर से बनाने के प्रस्तावों पर चर्चा की है, लेकिन अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप देने से पहले इस पर विश्लेषण करेगा। भट्टाचार्य ने कहा कि आम आदमी द्वारा प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दरों को कम किया जाना चाहिए और खाने-पीने से जुड़े सामानों पर जीएसटी की दरों को 12 प्रतिशत से पांच प्रतिशत के स्तर पर लाया जाना चाहिए। अभी मोटर साइकिल और उसके पुर्जे और सहायक उपकरण पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगता है, जबकि ई-साइकिल पर पांच प्रतिशत कर लगता है।

## त्यौहारी सीजन से 50 हजार करोड़ से ज्यादा के आईपीओ बाजार में देंगे दस्तक

नई दिल्ली,(ईएमएस)। इस साल दीवाली के आसपास आईपीओ का बाजार में भी बूम आने की उम्मीद है। अक्टूबर के आखिर से नवंबर की शुरुआत तक 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के आईपीओ बाजार में दस्तक देंगे। ह्युंडै मोटर इंडिया 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का आईपीओ लाने जा रही है, जिसे भारत का अभी तक का सबसे बड़ा आईपीओ माना जा रहा है। साथ ही फूड डिलिवरी कंपनी स्विगी 11,600 करोड़ रुपए का और एनटीपीसी ग्रीन 10 हजार करोड़ रुपए का आईपीओ लाने वाली है। इन तीन बड़े आईपीओ के अलावा शापूरजी पलोनजी समूह की कंपनी एफकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर करीब 6,500 करोड़ रुपए का और वारी एनर्जीज 7,500 करोड़ रुपए आईपीओ लाने की तैयारी कर रही है।

# इथेनाल के भाव और चीनी की एमएसपी बढ़ाएगी सरकार



नई दिल्ली (ईएमएस)। केंद्र सरकार इस वित्त वर्ष इथेनॉल की कीमत और चीनी के न्यूनतम बिक्री मूल्य (सुगर एमएसपी) बढ़ाने के बारे में विचार कर रही है।
खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि इथेनॉल की कीमत बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है। पेट्रोलियम मंत्रालय इस मामले पर विचार कर रहा है। एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से मंत्री ने यह भी कहा किया कि सरकार चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य को बढ़ाने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है, जो फरवरी 2019 में स्थापित दर 31 रुपये प्रति किलोग्राम के बाद से अपरिवर्तित हैं। फिलहाल केन जूस से बनने वाले एथेनॉल का भाव 65.61 रुपये प्रति लीटर है, वहीं बी हैवी मोलैसेज से बनने वाले एथेनॉल का भाव 60.73 और सी हैवी मोलैसेज से बनने वाले एथेनॉल का भाव 56.28 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चीनी के उत्पादन को लेकर केंद्रीय मंत्री ने उम्मीद जताई कि 2024-25 सीजन में उत्पादन बेहतर रह सकता है। उनके मुताबिक बेहतर मॉनसून की वजह से ये संभव है। उनके मुताबिक कीमतों को लेकर इन कदमों से भारत के इथेनॉल ब्लेंडिंग को लेकर पहल को बढ़ावा मिलेगा और शुगर सेक्टर को जरूरी राहत मिलेगी। बता दें कि वर्तमान में भारत सरकार ने पेट्रोल में 20 फीसदी इथेनाल ब्लेंडिंग को मंजूरी दी है। इथेनाल की कीमत बढ़ने से पेट्रोल भी महंगा हो सकता है।

# ओला ई-स्कूटर एस1, एक्स 2केडब्ल्यूएच को मिला पीएलआई प्रमाणन

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओला इलेक्ट्रिक के इलेक्ट्रिक स्कूटर एस1 एक्स 2केडब्ल्यूएच को उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत पात्रता आवश्यकताओं के तहत अनुपालन प्रमाणपत्र हासिल हो गया है। ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि इसके साथ ही कंपनी के पास अब दोपहिया वाहनों में पांच उत्पाद हैं जो पीएलआई योजना के तहत प्रमाणित हैं। कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि उत्पाद के लिए पीएलआई प्रमाणन प्राप्त करना हमारी एकीकृत विनिर्माण शक्ति की पुष्टि करता है, जो भारत के इलेक्ट्रिक वाहन लक्ष्य को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी मोटर वाहन पीएलआई योजना एक बड़ा परिवर्तनकारी कदम रही है। इसने विनिर्माताओं को स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ाने, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और व्यापक आर्थिक वृद्धि हासिल करने में कंपनियों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया है।

# डीएचएल एक्सप्रेस की जनवरी से पार्सल डिलीवरी महंगी होगी

मुंबई (ईएमएस)। लॉजिस्टिक्स कंपनी डीएचएल एक्सप्रेस ने अगले साल एक जनवरी से भारत में पार्सल डिलीवरी की कीमतों में लगभग 6.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने पर विचार कर रही है। डीएचएल ने कहा कि मुद्रास्फीति तथा मुद्रा गतिशीलता के साथ-साथ नियामक व सुरक्षा उपायों से संबंधित प्रशासनिक लागतों को ध्यान में रखते हुए वार्षिक आधार पर वैश्विक स्तर पर बाजारों में कीमतों को समायोजित किया जाता है। कंपनी बयान के अनुसार डीएचएल एक्सप्रेस ने मूल्य समायोजन की घोषणा की है जो एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगा। भारत में औसत (मूल्य) वृद्धि 6.9 प्रतिशत होगी।

# आरईपीएल को सेबी से एसएम-आरईआईटी के लिए पंजीकरण मिला

नई दिल्ली (ईएमएस)। एकीकृत शहरी विकास तथा बुनियादी ढांचे के लिए परामर्श सेवाएं देने वाली कंपनी रुद्राभिषेक एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईपीएल) को बाजार नियामक सेबी से लघु एवं मझोले रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (एसएम-आरईआईटी) के लिए पंजीकरण प्राप्त हो गया है। आरईपीएल ने कहा कि यह मंजूरी इम्पैक्टआर एसएम आरईआईटी नाम से दी गई है। नए नियमों के बाद यह पंजीकरण प्राप्त करने वाला यह भारत का दूसरा एसएम-आरईआईटी है। आरईपीएल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम जल्द ही इम्पैक्टआर एसएम आरईआईटी का पहला आरंभिक सार्वजिनक निर्गम (आईपीओ) पेश करने जा रहे हैं।

## स्विगी ने सेबी के पास जमा किए आईपीओ दस्तावेज

नई दिल्ली (ईएमएस)। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने आईपीओ के लिए आवेदन कर दिया है। कंपनी ने बाजार नियामक सेबी के पास आइपीओ दस्तावेज दाखिल कर दिए हैं। इस आईपीओ के तहत 3750 करोड़ रुपये के फ्रेश इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 18.52 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) के जरिए होगी। यह फूड डिलीवरी सेगमेंट में लिस्ट होने वाली दूसरी कंपनी हो सकती है। इससे पहले इस सेगमेंट में लिस्ट होने वाली कंपनी जोमैटो थी। स्विगी का प्रतिद्वंद्वी जोमैटो 2021 में पब्लिक हो गया है। स्विगी में प्रोसुस, सॉफ्टबैंक, एक्सेल प्रमुख इन्वेस्टर्स है। एलिवेशन कैपिटल, डीएसटी ग्लोबल, नॉरवेस्ट, टेनसेंट, कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, सिंगापुर की जीआईसी, कई अन्य के अलावा कंपनी में अन्य शेयरहोल्डर्स हैं। देश के फूड डिलीवरी मार्केट के 2030 तक 2 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ने का अनुमान है।

# सरकार ने व्यक्तिगत जानकारी उजागर करने वाली कुछ वेबसाइट ब्लॉक की

### सरकार ने वेबसाइट में कुछ खामियां पाए जाने के कारण ब्लॉक करने का लिया फैसला




नई दिल्ली (ईएमएस)। सरकार ने भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील व्यक्तिगत पहचान-योग्य जानकारी को उजागर करने वाली कुछ वेबसाइट को ब्लॉक कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत संचालित भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने इन वेबसाइट में सुरक्षा खामियां पाई थीं। उसके बाद सरकार ने इन वेबसाइट को ब्लॉक करने का कदम उठाया है। बयान के मुताबिक मंत्रालय के संज्ञान में आया है कि कुछ वेबसाइट भारतीय नागरिकों के आधार और पैन कार्ड विवरण सहित संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारियों को उजागर कर रही थीं। इस मामले को गंभीरता से लिया गया है क्योंकि सरकार सुरक्षित साइबर सुरक्षा व्यवहार और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसके अनुरूप इन वेबसाइट को ब्लॉक करने के लिए त्वरित कार्रवाई की गई है। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016 के तहत आधार से जुड़े विवरण के सार्वजनिक प्रदर्शन पर रोक संबंधी प्रावधान के उल्लंघन पर संबंधित पुलिस अधिकारियों के पास शिकायत दर्ज कराई है। बयान में कहा गया है, सीईआरटी-इन ने इन वेबसाइट के विश्लेषण से कुछ सुरक्षा खामियां उजागर की हैं। संबंधित वेबसाइट मालिकों को आईसीटी अवसंरचना को मजबूत करने और खामियों को दुरुस्त करने के लिए उनके स्तर पर की जाने वाली कार्रवाई के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया गया है। आईटी अधिनियम के तहत कोई भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित पक्ष शिकायत दर्ज करने और मुआवजे की मांग करने के लिए निर्णायक अधिकारी से संपर्क कर सकता है। राज्यों के आईटी सचिवों को निर्णायक अधिकारी के रूप में अधिकार दिया गया है। पिछले हफ़्ते एक साइबर सुरक्षा शोधकर्ता ने दावा किया था कि स्टार हेल्थ इंश्योरेंस के अधिकारियों ने 3.1 करोड़ ग्राहकों का डेटा बेचा है।

# भारत के शीर्ष 7 शहरों में मकानों की बिक्री 11 फीसदी घटी

### कीमतों में तेजी और मॉनसून की वजह से आई सुस्ती



नई दिल्ली (ईएमएस)। भारत के शीर्ष सात शहरों में मकानों की बिक्री में गिरावट देखी जा रही है। हाल ही में जारी की गई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि बाजार स्थिर हो रहा है और वित्तीय वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में इसमें 11 फीसदी की गिरावट आई है। एक प्रॉपर्टी कंसल्टिंग कंपनी द्वारा जारी आंकड़े दर्शाते हैं कि बिक्री पिछले साल की तीसरी तिमाही के 1.20 लाख मकानों से कम होकर इस साल 1.07 लाख हो गई है। एनारॉक की बिक्री घटने का कारण उच्च कीमतें और मॉनसून को बताया है। इसने कहा कि श्राद्ध पक्ष के दौरान भारतीय मकान खरीदना नहीं चाहते हैं इसलिए भी मांग में गिरावट आई है। कुल मिलाकर पहली तिमाही में नए शिखर पर पहुंचने के बाद आवास बाजार स्थिर हो रहा है। शीर्ष सात शहरों में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), हैदराबाद, बेंगलूरु, चेन्नई, कोलकाता और पुणे हैं। इस साल की तीसरी तिमाही में 93,750 मकान पेश किए गए थे, जो बीते साल की समान अवधि के दौरान पेश किए गए 1,16,220 मकानों के मुकाबले 19 फीसदी कम हैं। इसके अलावा बढ़ती इनपुट लागत और इस साल की पहली तिमाही में अधिक बिक्री के अलावा एक बात यह भी है कि बीते एक से दो वर्षों में मकानों की कीमत बेतहाशा बढ़ी है। कई खरीदार फिर स्थिति पर नजर रखने लगे हैं। कंपनी रिसर्च के मुताबिक शीर्ष सात शहरों में औसत आवासीय कीमतों में पिछले साल की तीसरी तिमाही के मुकाबले इस साल की तीसरी तिमाही में 23 फीसदी की सालाना वृद्धि हुई है। इसके अलावा अगर हम डेटा रुझानों की तुलना करें तो औसत कीमत साल 2022 की तीसरी तिमाही के मुकाबले साल 2024 की तीसरी तिमाही में 37 फीसदी बढ़ी हैं। इससे कई खरीदारों पर दबाव पड़ा है। नई पेशकशों में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी लक्जरी मकानों की है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### लेबनान के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में लगाई गुहार, इस जंग से हमारे अस्तित्व पर खतरा

जेनेवा (ईएमएस)। लेबनान के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बुहाबिब ने इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच युद्ध विराम की बात कह कर चेतावनी दी कि उनका देश उस संकट का सामना कर रहा है, जो उसके अस्तित्व के लिए खतरा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित कर बुहाबिब ने कहा, हमारे लोगों का भविष्य और हमारी समृद्धि खतरे में है। यह ऐसी स्थिति है, जिसमें तत्काल आधार पर अंतरराष्ट्रीय हस्तक्षेप की जरूरत है, इसके पहले के स्थिति नियंत्रण से बाहर हो और इस संकट को रोकना नामुमकिन हो जाए। बुहाबिब का यह बयान तब आया है, जब इजरायल ने वैश्विक स्तर पर युद्ध विराम के आह्वान को खारिज कर दिया।इजरायल के रुख के बावजूद, अमेरिका और फ्रांस ने 21 दिवसीय तत्काल युद्धविराम की उम्मीदों को जिंदा रखने की कोशिश की और कहा कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र की बैठक के दौरान भी वार्ता जारी रहेगी।लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि एक इजरायली लड़ाकू विमान ने बेरूत के किनारों पर हमला किया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 15 लोग घायल हो गए, जिसमें एक महिला की हालत गंभीर है।वहीं इजरायली सेना ने कहा कि शुक्रवार को सुबह सायरन और विस्फोटों की आवाज सुनने के बाद यमन से दागी गई मिसाइल को रोक दिया।

### ईश निंदा पर सजा की मांग करने वाला मौलाना अब खुद मांग रहा माफी विरोध बढ़ने पर हुआ फरार

इस्लामाबाद (ईएमएस)। देश के इस्लामी विद्वान तारिक मसूद अपने ही दिए गए बयानों के चक्रव्यूह में फंसे हैं। मसूद पर ईश निंदा का आरोप लगा है। जब उनके लिए ईशनिंदा की सजा की मांग हुई, तब उन्होंने माफी मांग ली, लेकिन वे अपने ही उस बयान में फंस गए कि ईश निंदा करने वाले व्यक्ति को माफ नहीं मिलानी चाहिए। इधर माफी मांगने के बावजूद लोग उन्हें माफ करने को राजी नहीं हैं। इसके बाद तारिक मसूद अपने घर से फरार हो गए हैं। आरोप है कि उन्होंने कुरान और पैगंबर के बारे में गलतबयानी की थी।बता दें कि ये पाकिस्तान के वहीं मौलाना मसूद हैं, जो पैगंबर मोहम्मद और कुरान के अपमान करने वालों को तत्काल जान से मारने की बात करते थे। हालांकि, जब अपनी जान पर बनी, तब माफी की बात कर रहे हैं। मौलाना मसूद का वीडियो सामने आने के बाद पाकिस्तान में उनका विरोध शुरू हो गया है। इससे पहले उन्होंने कहा था, अगर किसी ने माफी मांगी भी है,तब हम यह नहीं कह सकते हैं कि यह दिल से है या सिर्फ दिखावे के तौर पर है, इसलिए ईश निंदा कानून के अनुसार सजा मिलनी चाहिए।'फरार होने के दौरान मौलाना माफी मांगते हुए वीडियो जारी कर रहे हैं और सभी से उनके शब्दों को संदर्भ के अनुसार समझने की अपील कर रहे हैं। मौलाना ने कहा था, मुफ्ती तारिक मसूद ने गुस्ताखी के लिए सभी मुसलमानों से माफी मांगी, मैं अपने शब्द वापस लेता हूं। ध्यान रहे कि मौलाना मुफ्ती तारिक मसूद देवबंदी विचारधारा से जुड़े एक पाकिस्तानी धार्मिक विद्वान हैं। तारिक मसूद तब्लीगी जमात से भी जुड़े हुए हैं।

### चीन में रह रहे भारतीय जल्द कराएं पंजीकरण, दूतावास ने क्यों कहा ऐसा

बीजिंग (ईएमएस)। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने चीन में रह रहे सभी भारतीय नागरिकों को दूतावास में पंजीकरण कराने की सलाह दी है। यह पंजीकरण भविष्य में भारतीय दूतावास से मिलने वाली सभी सेवाओं के लिए आवश्यक होगा। दूतावास द्वारा जारी एक परामर्श में कहा गया है कि भारतीयों को दूतावास संबंधी सेवाएं प्रदान करने की प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए यह सलाह दी जाती है कि चीन में रहने वाले सभी भारतीय नागरिक, जिसमें छात्र भी शामिल हैं, पंजीकरण कराएं।परामर्श में बताया गया है कि वेबसाइट पर पंजीकरण फॉर्म सफलतापूर्वक जमा करने पर, आवेदक का नाम, पासपोर्ट नंबर और पंजीकरण संख्या वाला पंजीकरण दस्तावेज स्वचालित रूप से डाउनलोड करने योग्य पीडीएफ प्रारूप में तैयार होगा और पंजीकरण फॉर्म भरने की प्रक्रिया के दौरान आवेदक द्वारा प्रदान की गई पंजीकृत ईमेल आईडी पर भी भेज दिया जाएगा।सभी भारतीय नागरिकों को दूतावास संबंधी किसी भी सेवा, पासपोर्ट नवीनीकरण, दस्तावेजों के सत्यापन, पुलिस मंजूरी प्रमाण पत्र, जन्म और विवाह पंजीकरण के लिए अपने आवेदन के साथ पंजीकरण दस्तावेज संलग्न करने को कहा गया है।

### परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करने वाली पॉलिसी पर कायम है चीन

बीजिंग (ईएमएस)। चीन ने कहा कि वह परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल न करने संबंधी नीति का सख्ती से पालन करता है। चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग शियाओगांग ने कहा, चीन की परमाणु नीति बहुत स्थिर और सुसंगत है। हम परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल न करने की परमाणु नीति का सख्ती से पालन करते हैं।उन्होंने एक आईसीबीएम के प्रक्षेपण को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा, चीन ने वादा किया है कि हम परमाणु हथियार रहित देशों या परमाणु हथियार मुक्त क्षेत्रों के विरुद्ध परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं करने या इस्तेमाल करने की धमकी नहीं देने वाले है। चीन अपनी परमाणु क्षमताओं को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक स्तर पर बनाए रखेगा।उन्होंने आईसीबीएम के बारे में ज्यादा बताने से इंकार कर कहा कि इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय कवायद के अनुरूप है और किसी विशिष्ट देश या लक्ष्य पर लक्षित नहीं है।

### हूती विद्रोहियों ने इजराइल पर दागी मिसाइल किसी के मारे जाने की जानकारी नहीं

तेल अवीव (ईएमएस)। इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष जारी है। इस बीच हिजबुल्लाह का साथ देने हूती विद्रोही भी मैदान में आ गए हैं। इजरायली डिफेंस फोर्स का कहना है कि यमन से इजरायल पर निशाना साधते हुए सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल दागी गई लेकिन एरो एयर डिफेंस सिस्टम ने इसे हवा में ही मार गिराया। सेना के मुताबिक मिसाइलों को देश की सीमा से बाहर ही गिरा दिया। इजरायली सेना ने यह भी दावा किया कि हमले के बाद होम फ्रंड कमांड से कोई नए निर्देश नहीं आए हैं। साथ ही किसी के घायल होने की जानकारी भी नहीं है। कुछ लोग अचानक हमले से तनाव में हैं या फिर शेल्टर में जाने के दौरान गिरने से घायल हुए हैं। हूती विद्रोहियों का कहना है कि उनके सैन्य प्रवक्ता जल्द ही हमले को लेकर जानकारी देंगे। गाजा युद्ध के बाद से हूती और हिजबुल्लाह हमास का समर्थन करते रहे हैं। हिजबुल्लाह हमास के समर्थन में इजरायल पर हमले करता रहा है लेकिन अभी तक यह हमले बड़े नहीं थे लेकिन पिछले सप्ताह गाजा में पेजर और वॉकी-टॉकी धमाके के बाद युद्ध तेज हो गया है। हिजबुल्लाह का आरोप है कि इजरायल ने ही उसके इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में विस्फोट किया। वहीं इस सप्ताह इजरायल ने लेबनान में एयर स्ट्राइक की है, जिसमें अब तक 500 से ज्यादा आम नागरिक मारे गए हैं। इसमें हिजबुल्लाह के कितने लोग हैं और आम नागरिक कितने इसका कोई पता नहीं चल सका है।

### जंग के बीच लेबनान में क्यों तैनात हैं भारतीय सैनिक

बेरूत (ईएमएस)। इजराइल और लेबनान के बीच चल रही जंग में 700 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इजराइल ने हिजबुल्लाह की मिसाइल और ड्रोन यूनिट के कमांडरों को एयरस्ट्राइक में मार दिया है। इसी बीच इजराइल में तैनात भारतीय सेना के एक जवान को गुरुवार सुबह एयर एंबुलेंस से भारत लाया गया है।रिपोर्ट्स के मुताबिक सैनिक का नाम हवलदार सुरेश आर (33) है। वे बीते 30 दिनों से इजराइल के एक अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें सिर में चोटें आई हैं, जिसकी वजह से वो जगह और लोगों को पहचान नहीं पा रहे थे। चोट लगने की वजह साफ नहीं हुई है।सुरेश इजराइल के कब्जे वाले गोलन हाइट्स में संयुक्त राष्ट्र के मिशन अनडॉफ में शामिल थे। अनडॉफ एक शांति सेना मिशन है, जिसका काम इजराइल और सीरिया के बीच संघर्ष विराम बनाये रखना तथा दोनों देशों की सेनाओं के बीच तनाव कम करने की कोशिश करना है। गोलान हाइट्स के अलावा भारत के 900 जवान लेबनान में भी हैं।

# कनाडा में फिर होगी कनिष्क बॉम्बिंग की जांच! हिंदू सांसद ने किया विरोध

### 329 लोगों को उड़ाने वाले खालिस्तानी आतंकियों को क्लीन चिट देने का प्रयास



ओटावा, (ईएमएस)। कनाडा में कनिष्क बॉम्बिंग से जुड़ी जांच को फिर खोलने का प्रयास किया जा रहा है। खालिस्तान समर्थक आतंकियों की ओर से 23 जून 1985 को एयर इंडिया फ्लाइट-182 में धमाका किया गया था। आतंकियों के इस हमले में 329 लोगों की मौत हो गई थी लेकिन अब एक नई जांच की मांग खालिस्तान आतंकियों को क्लीन चिट देने के लिए की जा रही है।इसे लेकर कनाडा में हिंदू सांसद अपनी ही पार्टी पर भड़के गए हैं। उन्होंने कहा कि पहले दो जांच हो चुकी हैं जो खालिस्तान आतंकियों को इसके लिए दोषी ठहरती हैं। अब संसद पोर्टल पर एक नई जांच की मांग की गई है जो कॉन्सपिरेसी थ्योरी को बढ़ावा देती है। कनाडा के लिबरल पार्टी के सांसद सुख धालीवाल ने कनिष्क बॉम्बिंग की नए सिरे से जांच की मांग करते हुए इस याचिका को स्पॉन्सर किया है।इस मांग से पहले दूसरी जांच में पाया गया था कि कनाडा स्थिति खालिस्तान आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया था। पहली जांच में भी यही पता चला था कि बम धमाकों में खालिस्तान आतंकियों का हाथ था। अब नई याचिका इस बम धमाके का आरोप भारत सरकार के एजेंट्स पर लगाना चाहती है, जिसे पहले ही कनाडा सरकार नकार चुकी है।चंद्रा आर्य ने कहा कि 39 साल पहले एयर इंडिया फ्लाइट 182 को कनाडाई खालिस्तान चरमपंथियों की ओर से लगाए गए बम से हवा में उड़ा दिया गया था। इसमें 329 लोग मारे गए थे। कनाडा के इतिहास में यह सबसे बड़ी सामूहिक हत्या है। इस आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार विचारधारा आज भी कनाडा में कुछ लोगों के बीच जिंदा है। कनाडा की दो सार्वजनिक जांचों में खालिस्तान चरमपंथियों को विमान को बम से उड़ाने के लिए जिम्मेदार पाया गया था। अब संसद पोर्ट पर एक याचिका दायर की गई है, जिसमें खालिस्तान चरमपंथियों की ओर से प्रचारित कॉन्सपिरेसी थ्योरी को बढ़ावा देने वाली एक नई जांच की मांग की गई है।चंद्रा आर्य ने कहा कि हमले में रमा नाम की महिला मारी गईं, जिनके पति ने कहा कि यह याचिका निराशाजनक है। यह पुराने घावों को फिर से हरा कर देगी। यह सब कचरा है। आतंकी गतिविधियों के लिए प्रचार और समर्थन हासिल करने की कोशिश है। कनाडा की सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जॉन सी. मेजर ने ए कैनेडियन ट्रेजेडी में लिखा- ऑपरेशन ब्लू स्टार के कारण भारत सरकार के खिलाफ प्रतिशोध के रूप में सिख चरमपंथियों की ओर से बॉम्बिंग की गई थी। उनका यह कहना उस दावे को खारिज करता है कि बम धमाके में भारतीय एजेंट्स शामिल थे।

### अमेरिका राष्ट्रपति चुनावः डिबेट ही नहीं सट्टा बाजार में ट्रंप-हैरिस में कड़ा मुकाबला

वॉशिंगटन, (ईएमएस)। अमेरिका में राष्ट्रपति को लेकर अब सट्टा बाजार भी गरम हो गया है सट्टा बाजार के मुताबिक कमला हैरिस अगली अमेरिकी राष्ट्रपति बन सकती है। सट्टा बाजार में कमला हैरिस पर दांव लगे हैं। बुधवार को कमला हैरिस की जीत पर औसतन 52फीसदी, तो ट्रम्प की जीत पर औसतन 47फीसदी सट्टा लगा।रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस के बीच सट्टा बाजार में भी कड़ा मुकाबला चल रहा है। मंगलवार को कमला हैरिस की जीत पर 53फीसदी सट्टा लगा था, जिसमें बुधवार को 1फीसदी की गिरावट आई है। वहीं, ट्रम्प की जीत पर 47फीसदी सट्टा लगा था। पिछले हफ्ते ट्रम्प पर औसतन 46फीसदी और कमला पर 53फीसदी सट्टा लगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रम्प के साथ पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट में कमला के शानदार प्रदर्शन और कई बड़ी हस्तियों के समर्थन के चलते कमला की स्थिति मजबूत है।

## मान गए मोहम्मद यूनुस बोले, हसीना को साजिश के तहत हटाया



ढाका (ईएमएस)। बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस ने मान लिया है कि शेख हसीना को सत्ता से हटाने के लिए साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन बेहद अच्छे से प्लान किया एक आंदोलन था, जिसमें किसी एक शख्स लीडर बनाकर गिरफ्तार नहीं किया गया। इस वजह से पूरे देश के युवाओं को प्रेरणा मिली और यह आंदोलन और भी शक्तिशाली बन गया। इसके बाद यूनुस ने मीटिंग में अपने असिस्टेंट महफूज आलम का परिचय देते हुए कहा कि इसके लिए हम दोनों जिम्मेदार थे। अमेरिका में क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव की मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनुस ने बांग्लादेश के छात्र नेताओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि वे लोग बांग्लादेश का नया रूप तैयार कर रहे हैं।स्थानीय मीडिया के मुताबिक चीफ एडवाइजर ने कहा कि अगर आप इन स्टूडेंट लीडर्स के चेहरों को देखेंगे तो ये आम युवाओं की तरह देखेंगे। लेकिन जब ये बोलना शुरू करेंगे तो आप कांप जाएंगे। इन्होंने अपने भाषणों और अपने समर्पण से पूरे देश को हिलाकर रख दिया। यूनुस बोले- आंदोलन के पीछे मेरे असिस्टेंट महफूज का दिमाग यूनुस ने कहा, पूरे आंदोलन के पीछे महफूज का दिमाग था। हालांकि, वह इस बात को नकारता रहता है, लेकिन इसी तरह से उसे पहचान मिली है। यह आंदोलन अचानक से नहीं शुरू हुआ। इसे पूरे अहतियात के साथ डिजाइन किया गया था। आंदोलन की लीडरशिप भी इसी के तहत तैयार की गई थी। किसी को नहीं पता कि यह लीडर कौन था। इसके बाद यूनुस ने सभी छात्र नेताओं के लिए तालियां बजवाईं और आगे के लिए शुभकामनाएं दीं। रिपोर्ट के मुताबिक, चीफ एडवाइजर ने शेख हसीना की सरकार के दौरान छात्र नेताओं पर हुए हमलों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ये नेता गोलीबारी के बावजूद पूरी बहादुरी के साथ खड़े रहे। यूनुस के इस भाषण के दौरान अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन उनके बगल में मौजूद थे।

## चीन की परमाणु पनडुब्बी डूबने के दावे पर अमेरिका बोला ड्रैगन के लिए यह शर्मनाक




वाशिंगटन, (ईएमएस)। इसी साल मई या जून में चीन की एक पनडुब्बी समुद्र में समा गई। यह घटना वुहान के पास वुचांग शिपयार्ड में हुई। इस घटना का खुलासा सैटेलाइट तस्वीरों से हुआ है। डूबने वाली पनडुब्बी झाओ क्लास की थी और परमाणु ऊर्जा से चलती थी। रिपोर्ट के मुताबिक चीनी अधिकारियों ने पनडुब्बी हादसे को छिपाने की काफी कोशिश की होगी। यही वजह है कि खुलासे में देर हुई। वॉशिंगटन में चीनी ऐंबैसी के प्रवक्ता ने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि उनके पास इससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं है।16 मई के बाद लापता हुआ सबमरीन 10 मार्च को मैक्सार टेक्नोलॉजीज की सैटेलाइट इमेज में झाउ-क्लास सबमरीन को वुहान के पास शिपयार्ड में खड़ा देखा गया था। इस सबमरीन को उसकी लंबी टेल से पहचाना जाता है। इसके बाद इसे प्लैनेट लैब्स की सैटेलाइट इमेज में 16 मई को भी देखा गया। जून के आखिर में यहां की और तस्वीरें ली गईं, जिसमें इसे नहीं देखा गया। सैटेलाइट इमेज पर रिसर्च करने वाले टॉम शुगार्ट ने सबसे पहले इसकी जानकारी दी। इसके बाद वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इस पर स्टोरी की।शुगार्ट ने कहा कि पहले उन्हें लगा कि कोई पनडुब्बी डूब गई होगी, लेकिन बाद में पता चला कि वह तो परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी थी। उन्होंने कहा-क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि सैन डिएगो में एक अमेरिकी परमाणु पनडुब्बी डूब जाए और सरकार इसे दबा दे और किसी को इसके बारे में न बताए? ये मुमकिन नहीं है।पनडुब्बी को लेकर चीन ने कोई जानकारी नहीं दी वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक पनडुब्बी को बचा लिया गया है, लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि इसे फिर से काम पर लगने में कई महीने लग सकते हैं। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने भी अब तक इस घटना की कोई पुष्टि नहीं की है।अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि यह पता नहीं चल पाया है कि इसके डूबने का कारण क्या था। जब ये डूबी तब उसमें न्यूक्लियर फ्यूल था या नहीं इसकी भी जानकारी नहीं है। इस हादसे में कोई हताहत हुआ या नहीं इसका भी पता नहीं चला है।

# शिया-सुन्नी विवादः अब तक 36 की मौत, 80 से ज्यादा घायल



इस्लामाबाद (ईएमएस)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच जमीनी विवाद में कम से कम 36 लोग मारे गए हैं। 80 से ज्यादा लोग घायल हैं। खबरों के मुताबिक दोनों समुदाय के बीच 5 दिनों से झड़प जारी है। कुर्रम में तैनात एक अधिकारी ने बताया कि लड़ाई में कई घर जला दिए गए हैं। हिंसा खत्म करने के लिए सरकार की कोशिश अब तक नाकाम साबित हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले कुछ साल में कुर्रम में कई बार शिया-सुन्नी विवाद हो चुका है। सुन्नी समुदाय को सीमा पार के अफगान कबीले का समर्थन मिलता है। जुलाई में भी दोनों समुदायों के बीच जमीन को लेकर विवाद शुरू हुआ था जिसमें 50 से ज्यादा लोग मारे गए थे।2 परिवारों के बीच शुरू हुई लड़ाई, पूरे जिले में फैली इस विवाद की जड़ 30 एकड़ की जमीन है। इसके मालिकाना हक को लेकर कुर्रम जिले के बुशेहरा गांव में दो कबीलों के बीच विवाद है। अगस्त में अधिकारियों ने आदिवासी समुदाय जिरगा के बुजुर्गों के साथ मिलकर दोनों समुदायों के बीच समझौता कराया था, जिसके बाद कुछ समय तक के लिए विवाद थम गया था।रिपोर्ट के मुताबिक सुन्नी मिदगी और शिया मलीखेल समुदायों के बीच विवाद 2007 में शुरू हुआ था। तब भी हिंसा की घटनाएं हुई थीं। पिछले साल जुलाई में भी विवाद हुआ था, जिसमें कई लोग मारे गए थे।पिछले साल खत्म हुआ विवाद, फिर शुरू हुआ जुलाई 2023 में दोनों पक्षों के बीच लड़ाई के थमने के बाद इनके बीच एक समझौता कराया गया। इसमें तय हुआ कि सरकार तय करेगी कि जमीन किसकी है। जमीन विवाद हल कराने वाली लैंड कमीशन का नियम ही दोनों पक्षों को मानना होगा।इसके बाद कमीशन ने अपना फैसला सुनाया और ये जमीन शिया समुदाय को दे दी। लेकिन एक साल बाद इसे लेकर फिर विवाद शुरू हो गया।

### आतंक की फैक्ट्री चलाने वाले पाकिस्तान पर कसेगा शिकंजा, कई देश भारत के साथ

जेनेवा (ईएमएस)। जैश और लश्कर को खाद-पानी देने वाले पाकिस्तान के खिलाफ अब भारत ने दांव चल दिया है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में न केवल भारत की आवाज अब और मजबूत हुई है, बल्कि इंटरनेशनल लेवल पर कई देशों का साथ मिला है। ब्राजील और साउथ अफ्रीका ने भारत के सुर में सुर मिलाया है और पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर और जैश के खिलाफ कार्रवाई की मांग में भारत का साथ दिया है।विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री मौरो विएरा और रोनाल्ड लामोला ने आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा की। भारत के सुर में सुर मिलाते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर की मौजूदगी में ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका ने कहा कि आतंकवाद चाहे कहीं भी हो, किसी के द्वारा भी किया गया हो, उसकी निंदा होनी चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ही आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की इंटरनेशनल मंच पर यह पटकथा लीखी। इसके बाद ब्राजील और साउथ अफ्रीका के विदेश मंत्री मौरो विएरा और रोनाल्ड लामोला ने भी लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग की।जानकारी के मुताबिक, भले ही इन तीनों ने चीन और पाकिस्तान का नाम नहीं लिया, मगर परोक्ष रूप से आतंकवाद पर इन्हें अच्छे से लपेटा। चीन या पाकिस्तान का नाम लिए बिना मंत्रियों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रतिबंध समितियों की कार्यवाही में दोहरे मापदंड से बचने का भी आह्वान किया। इंटरनेशनल लेवल उजागर होने से बचने के लिए अब चीन और पाकिस्तान खुलकर आतंकियों का साथ भी नहीं दे पाएंगे।

### रूस ने बदली परमाणु नीति, हवाई हमले का जवाब परमाणु हथियारों से देगा

मॉस्को, (ईएमएस)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पश्चिम देशों को परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की धमकी दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने मॉस्को में सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाई थी। इसमें उन्होंने कहा कि सरकार परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से जुड़े नियम और शर्तों को बदलने जा रही है। परमाणु नियमों में कई नई चीजें जोड़ी जाएंगी। इसमें रूस के खिलाफ मिसाइल या फिर ड्रोन हमलों के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है।उन्होंने कहा अगर रूसी इलाके में बड़े पैमाने पर मिसाइल या ड्रोन हमला होता है, जिससे देश की संप्रभुता पर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है, तब भी रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। पुतिन ने ये भी कहा कि यदि कोई गैर-परमाणु संपन्न देश किसी परमाणु संपन्न देश के समर्थन से रूस पर हमला करता है तो इसे दोनों देशों की तरफ से किया गया हमला माना जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस के परमाणु हथियार, देश और उसके नागरिकों की सुरक्षा की सबसे बड़ी गारंटी हैं।

# इजरायल का दावा : कमांडर हुसैन सरुर मारा गया



तेलअवीव (ईएमएस)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आईडीएफ ने एक पोस्ट में लिखा, बेरूत में आईएएफ के एक सटीक हमले में हिजबुल्लाह के एरियल कमांड का कमांडर मुहम्मद हुसैन सरूर मारा गया। सरूर ने इजरायली नागरिकों को निशाना बनाकर कई हवाई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया था और उन्हें लीड भी किया था।वहीं हिजबुल्लाह की ओर से अभी तक अपने कमांडर की मौत पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है।पोस्ट में आगे लिखा गया, आयरन स्वॉर्ड्स युद्ध के दौरान, उसने यूएवी और विस्फोटक उपकरणों का उपयोग करके इजरायली नागरिकों और आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ कई आतंकवादी हमले किए थे। हाल के वर्षों में, सरूर ने दक्षिणी लेबनान में यूएवी के निर्माण परियोजना का नेतृत्व किया और लेबनान में यूएवी निर्माण और खुफिया जानकारी एकत्र करने वाले स्थलों की स्थापना की, जो बेरूत और दक्षिणी लेबनान में नागरिक बस्ती के निकट स्थित हैं। आईडीएफ ने पोस्ट में आगे लिखा, वह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल इकाई में कमांडर था। उसने राडवान फोर्स की अजीज इकाई को भी लीड किया था। यमन और हूती आतंकवादी शासन की एरियल कमांड में हिजबुल्लाह की ओर से बातचीत का जिम्मा भी उस पर था।अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को सीरिया-लेबनानी सीमा स्थित एक इमारत पर इजरायल द्वारा किए गए हमले में कम से कम 23 लोग मारे गए, जिनमें 19 सीरियाई शरणार्थी शामिल हैं। इस हमले में चार अन्य लोग घायल हो गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सोमवार से लेबनान पर इजरायली हमले में लगभग 700 लोग मारे गए हैं। पिछले सप्ताह पूरे देश में पेजर और वॉकी-टॉकी विस्फोट के बाद इस सप्ताह हमले किए गए हैं। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने युद्ध विराम की संभावना को खारिज कर दिया, जिससे लेबनान में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच लड़ाई खत्म हो सकती है, क्योंकि यूएस और फ्रांस ने कहा है कि उन्होंने 21 दिनों के लिए लड़ाई रोकने का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने यह भी कहा कि गाजा में लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक युद्ध का लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते।प्रस्ताव के बावजूद, संकेत मिल रहे हैं कि इजरायल लेबनान पर संभावित जमीनी आक्रमण की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि 21 दिन के संघर्ष विराम प्रस्ताव को वैश्विक समर्थन मिल रहा है, जिसका उन्होंने और अन्य नेताओं ने आह्वान किया है। गुरुवार को व्हाइट हाउस लौटने पर बाइडेन ने संवाददाताओं से कहा था, हम यूरोप के साथ-साथ अरब देशों से भी महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त करने में सक्षम थे। यह महत्वपूर्ण है कि यह युद्ध व्यापक न हो। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र महासभा से लौट रहे थे, जहां उन्होंने बुधवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की और प्रस्ताव की घोषणा करने वाले संयुक्त बयान के विवरण पर चर्चा की।

## अश्विन और जडेजा के खिलाफ बेहतर रणनीति से उतरना होगा : मैक्सवेल

सिडनी (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल के अनुसार आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अगर ऑस्ट्रेलिया को जीत दर्ज करनी है तो उसे भारत के रविन्द्र जडेजा और आर अश्विन के खिलाफ बल्लेबाजी के दौरान बेहतर रणनीति अपनानी होगी। मैक्सवेल ने कहा कि कई बार अश्विन और जडेजा की जोड़ी खेल के परिणाम को प्रभावित करती है। मैक्सवेल ने कहा, 'मेरा मानना है कि लंबे समय तक अश्विन और जडेजा जैसे गेंदबाजों के खिलाफ खेलने के बाद ऐसा लगता है कि हमने लगातार इन दोनों का सामना किया है। इसके बाद भी इनके खिलाफ हमारे प्रदर्शन से ही मैच का परिणाम प्रभावित होता है। मैक्सवेल के अनुसार उनकी टीम के बल्लेबाजों को इन दोनो के खिलाफ बेहतर तरीके से बल्लेबाजी करनी होगी। अश्विन और जडेजा ने अब तक मिलकर 330 पारियों में 821 विकेट लिए हैं जिसमें से 50 बार ये दोनो ही पांच विकेट ले चुके हैं। उन्होंने कहा, 'अगर हम इन दोनो के खिलाफ अच्छा खेलते हैं तो बेहतर स्थिति में रहेंगे। ये दोनों खिलाड़ी मेरे करियर में ज्यादातर समय गेंदबाजी करते रहे हैं। मैक्सवेल ने इसके साथ ही मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह से भी सावधान रहने को कहा है। मैक्सवेल के अनसार भारतीय टीम ने साल 2018-19 और 2020-21 के दौरे पर जीत दर्ज की थी और ऐसे में उसका लक्ष्य लगातार तीसरी सीरीज जीतना रहेगा।

## ऋषभ नहीं जा रहे आरसीबी , सोशल मीडिया में फर्जी खबर लिखने वालों पर भड़के

कानपुर (ईएमएस)। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा है कि वह आईपीएल के अगले सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में नहीं जा रहे हैं और इस प्रकार की जो भी बातें कही जा रही हैं वे गलत हैं। ऋषभ ने एक फैन पेज की आलोचना की जो इन फर्जी खबरों को फैला रहा था। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर ऐसी अविश्वसनीय बातें फैलाना सही नहीं है। इस प्रकार की चीजों को जारी करने से पहले खबर की पुष्टि कर लेनी चाहिये और आधारहीन बातें कहकर संशय नहीं फैलाना चाहिये। इस आक्रामक बल्लेबाज ने नाराजगी जताते हुए लिखा, कुछ लोग सोशल मीडिया पर इतनी फर्जी खबरें क्यों फैलाते हैं? अगर ऐसा समझदार लोग कर रहे हैं तो ये और भी निराशाजनक बात है। बिना वजह अविश्वसनीय माहौल बनाना ठीक नहीं है हालांकि मैं जानता हूं कि यह पहली बार नहीं है और आखिरी बार भी नहीं होगा पर मुझे मजबूरन ये लिखना पड़ा है।

ऋषभ ने 2024 आईपीएल सत्र से खेल में वापसी की थी। उन्होंने टी20 विश्व कप 2024 में 8 मैचों में 127.61 की स्ट्राइक रेट से 171 रन बनाए। वहीं इस क्रिकेटर ने बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट वापसी की, जिसमें उन्होंने 128 गेंदों पर 109 रन की शानदार पारी खेली। इस क्रिकेटर ने यह प्रतिक्रिया फर्जी खबरों के प्रति अपने प्रशंसकों को सजग करने के लिए की है।

## तेज गेंदबाज आकाश दीप ने कहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बदलाव लाये रोहित और विराट



कानपुर (ईएमएस)। युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर सराहना की है। आकाश ने कहा कि ये दोनो ही अपनी कप्तानी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बदलाव लाये हैं। इस दौरान ड्रेसिंग रूम का माहौल बेहतर हुआ है। आकाश दीप ने डेब्यू के बाद से ही अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। इस क्रिकेटर ने साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में तीन विकेट लिए थे। इसके अलावा चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए दो विकेट लिए थे। आकाश ने कहा कि उन्हें रोहित और विराट से मिले मार्गदर्शन से लाभ हुआ है। आकाश ने कहा कि जब मैं यहां आया, तो मैंने रोहित, विराट भाई जैसे खिलाड़ियों का समर्पण देख है। मुझे एहसास हुआ कि उन्होंने बहुत कुछ हासिल किया है इसके बाद भी वे प्रशिक्षण के दौरान अभी भी कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उनकी विचार प्रक्रिया एक अलग स्तर पर है। यह मुझे और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करती है।इस तेज गेंदबाज ने कप्तान रोहित की सरल नेतृत्व शैली की भी प्रशंस की। उन्होंने कहा कि शुरुआत में मुझे झिझक थी कि दबाव होगा, लेकिन कप्ताने ने चीजों को आसन बनाया। मैंने पहले इतने सहयोग करने वाले कप्तान नहीं देखे हैं। वह चीजों को सरल रखते हैं। इससे मुझे कभी महसूस नहीं हुआ कि मैं घरेलू या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहा हूं। पिछले दो साल में, मैंने बहुत क्रिकेट खेला है। यह हमारे लिए सिर्फ तीन महीने का सत्र नहीं है। रणजी के बाद हम दलीप ट्रॉफी, ईरानी कप खेलते हैं क्योंकि एक खिलाड़ी के तौर पर आपको अपनी को समझने और अपनी ताकत को जानने की जरूरत है।

# बारिश के कारण पहले दिन 35 ओवर ही खेल हो पाया

### बांग्लादेश ने बनाये तीन विकेट पर 107



कानपुर (ईएमएस)। खराब रौशनी और बारिश के कारण भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल तय समय से पहले ही समाप्त हो गया। पहले दिन स्टंप्स घोषित किये जाने के समय बांग्लादेश ने तीन विकेट पर 107 रन बना लिए थे। मुशफिकुर रहीम 6 और मोमिनुल हक 40 रनों पर खेल रहे थे। इस प्रकार पहले दिन केवल 35 ओवर ही फेंके जा सके और दूसरे सत्र में बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा पर जब बारिश नहीं रुकी तो अंपायरों ने खेल समाप्त घोषित कर दिया गया। इस प्रकार लंच के बाद काफी कमय समय ही खेल हो पाया। बांग्लादेश ने लंच के बाद के सत्र में नौ ओवर के खेल में 33 रन बनाये थे। इस दौरान उसने कप्तान नजमुल हसन शंटो का विकेट खो दिया। शंटो ने 31 रन बनाये थे। वहीं बांग्लादेश ने लंच तक अपनी पहली पारी में 2 विकेट पर 74 रन बना लिए थे। लंच के समय मोमिनुल हक 17 और कप्तान नजमुल हसन शांतो 28 रनों पर खेल रहे थे। इससे पहले आज सुबह भारतीय टीम ने टॉस जीत कर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। बारिश और खराब मौसम के कारण मैच निर्धारित समय से एक घंटा देर से शुरु हुआ। गत दिवस हुई बारिश के कारण मैदान को सुखाने के काफी प्रयास किये गये तभी खेल शुरु हो पाया। दो टेस्ट मैचों की इस सीरीज भारतीय टीम पहला टेस्ट जीतकर 1-0 से आगे है। इस मैच के लिए भारतीय टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया जबकि बांग्लादेश ने दो बदलाव किये।

बांग्लादेश ने नाहिद राणा और तस्कीन अहमद के स्थान पर तैजुल इस्लाम और खालिद को शामिल किया। इस मैदान पर साल 1964 के बाद यह पहली बार है जब किसी भी टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया है।

यहां अब तक 23 टेस्ट मैच खेले जा चुके है जिसमें भारत ने सात मैच जीते हैं जबकि तीन में वह हारी है।

# अब पूरी तरह से फिट हूं, 2025 विश्व चैंपियनशिप जीतना है लक्ष्य : नीरज



सोनीपत (ईएमएस)। ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा है कि वह अब पूरी तरह से फिट हो गये हैं और 2025 विश्व चैंपियनशिप में खेलने के लिए तैयार हैं। नीरज ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य 2025 टोक्यो विश्व चैम्पियनशिप के लिए पोडियम में जगह बनाना रहेगा। नीरज हाल ही में ब्रुसेल्स में हुए डायमंड लीग के फाइनल में दूसरे स्थान रहे थे। नीरज ने हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के मिशन ओलंपिक 2036 पर आयोजित एक सम्मेलन में कहा, 'मेरा सत्र अब समाप्त हो गया है। मेरा अगले साल का सबसे बड़ा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप जीतना है और हम इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर देंगे।

विश्व चैंपियनशिप अगले साल 13 से 21 सितंबर तक खेली जाएगी। चोपड़ा इस साल मांसपेशियों की चोट से परेशान रहे जिस कारण उन्हें ओलंपिक और डायमंड फाइनल में परेशानी का सामना करना पड़ा। चोपड़ा ने फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर कहा कि अभी वह अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह साल चोटों से भरा रहा है पर अब चोट अब ठीक है। मैं नये सत्र के लिए पूरी तरह से फिट हो जाउंगा। उन्होंने कहा, 'तकनीकी मुद्दे भी हैं लेकिन हम उन पर काम करेंगे। मैं अपनी तकनीक में सुधार करने पर ध्यान दूंगा। मैं भारत में भी अभ्यास करना पसंद करता हूं पर जब प्रतियोगिताएं शुरू होती हैं तब मेरे लिए विदेश में अभ्यास करना सही रहता है।

## डीआएस फैसलों पर हैरान दिखे रोहित

कानपुर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन लिए गये हो दो डीआएस फैसलों पर हैरान दिखे। इन दोनो में ही युवा तेज गेंदबाज आकाश दीप ने बांग्लादेश के दोनों सलामी बल्लेबाजों जाकिर हसन और शादमान इस्लाम को पेवेलियन भेज दिया। रोहित उस अचंभे में पड़ गये जब आकाश दीप ने शादमान को 24 रन पर एलबीडब्यू की अपील करते हुए डीआरएस लेने के लिए कहा जिससे बाद रोहित ने इसे मान लिया। रोहित ने मैदानी अंपायर के फैसले की समीक्षा करने का फैसला किया। जिसके बाद शादमान को आउट करार दिया गया। इसके बाद रोहित के चेहरे पर राहत देखी गयी। वहीं रोहित बांग्लादेश के नजमुल हुसैन शांतो द्वारा विवादास्पद समीक्षा से बचने के बाद निराश दिखे। सिराज ने गेंद फेंकी जो लेग स्टंप के बाहर पिच हुई पर तेजी से पीछे हट गई, शांतो के अंदरूनी किनारे को छूते हुए उनके पैड पर जा लगी। जब ऑन-फील्ड अंपायर ने एलबीडब्ल्यू अपील को अस्वीकार कर दिया, तो रोहित ने समीक्षा का विकल्प चुना, इस उम्मीद में कि पहले जैसा ही परिणाम आएगा। हालांकि बॉल-ट्रैकर ने संकेत दिया कि गेंद स्टंप के ऊपर से निकल रही है जिससे रोहित रीप्ले देखते समय निराश नजर आये।

## विराट, रोहित जैसी अनुभवी खिलाड़ियों को भी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिये : मांजरेकर

मुम्बई (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा को घरेलू क्रिकेट भी खेलना चाहिये। मांजरेकर के अनुसार अगर विराट और रोहित बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले दिलीप ट्रॉफी खेलते तो उन्हें बल्लेबाजी में आसानी होती। चेन्नई में हुए पहले टेस्ट में रोहित और विराट रन बनाने में असफल रहे थे। मांजरेकर ने कहा कि अगर उन्होंने कुछ लाल गेंद वाला क्रिकेट खेला होता तो उनके लिए हालात अच्छे होते। उन्हें दलीप ट्रॉफी में चुनने का विकल्प था, इसलिए वे नहीं खेले। मेरा मानना है कि इस प्रकार का विकल्प अनुभवी खिलाड़ियों को नहीं मिलना चाहिये। कुछ खिलाड़ियों के साथ अलग व्यवहार नुकसानदेह हो सकता है। बीसीसीआई को वही करना चाहिये जो भारतीय क्रिकेट और खिलाड़ी के लिए सबसे अच्छा हो। विराट और रोहित का घरेलू क्रिकेट से दूर रहना भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत नहीं है। न ही ये खिलाड़ियों के लिए अच्छा है। अगर उन्होंने दलीप ट्रॉफी खेली होती और लाल गेंद वाले क्रिकेट में कुछ समय बिताया होता तो उनके लिए पहले टेस्ट में हालात अलग होते। मांजरेकर ने कहा कि कुछ खिलाड़ियों को उनके अनुभव और स्तर के आधार पर विशेष सुविधाएं मिल रही हैं जो सही नहीं है। , मांजरेकर ने हालांकि कहा कि कोहली और रोहित दोनों के पास रन बनाने की पूरी क्षमता है। उनके पास रन बनाने के लिए क्लास और अनुभव दोनो ही है और मुझे नहीं लगता कि वे इस कारण से फॉर्म से दूर हैं।

## कानपुर टेस्ट मैच के दौरान स्टेडियम में बांग्लादेश फैन के साथ मारपीट !

कानपुर (ईएमएस)। यूपी के कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में शुक्रवार को भारत-बांग्लादेश क्रिकेट टेस्ट मैच देख रहे एक बांग्लादेशी प्रशंसक की कथित तौर पर पिटाई कर दी गई, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस बांग्लादेशी प्रशंसक को 'टाइगर रॉबी' के नाम से जाना जाता है। वह बाघ की वेशभूषा में था और स्टेडियम की सी ब्लॉक बालकनी में खड़ा था, जहां यह घटना हुई। मैच के दौरान यह देखा गया कि चिकित्सा अधिकारी और सुरक्षाकर्मी बांग्लादेशी प्रशंसक को स्टेडियम से बाहर ले जा रहे हैं। बाद में, उन्होंने उसे एक कुर्सी पर बिठाया और पानी पिलाया। हालांकि, कानपुर पुलिस ने आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया कि उसके आरोप को सीसीटीवी फुटेज से सत्यापित किया जाएगा। अपर पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) हरीश चंदर के मुताबिक बांग्लादेशी प्रशंसक के शरीर में पानी की कमी हो गई थी और उसे अस्पताल ले जाया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेशी प्रशंसक गहरी सांस ले रहा था और जब एक पुलिस आरक्षी (कांस्टेबल) वहां पहुंचा तो वह (बांग्लादेशी प्रशंसक) उससे बात करने से पहले ही बेहोश हो गया, लेकिन अब वह ठीक है।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान लिसा बोली, इस बार भारतीय महिला टीम जीत सकती है टी20 विश्व कप

नई दिल्ली (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान लीसा स्थालेकर के अनुसार इस बार यूएई में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है। लीसाके अनुसार इस अगले माह होने वाले इस टूर्नामेंट मे भारतीय टीम की सलामी बल्लेबाज़ शैफ़ाली वर्मा और स्मृति मंधाना अहम भूमिका निभा सकती हैं। विश्वकप में भारतीय टीम को ग्रुप ए में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड, पाकिस्तान और श्रीलंका के साथ रखा गया है। लीसा के अनुसार मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम भी सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। वे मौजूदा चैंपियन हैं। इसके अलावा इंग्लैंड के भी अच्छे अवसर हैं। वहीं हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम इस बार पिछली गलतियों को ठीक कर सकती है। वे 2020 में फाइनलिस्ट थे और वे लंबे समय से सेमीफाइनलिस्ट हैं। मुझे लगता है कि उनके पास अब इसे बदलने का अवसर है। मुझे लगता है कि वे अच्छी शुरुआत के लिए अपने सलामी बल्लेबाजों पर निर्भर रहेंगे।

जैसे, अगर पूजा वस्त्रकर अगर फिट रह सकती है और वापसी की राह पर है, तो वह कई टीमों के लिए काफी मुश्किल साबित हो सकती है। इसलिए, भारत की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। मैं उनसे सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद करूंगी , अगर फाइनल में नहीं। मुझे लगता है कि उनके पास ताकत, गहराई और अच्छे गेंदबाज़ हैं। मुझे देखना होगा कि क्या सलामी बल्लेबाज़ जेमिमा रोड्रिग्स अच्छा प्रदर्शन करेंगी। फिर चौथी टीम - मुझे नहीं लगता कि न्यूज़ीलैंड वहां होगा, मैंने जो देखा है उसके आधार पर। दक्षिण अफ़्रीका, ज़ाहिर है, 2023 में फ़ाइनलिस्ट था। ऐसा लग रहा था कि उनके पास भी ऐसी ही टीम है, इसलिए उन्हें ज़ोर लगाना होगा।साथ ही कहा कि वेस्ट इंडीज को भी नजरअंदाज न करें। अगर वे पुरुषों की टीम की तरह खेलते हैं और शानदार टूर्नामेंट खेलते हैं, तो कुछ भी संभव हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ ऑलराउंडर के रूप में 2010 और 2012 टी20 विश्व कप जीतने वाली लीसा यूएई में आगामी टूर्नामेंट में कमेंट्री करेंगी। उन्होंने बताया कि कैसे टी20 क्रिकेट की अप्रत्याशितता उन्हें खेल के सबसे छोटे प्रारूप को पसंद करती है। कुछ भी संभव है। 50 साल पुराने क्रिकेट की तुलना में टी20 क्रिकेट की सबसे अच्छी बात यह है कि कोई भी दिन अच्छा खेल सकता है या कोई बेहतरीन गेंदबाजी कर सकता है। इसका एक उदाहरण पूनम यादव हैं, जिन्होंने 2020 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला मैच खेला था, उन्होंने शायद 3 या 4 विकेट (4/19) लिए थे। उसने ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम को काफी हद तक ध्वस्त कर दिया, इसलिए उन्होंने पर्याप्त रन नहीं बनाए। इसलिए, किसी को भी एक दिन का मौका मिल सकता है। शैफाली, स्मृति, हरमन या भारत के शीर्ष क्रम के अन्य खिलाड़ी किसी भी तरह से कुछ मैचों में शतक बना सकते हैं। इसलिए, मुझे इस प्रारूप के बारे में यही पसंद है।लीसा ने गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की जीत की मानसिकता के मुख्य सिद्धांत को आगे समझाया, जिसने 2018, 2020 और 2023 में टी20 विश्व कप जीत की हैट्रिक के अलावा 2022 वनडे विश्व कप जीत और उसी वर्ष राष्ट्रमंडल खेलों के टी20 स्वर्ण पदक जीता है। ऑस्ट्रेलिया ने मुख्य रूप से इसलिए जीत हासिल की है क्योंकि टीम के भीतर यह मानसिकता है कि वे किसी भी स्थिति से जीत सकते हैं।

## ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया



जमैका (ईएमएस)। वेस्टइंडीज के स्टार क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। ब्रावो ने संन्यास का ये फैसला सीपीएल 2024 से बाहर होने के बाद किया। ब्रावो को फिट नहीं होने के कारण इस सीपीएल में शामिल नहीं किया गया था। इस क्रिकेटर का कहना है कि अब उनका शरीर साथ नहीं दे रहा है जिस कारण वह खेल को अलविदा कह रहे हैं। गत वर्ष उन्होंने आईपीएल से संन्यास ले लिया था। ब्रेवो ने साल 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उसके बाद से ही वह टी20 लीग में खेल रहे थे पर अब वह इस लीग से भी बाहर रहेंगे। ब्रावो ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में संन्यास की घोषणा करते हुए कहा, पेशेवर क्रिकेटर के रूप में 21 साल खेलने की यात्रा मेरे लिए बेहद अच्छी रही है हालांकि इसमें कई उतार-चढ़ाव भी आए पर सबसे सुखद बात ये रही कि मैं अपने सपने पूरे कर पाया।

साथ ही कहा, मेरा दिमाग अब आगे बढ़ना चाहता है पर मेरा शरीर अब जवाब दे रहा है। इसलिए दर्द, टूटन और तनाव को और अधिक सहन नहीं कर सकता। मैं अब अपने साथियों, अपने प्रशंसकों या जिन टीमों का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं। उन्हें निराश नहीं कर सकता।

ब्रावो ने कहा कि वह अब पूरी तरह से कोचिंग की करेंगे। वह आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स के लिए गेंदबाजी कोच के तौर पर पहले ही काम कर चुके हैं। इसके अलावा 2024 टी20 विश्व कप में वह अफगानिस्तान के गेंदबाजी सलाहकार भी रहे थे। ब्रावो साल 2004 में डेब्यू के बाद से ही लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 6 हज़ार से ज्यादा रन भी हैं। उन्होंने एकदिवसीय में 199 और टेस्ट में 86 विकेट लिए हैं।

## श्रीलंका के मेंडिस ने बनाया नया रिकार्ड

### आठ टेस्ट मैचों में लगातार अर्धशतक लगाये



गाले (ईएमएस)। मेजबान श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अच्छी शुरुआत करते हुए अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 306 रन बना लिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने के समय दिनेश चांदीमल 116 और एंजलो मैथ्यूज नाबाद 78 रनों पर खेल रहे थे। इसके अलावा कामिंडु मेंडिस ने भी नाबाद नाबाद 51 रन बनाये। इस मैच में मेंडिस ने युवा अपने 50 रन पूरे करने के साथ ही एक नया विश्व रिकार्ड बना दिया। इसी के साथ ही मेंडिस दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने पदार्पण के बाद 8 टेस्ट मैच में 8 बार 50 से अधिक रन बनाए हैं। इस प्रकार उन्होंने पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील के लगातार 7 टेस्ट में 50 से ज्यादा रनों के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। वहीं इससे पहले सुनील गावस्कर, बेसिल बुचर, सईद अहमद और बर्ट सुटक्लिफ के नाम पदार्पण के बाद लगातार 6 टेस्ट मैचों में अर्धशतक लगाने का रहा था। मेजबान श्रीलंका टीम की टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही ओवर में उसके बल्लेबाज पुथम निसंका एक रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये।इसके बाद दिनेश चांदीमल ने दिमुथ करुणारत्ने के साथ पारी संभाली और दूसरे विकेट के लिए 122 रन जोड़े। । 40वें ओवर में दिमुथ करुणारत्ने 46 रन बनाकर आउट हो गये। वहीं न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी और ग्लेन फिलिप्स ने एक-एक विकेट लिया।




फ्रांस में महिला चैम्पियंस लीग फुटबॉल में जुवेंटस की क्रिस्टिना गिरैली खेलती हुईं।


## केकेआर के मेंटर बने ब्रावो

कोलकाता (ईएमएस)। कोलकाता नाइटराइडर्स ( केकेआर) ने वेस्टइंडीज के क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो को अपना मेंटर बनाया है। ब्रावो ने गत दिवस क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

अब वह आईपीएल 2025 सत्र में केकेआर के मेंटर की भूमिका में नजर आयेंगे। आईपीएल के अलावा ब्रावो यूएई के आईएलटी20 में अबू धाबी नाइट राइडर्स, अमेरिका के मेजर लीग क्रिकेट में लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स, और कैरेबियन प्रीमियर लीग में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के मेंटर की जिम्मेदारी भी संभालेंगे।

ब्रावो आईपीएल के पिछले दो सत्रों में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाजी कोच और पुरुष टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली अफगानिस्तान टीम के मेंटर भी रहे हैं। ब्रावो टी20 के सबसे बेहतर खिलाड़ियों में ऐ एक रहे हैं। अपने करियर में उन्होंने 582 टी20 मैच खेले, 631 विकेट लिए और लगभग 7,000 रन बनाए।

केकेआर के मुख्य कार्यकारी वेंकी मैसूर ने कहा, ब्रावो का हमारे साथ जुड़ना टीम के लिए लाभप्रद रहेगा। उनके अनुभव और ज्ञान से हमारी फ्रेंचाइजी और खिलाड़ियों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। ब्रावो ने भी इस नई जिम्मेदारी पर खुशी जतायी है। साथ ही उन्होंने कहा, मैं पिछले 10 वर्षों से ट्रिनबागो नाइट राइडर्स का हिस्सा रहा हूं और अब अन्य जगह भी यहीं जिम्मेदारी निभाने जा रहा हूं।



# संक्षिप्त खबरें

## एशिया पैसिफिक रीजन में शीर्ष पर भारत, अमेरिका दूसरे नंबर पर

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्राइमरी बाजार की चमक न केवल घरेलू बल्कि वैश्विक स्तर पर भी निवेशकों को लुभी रही है। एक हालिया रिपोर्ट बताती है कि 822 आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) ने कैलेंडर वर्ष 2024 के पहले आठ महीनों में अगस्त तक 65 अरब डॉलर जुटाए। यह 2023 की तुलना में 17.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी है, जब इसी अवधि के दौरान 1,564 लिस्टिंग ने आईपीओ के माध्यम से 55.4 अरब डॉलर जुटाने की योजना बनाई थी। रिपोर्ट से साफ होता है कि निवेशक 2024 में अब तक लिस्टिंग की कम संख्या के बावजूद वैश्विक स्तर पर बड़े और अधिक मूल्यवान आईपीओ की ओर रुख कर रहे हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि पिछले दो वर्षों में निवेशकों के फोकस में बदलाव आया है, इसमें नई लिस्टेड कंपनियों की वित्तीय स्थिरता और लाभप्रदता पर अधिक जोर दिया गया है। रिपोर्ट में बताया गया कि एशिया पैसिफिक (एपीएसी) रीजन में सबसे अधिक 575 लेनदेन हुए, जिनकी कुल वैल्यू 23.7 अरब डॉलर रही, जबकि नॉर्थ अमेरिका में 149 सौदों का कुल मूल्य 25.4 अरब डॉलर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 के पहले आठ माह में कुल 12.2 अरब डॉलर के 227 लेनदेन के साथ भारत एपीएसी रीजन में टॉप पर है, जिसका मुख्य कारण छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के आईपीओ की अधिक संख्या है। 133 सौदों और 23.1 अरब डॉलर के साथ अमेरिका दूसरे स्थान पर रहा, जबकि 5.3 अरब डॉलर के 69 लेनदेन के साथ चीन तीसरे स्थान पर रहा।

## महाराष्ट्र में 300 करोड़ रुपये का गबन करने का आरोपी मथुरा से साधु वेश में गिरफ्तार

मथुरा (ईएमएस)। महाराष्ट्र पुलिस की एक टीम ने मथुरा जिले के कृष्ण बलराम मंदिर के समीप वृंदावन पुलिस की मदद से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसपर वहां (महाराष्ट्र में) करीब 300 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक इस व्यक्ति की पहचान महाराष्ट्र के बीड जिले के निवासी बबन विश्वनाथ शिंदे के रूप में हुई है। कृष्ण बलराम मंदिर को श्अंग्रेजों के मंदिरश् के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र के बीड जिले के उपनिरीक्षक एसएस मोरकुटे एवं सहायक उपनिरीक्षक तुलसीराम, बबन शिंदे (63) की गिरफ्तारी के लिए यहां आये थे और काफी खोजबीन के बाद वह अंग्रेजों के मंदिर के निकट साधु वेश में घूमता मिला। कुमार ने बताया कि छानबीन में जानकारी मिली कि शिंदे यहां करीब एक साल से साधु वेशभूषा में रह रहा था, जबकि महाराष्ट्र पुलिस की टीम उसे यहां मंदिरों, आश्रमों, होटल, गेस्ट हाउस आदि में तलाश रही थी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार शिंदे भेष बदल कर रह रहा था। उन्होंने बताया कि उन्होंने मथुरा पुलिस की अपराध शाखा एवं वृन्दावन पुलिस का सहयोग लिया तो वह जल्द ही मिल गया।

## डिप्टी सीएम फडणवीस के कार्यालय में महिला ने की तोड़फोड़, चकमा देकर भागी

मुंबई (ईएमएस)। मुंबई स्थित महाराष्ट्र सरकार के मंत्रालय में तब अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक अज्ञात महिला ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय में तोड़फोड़ की। महिला ने फडणवीस के दफ्तर का गेट तोड़कर बाहर लगे नेमप्लेट को उखाड़ने की कोशिश की। सूत्रों के अनुसार महिला अपने घर से जुड़े किसी मुद्दे को लेकर परेशान थी। इस दौरान कर्मचारियों और पुलिस कांस्टेबलों ने महिला को पकड़ने की कोशिश की लेकिन वह उन्हें चकमा देने में सफल रही और दक्षिणी छोर के गेट से बाहर निकल गई। मरीन ड्राइव पुलिस महिला की तलाश कर रही है। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, महिला ने सुरक्षा प्रोटोकॉल को दरकिनार कर सचिवालय गेट से मंत्रालय में प्रवेश किया था। महिला के हंगामे की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई और इसका फुटेज भी सोशल मीडिया में लीक हुआ है। मुंबई पुलिस कमिश्नर ने सुरक्षा उल्लंघन को गंभीरता से लेकर महिला की तलाश शुरू कर दी गई है। आरोपी महिला का पता लगाने के लिए युद्धस्तर पर तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## जब लेडी कॉन्स्टेबल को महिला ने बीच सड़क पर पीटा...फिर हुआ क्या

सहारनपुर (ईएमएस)। यूपी के सहारनपुर में एक महिला बीच सड़क पर आरपीएफ की लेडी कॉन्स्टेबल से भिड़ गई। मामूली विवाद पर महिला ने कॉन्स्टेबल की पिटाई लगा दी। इस मारपीट में लेडी कॉन्स्टेबल की वर्दी फट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे आरपीएफ व जीआरपी के जवानों ने बीचबचाव कर कॉन्स्टेबल को महिला के चंगुल से छुड़ाया। पूरा मामला सदर बाजार क्षेत्र का है, जहां बीते दिन रेलवे स्टेशन के पास एक राहगीर महिला ने स्कूटी सवार महिला कॉन्स्टेबल के साथ बीच सड़क पर मारपीट की। पहले महिला ने कॉन्स्टेबल को स्कूटी से नीचे गिराया फिर पीटना शुरु कर दिया। इस दौरान लेडी कॉन्स्टेबल मदद के लिए चिल्लाती रही। हालांकि, कुछ लोगों ने महिला को रोकने की कोशिश की लेकिन महिला नहीं मानी। वहीं, मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया, महिला के साथ एक 5 साल का बच्चा भी था। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि आरोपी महिला ने स्कूल बैग टांग रखा था और अपने 5 साल के बच्चे को लेकर रोड पर चल रही थी। पीछे से स्कूटी लेकर लेडी कॉन्स्टेबल आ रही थी।

## पोर्श कांड फिर चर्चा में, आरोपी करना चाहता है पढ़ाई, कोर्ट से इच्छा जताई

पुणे,(ईएमएस)। महाराष्ट्र का पुणे पोर्श कांड जो देशभर में चर्चा का विषय बन गया था अब फिर इसकी चर्चा होने लगी है। इस कांड के नाबालिग आरोपी ने एक बार फिर अदालत का दरवाला खटखटाया है और इस बार उसने कोर्ट से पढ़ाई करने की इच्छा जताई है वह बीबीए करना चाहता है। चूंकि मामला ट्रायल में है, इसलिए कोर्ट से एनओसी दिए जाने की गुहार लगाई है। पुणे पोर्श मामले में नाबालिग आरोपी के वकील ने किशोर न्याय बोर्ड में एक याचिका दायर की है जिसमें बताया गया है कि नाबालिग आरोपी दिल्ली मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में एडमिशन नहीं ले पा रहा है, क्योंकि संबंधित संस्थान का कहना है कि पहले जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की तरफ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लाकर दीजिए। हालांकि, बाद में नाबालिग के वकील ने याचिका वापस ले ली और इसके पीछे तर्क भी दिया। वकील ने कहा कि नाबालिग की तरफ से याचिका में कहा गया कि वह आगे की पढ़ाई पूरी करना चाहता है, इसके लिए उसने दिल्ली स्थित संस्थान में बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) पाठ्यक्रम में एडमिशन मांगा था लेकिन संस्थान ने उसे एनओसी लाने को कहा है।

## यूपी आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा मामले में पूर्व महिला प्रिंसिपल गिरफ्तार

लखनऊ। यूपीपीएससी आरओ/एआरओ पेपर लीक मामले में यूपी पुलिस की स्पेशल टास्ट फोर्स (यूपी एसटीएफ) ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने रिव्यू ऑफिसर और असिस्टेंट रिव्यू ऑफिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में कथित भूमिका पर प्रयागराज के एक कॉलेज की पूर्व महिला प्रिंसिपल को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। फरवरी में आयोजित हुई यूपी आरओ/एआरओ भर्ती परीक्षा का पेपर प्रयागराज के बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज से लीक हुआ था। घटना के कुछ महीने बाद मैनेजमेंट ने उन्हें जबरन हटाकर को शर्ली मसीह को प्रिंसिपल बनाया था। पारुल पर पेपर लीक की घटना में शामिल होने का आरोप है। पूर्व प्रिंसिपल पारुल ने 04 अभियुक्तों के साथ अर्पित विनित यशवंत की नियुक्ति की थी, जिनका काम परीक्षा से जुड़े काम देखना था। विनीत, यशवंत को पहले ही पेपर लीक केस में गिरफ्तार किया गया है। अब एसटीएफ पारुल से पूछताछ करेगी। पारुल पत्नी सुमित सोलोमन, निवासी 25 महात्मा गांधी मार्ग सिविल लाइन जनपद प्रयागराज की रहने वाली है। जून में, एसटीएफ ने परीक्षा पेपर लीक करने में कथित संलिप्तता के लिए एक प्रिंटिंग प्रेस के कर्मचारी सहित एक गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारियां प्रयागराज में की गई थीं। गिरफ्तार लोगों में अर्पित, विनीत, यशवंत शामिल थे, जो बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल एंड कॉलेज के परीक्षा कार्य का देखभाल करते थे और पारुल सोलोमन द्वारा नियुक्त किए गए थे। पेपर लीक के संबंध में प्रयागराज के सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था, जिससे यशवंत और अन्य की गिरफ्तारी हुई थी।

### 272 करोड़ के प्रोजेक्ट का कंगना रनौत ने किया विरोध, गडकरी ने किया था शिलान्यास

# नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद जताई नाराजगी

मंडी (ईएमएस)। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से बीजेपी सांसद कंगना रनौत अब केंद्र सरकार के एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के विरोध में उतर आई हैं। 6 महीने पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू की खराहल घाटी में बिजली महादेव रोपवे का ऐलान किया था। 272 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस प्रोजेक्ट का शिलान्यास भी किया गया था, लेकिन अब इस प्रोजेक्ट का कंगना रनौत ने विरोध शुरू कर दिया है।

दरअसल, बिजली महादेव मंदिर के लिए प्रस्तावित इस रोपवे का विरोध खराहल और कशावरी घाटी के लोग काफी समय से कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उनके रोजगार प्रभावित होंगे और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचेगा, क्योंकि रोपवे के निर्माण के लिए कई पेड़ों को काटा जाएगा। साथ ही, ग्रामीणों का मानना है कि देवता इस प्रोजेक्ट से खुश नहीं हैं। कंगना रनौत ने कहा, मैंने इस प्रोजेक्ट को लेकर नितिन गडकरी से मुलाकात की थी और उन्हें इस मामले की जानकारी दी है। अगर हमारे देवता नहीं चाहते



हैं तो यह प्रोजेक्ट बंद होना चाहिए। हमारे लिए हमारे देवता का आदेश आधुनिकीकरण से ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैं फिर से नितिन गडकरी से मिलूंगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कुल्लू के मोहल नेचर पार्क में इस रोपवे का वर्चुअली शिलान्यास किया था। डेढ़ साल में तैयार होने वाले इस रोपवे के जरिए 36,000 सैलानी रोजाना बिजली महादेव मंदिर पहुंच सकेंगे, जिससे यहां के पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। फिलहाल सड़क मार्ग से मंदिर पहुंचने में 2-3 घंटे लगते हैं, जबकि रोपवे से केवल सात मिनट में मंदिर तक पहुंचा जा सकेगा। रोपवे के निर्माण कार्य का जिम्मा नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड के पास है। कंपनी के मैनेजर अनिल सेन के अनुसार, यह मोनो केबल रोपवे होगा जिसमें 55 बॉक्स लगाए जाएंगे। एक घंटे में इसकी क्षमता 1200 लोगों को ले जाने की होगी, जिसे बाद में 1800 तक बढ़ाया जाएगा।

कुल्लू घाटी के सुंदर गांव काशावरी में स्थित बिजली महादेव मंदिर 2460 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और भारत के प्राचीन मंदिरों में से एक है। इस मंदिर की खासियत यह है कि हर 12 साल में शिवलिंग पर बिजली गिरती है और शिवलिंग के टुकड़े हो जाते हैं।

## लादेन का महिमामंडन कर बुरी फंसी जितेंद्र आव्हाड की पत्नी

### भाजपा का आरोप इंडी आंतकियों के साथ



मुंबई (ईएमएस)। महाराष्ट्र में एनसीपी (शरदचंद्र पवार) नेता जितेंद्र आव्हाड की पत्नी ऋता आव्हाड ने कुछ ऐसा बयान दे दिया, जिस पर विवाद खड़ा हो गया है। कार्यक्रम के दौरान ऋता ने बच्चों से आंतकी ओसामा बिन लादेन की जीवनी पढ़ने का आग्रह किया और अल-कायदा संस्थापक की तुलना पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम से की। ऋता ने कहा कि लादेन मां के पेट से आतंकी पैदा नहीं हुआ था बल्कि समाज ने लादेन को आतंकी बनाया। ठाणे में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान ऋता आव्हाड ने कहा, आपको लादेन की जीवनी पढ़नी चाहिए। कलाम जिस तरह राष्ट्रपति बने, उस तरह ओसामा बिन लादेन आतंकवादी बना था। लेकिन वह आतंकवादी क्यों बना? यह समाज ही था जिसने लादेन को ऐसा बनने के लिए मजबूर किया। वह पैदाइशी आतंकी नहीं था।

ऋता के बयान को मुद्दा बनाकर भाजपा ने राकांपा (शरदचंद्र पवार) नेता जितेंद्र आव्हाड पर तीखा हमला बोला है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पोस्ट में लिखा, जितेंद्र अव्हाड की पत्नी ने खुले मंच से बच्चों से लादेन की जीवनी पढ़ने का आग्रह किया, जैसे उन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम के बारे में पढ़ा, ताकि वे समझ सकें कि वह आतंकवादी कैसा बना। आतंकवादियों का बचाव करना इंडिया ब्लॉक में शामिल पार्टियों के नेताओं की आदत बन गई है।

पूनावाला ने कहा, आव्हाड ने इशरत जहां (एलईटी आतंकवादी) का बचाव किया था।

इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, राकांपा (शरदचंद्र पवार) और सपा के नेताओं ने नियमित रूप से याकूब, अफजल, सिमी, कसाब और अन्य आतंकियों का भी बचाव किया है। भाजपा के एक अन्य प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पूछा कि क्या शरद पवार और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ऋता की इन टिप्पणियों का समर्थन करते हैं।

## सिद्धारमैया नहीं देंगे इस्तीफा, क्योंकि तत्कालीन सीएम मोदी ने नहीं दिया

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गोधरा दंगों को याद किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। कर्नाटक उच्च न्यायालय द्वारा सीएम सिद्धारमैया को झटका देने और उनके खिलाफ एमयूडीए घोटाले के आरोपों की जांच की अनुमति देने के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पार्टी सिद्धारमैया के साथ एकजुटता से खड़ी है और खड़गे ने सीएम के इस्तीफे की मांग को खारिज कर दिया। खड़गे ने गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान 2002 के गोधरा दंगों को यादकर कहा कि उन्होंने सबसे घातक घटनाओं में से एक के बावजूद भी इस्तीफा नहीं दिया था।

खड़गे ने कहा कि जब गोधरा कांड हुआ तब क्या पीएम मोदी ने इस्तीफा दिया था? किसी व्यक्ति विशेष की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए शख्स को निशाना न बनाएं क्योंकि उनके (कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया) माध्यम से पार्टी की छवि को भी नुकसान होगा।

## 100 रुपये के लिए हुआ विवाद, महिला की मौत

मुंगेर (ईएमएस)। मुंगेर जिले के वासुदेवपुर थाना क्षेत्र में 100 रुपये के विवाद में खौफनाक घटना हो गई। यहां पड़ोसियों के बीच हुए झगड़े में 40 साल की कंचन देवी की हत्या कर दी गई। घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला टिकारामपुर गांव का है। मृतक कंचन के पुत्र सुमन कुमार ने बताया कि गांव के नरेश महतो के पुत्र प्रिंस कुमार के साथ 100 रुपये कर्ज को लेकर विवाद और गाली गलौज हुआ था।

## धर्मपरिवर्तन का भंडाफोड़, चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

### गरीबों को पैसे का लालच देकर करते थे धर्मपरिवर्तन




गाजियाबाद (ईएमएस)। गाजियाबाद में धर्मपरिवर्तन का एक बड़ा मामला सामने आया है, इसमें पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा एक महिला की शिकायत के बाद हुआ। पुलिस ने बताया कि गिरोह के तार कई राज्यों से जुड़े हुए हैं। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। दरअसल गाजियाबाद में संगीता नाम की महिला की ओर से पुलिस को दी गई शिकायत के बाद पूरे मामले का भंडाफोड़ हुआ है। मोदीनगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को धर्मांतरण कराने वाले गैंग का खुलासा करने का दावा किया है। चार आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। दावा है कि ये गैंग लोगों को ईसाई धर्म में धर्मांतरण कराता था। इसके बदले गैंग के लोगों को कई जगहों से फंडिंग होती थी। आरोपियों से पूछताछ के बाद गैंग द्वारा बड़ी संख्या में लोगों का धर्मांतरण करने की बात सामने आई है। पुलिस ने बताया कि 22 सितंबर को थाना मोदीनगर पर संगीता नामक महिला ने आवेदन दिया था। इसमें जेठ के बेटे आशु सहित तीन लोगों पर आरोप लगाया कि ये लोग ईसाई धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाल रहे हैं और ऐसा न करने पर धमकी दे रहे हैं। पुलिस ने मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाईं। पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ लिया है। इनकी पहचान आशु, पोलूस मसीह, पास्टर रासी बलियार और छठ्ठु कुमार शाह के रूप में हुई है। पूछताछ में आशु ने बताया कि पिता की मौत के बाद हम लोग नोएडा के सलारपुर गांव में जाकर रहने लगे। वहां हम लोगों ने ईसाई धर्म अपना लिया। अब हम लोग अपनी चाची के परिवार पर भी धर्मांतरण का दबाव बना रहे थे।

पुलिस ने बताया कि पोलूस मसीह इस पूरे गैंग का मास्टरमाइंड है। इस कुछ संस्थाओं से फंडिंग हो रही है। बैंक खाते की जांच से बात सामने आई है। पास्टर रासी बलियार मूलतः उड़ीसा का रहने वाला है। फिलहाल नोएडा में रहकर ये काम कर रहा है। छठ्ठु कोरियर कंपनी में काम करता है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि जिन लोगों के धर्मांतरण करने की संभावना रहती है, उनसे ये संपर्क करते हैं। उन्हें विभिन्न प्रकार की मदद का लालच देते हैं और धीरे-धीरे ईसाई धर्म से जुड़ी गतिविधियां में शामिल करते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अब तक काफी बड़ी संख्या में लोगों का धर्मांतरण कराने की बात कबूली है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के मोबाइल की कॉल रिकॉर्डिंग सुनी गई। वॉट्सऐप चेट देखने से पता चलता है कि आरोपी गरीब लोगों को विभिन्न प्रकार का प्रलोभन देकर जाल में फंसाते थे। पोलूस मसीह ने पूछताछ में कुछ संस्थाओं से हर महीने खाते में पैसा आने की बात भी कबूली है।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
नियोजनालय, तेनुघाट, बोकारो।

भर्ती–कैम्प–2024–25 से संबधित सूचना

राज्य के बेरोजगार युवक/युवतियों का निजी क्षेत्र की कम्पनी **Deep Industries Ltd, Gomia, BOKARO** द्वारा नियोजन (Employment) के उद्देश्य से दिनांकः– 28.09.2024 (शनिवार) को पूर्वाहन 10 बजे से अपराहन 3:30 बजे तक नियोजनालय, तेनुघाट, बोकारो में एक दिवसीय भर्ती–कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी सूचना निम्नवत हैं:–

| Sr.No. | Category | No. of vacancies | Qualification required | Min Exp. | CTC |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rig In-charge | 03 | B.Tech/Diploma (mechanice/ petroleum ), IADC Level-4 | 08 Years | 32K |
| 2. | Asst. Shift In-charge | 03 | B.Tech/Diploma (mechanice/ petroleum), IADC Level-2 | 06 Years | 30K |
| 3. | Rig Electrician | 02 | Diploma/ ITI (Electrical) electrical Supervisor license (Mining Area) | 04 years | 30K |
| 4. | Master Mechanic | 01 | Diploma ( Mechanical) | 03 Years | 25K |
| 4. | HSE Coordinator | 01 | B.Tech (Mechanical / Petroleum) | 03 Years | 35K |

नोट :– भर्ती–कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निंबधित होना आवश्यक हैं। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधाार कार्ड, 2 पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र एवं अपने बायोडाटा के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्व भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है। भर्ती–कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। कैम्प में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। विशेष जानकारी के लिए नियोजनालय, तेनुघाट, बोकारो से सम्पर्क कर सकते हैं।

नियोजन पदाधिकारी
नियोजनालय, तेनुघाट, बोकारो

PR 337291 Labour Employment and Traning(24-25)D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह

ई– अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई– अति अल्पकालीन निविदा सूचना सं०–RDD/SD/GIRIDIH/22/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गिरिडीह जिला के प्रखण्ड राजधनवार के ग्राम बरोटांड़ टोला चोंढ़ी नाला पर पुल निर्माण। (पुल की लंबाई–34.22 मीटर) | 25210300.00 | 505000.00 | 10000.00 | 18 माह |
| 2 | गिरिडीह जिला के प्रखण्ड देवरी के चहाल ओर बेलाकोला के बीच नदी पर पुल का निर्माण। (पुल की लंबाई–25.36 मीटर) | 23053478.00 | 461500.00 | 10000.00 | 15 माह |
| 3 | गिरिडीह जिला के प्रखण्ड देवरी के केन्दुआ कोला और पीपरा के बीच पीपरा नदी पर पुल का निर्माण। (पुल की लंबाई–58.08 मीटर) | 31040858.00 | 621000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 27.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 27.09.2024 से दिनांक 04.10.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –05.10.2024 अपराह्न 05:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9431323435 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)।
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गिरिडीह

PR 337274 (Rural Work Department)24-25*D



झारखण्ड सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना अति अल्पकालिन
(प्रथम आमंत्रण)

अति–अल्पकालिन ई–निविदा सूचना संख्या - (धनबाद) 19/2024-25 तिथि – 26-09-2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 28-09-2024 समय 02.00 बजे अपराहन् तक |
| 2 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 07-10-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 3 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखंड मंत्रालय के ज्ञापांक–120 दिनांक–03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन का राशि ऑनलाईन जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय | 07-10-2024 समय 04.00 बजे अपराहन् तक |
| 4 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 08-10-2024 समय 05:00 बजे अपराहन् |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियंता का कार्यालयपेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक अंचल, दुमका। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 मयंक कुमार भगत, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद। |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 0326-2308988 |
| 8 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 0651-480345 |

| | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supply, Installation, Testing and Commissioning of 4 Sets of 110 KW Centrifugal Pump Set, Motor Control Panel , Cable and its allied work at Clear Water Pumping Plant at 14.5 MLD WTP Maithan, Dhanbad Urban Water Supply Scheme Phase-II under D.W.&S. Mechanical Division, Dhanbad | 1,05,84,495.00 | 2,11,700.00 | 10,000.00 | 04 माह |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
उपरोक्त किसी तिथि को अवकाश घोशित होने पर अगले कार्य दिवस की तिथि को माना जायेगा।
ऐसे संवेदक जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है वे भी निविदा में भाग ले सकते है बशर्ते कि वैसे सफल निविदादाता को एकरारनामा के पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग,झारखण्ड, में निबंधन पत्र प्राप्त कर लेना होगा।
निविदा की सूचना तथा नियम शर्ते की जानकारी वेबसाईट www.prdjharkhand.in, प्रमंडलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमंडल, धनबाद।

PR.NO.337279 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

# बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अधिकारियों ने की सफाई









धनबाद। स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के अंतर्गत आज पूर्वी झरिया क्षेत्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा महावीर मंदिर, गांधी नगर भौरा और उसके आस-पास के क्षेत्रों में श्रमदान किया गया। इस अवसर पर पूर्वी झरिया क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक श्री संजय कुमार, उपप्रबंधक कार्मिक श्री संतोष कुमार, उपप्रबंधक कार्मिक श्री अभिषेक कुमार, उपप्रबंधक कार्मिक श्री ऋषिकेश कदम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे और उन्होंने इस अभियान में सक्रिय रूप से योगदान दिया। इसके अलावा कार्यक्रम में गोविंदपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक, एजीएम, गोविंदपुर क्षेत्र कार्यालय के एचओडी ने स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम में गोविन्दपुर की क्षेत्रीय सलाहकार समिति और क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्यों ने भी भाग लिया। इसी के साथ कतरास क्षेत्र के अंतर्गतबीसीसीएल द्वारा लिलोरी मंदिर प्रांगण में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं, स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत लोदना क्षेत्र के डी.ए.वी. स्कूल, बनियाहिर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें बीसीसीएल के लोदना क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित हुए।

# सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत साइबर स्वच्छता और सुरक्षा वर्कशॉप



धनबाद। बीसीसीएल में चल रहे तीन महीने के सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत, बीसीसीएल के मानव संसाधन विकास विभाग द्वारा साइबर स्वच्छता और सुरक्षा पर केंद्रित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों और मुख्यालयों से 28 अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही।

प्रशिक्षण का नेतृत्व श्री राजीव रंजन, प्रबंधक (सिस्टम), ने किया, जिन्होंने साइबर स्वच्छता और सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी और अनुभव साझा किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि साइबर सुरक्षा के प्रति सजगता और स्वच्छता का पालन किस प्रकार संगठन की सुरक्षा और कार्यकुशलता को बढ़ा सकता है।

इस तरह के कार्यक्रम बीसीसीएल के कर्मचारियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें आवश्यक उपकरण और जानकारी प्रदान करने के लिए अत्यधिक उपयोगी साबित हो रहे हैं।

### झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 के तैयारिओ को लेकर

# उपायुक्त व एसएसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



धनबाद, झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक, हृदीप पी जनार्दन सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों ने शुक्रवार की देर शाम बलियापुर हवाई पट्टी स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक एप्रोच रोड, वीवीआइपी व वीआइपी वाहनों की पार्किंग, बस पार्किंग, लाभुक व आमजनों के बैठने की व्यवस्था, वॉर रूम, लंच स्पेस, मुख्यमंत्री के लिए रेस्ट रूम, पेवेलियन, पगोड़ा, स्टॉल, योजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास का शिलापट्ट, बंटिंग व ब्रैंडिंग, कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, सुरक्षा, स्टेज, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ज्ञात हो की झारखंड स्किल कांक्लेव 2024 का आयोजन आगामी 30 सितंबर 2024 को बलियापुर हवाई पट्टी में प्रस्तावित है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन सहित कई मंत्री, विधायक सहित गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहेंगे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा व एसएसपी, हृदीप पी जनार्दनन के साथ नगर आयुक्त, रविराज शर्मा, सिटी एसपी, अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, पीयूष कुमार, एसडीओ, राजेश कुमार, श्रम अधिक्षक, प्रवीण कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी, आनंद कुमार, बीडीओ बलियापुर, राजेश सिन्हा, सीओ, सुदीप एक्का, थाना प्रभारी बलियापुर, आशिष भारती, डीएसपी ट्रैफिक, अरविंद सिंह, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, चंदन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सुनील कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# निर्यात संवर्द्धन पर एक दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का किया गया आयोजन




धनबाद। भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय, शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय, मटकुरिया रोड, धनबाद द्वारा खरीद एवं विपणन सहायता योजना, पीएमएस योजना के तहत निर्यात संवर्द्धन पर एक दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी (नेशनल सेमिनार) का आयोजन शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित रेलवे ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह धनबाद के विधायक, राज सिन्हा, विशिष्ट अतिथि, राजेन्द्र प्रसाद, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, धनबाद एवं इंद्रजीत यादव, आई.ई.डी. एस., संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम के संयोजक, दीपक कुमार, सहायक निदेशक, शाखा, एमएसएमई-विकास कार्यालय, धनबाद ने उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। एमएसएमई-विकास कार्यालय, राँची से आए इंद्रजीत यादव, आई.ई.डी.एस., संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय द्वारा एमएसएमई इकाईयों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में नवीनतम चलन, निर्यात संवर्द्धन, निर्यात की प्रक्रिया, निर्यात संबंधित दस्तावेजीकरण इत्यादि के बारे में वृहद रुप से जानकारी देना एवं जागरुक करना है। उन्होंने संगोष्ठी में शामिल रहे सभी प्रतिभागी उद्यमियों से फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन 'फियो' के कोलकाता एवं डाक निर्यात केंद्र, धनबाद से आए विविध विशेषज्ञों के अनुभव का लाभ लेने की अपील की जिससे वे अपने उत्पादों का निर्यात विदेशों में कर सकें एवं अपने उद्यमों का विकास सुनिश्चित कर सकें। विशिष्ट अतिथि, राजेन्द्र प्रसाद, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, धनबाद ने उद्घाटन सत्र में कहा कि धनबाद जिले के कई सूक्ष्म एवं लघु उद्यमी जो निर्यात से जुड़े हैं परंतु अपने उत्पादों का निर्यात एक्सपोर्ट एजेंसियों के माध्यम से कर रहे हैं, ऐसे उद्यमियों को इस कार्यक्रम से निश्चित रूप से बहुत फायदा होगा। न्होंने कहा कि इससे प्रतिभागी उद्यमी अपने उत्पादों का सीधे निर्यात कर पाने में सक्षम होंगे तथा इससे धनबाद जिले के उद्योगों का विकास होगा। जो सामुहिक रूप से झारखंड एवं देश के समग्र विकास में सहयोग करेगा।उन्होंने उद्यमियों को झारखंड सरकार की ओर से हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। मुख्य अतिथि सह विधायक, राज सिन्हा ने कहा कि भारत सरकार की ओर से एमएसएमई के विकास के लिए विविध योजनाएं चलाई जा रही हैं। धनबाद जिले एवं आसपास के जिलों के प्रतिभागी उद्यमियों को अपने उत्पादों का सीधे निर्यात करने में मदद मिल पाएगी। आगे उन्होंने कहा कि एमएसएमई उद्यम हमारे देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। एमएसएमई उद्यमियों के विकास के लिए उत्पादों के निर्यात से संबंधित विषय का चयन प्रशंसनीय है एवं इसमें ज्यादा से ज्यादा कार्यशाला एवं प्रशिक्षण सत्र चलाए जाने की आवश्यकता है जिससे निर्यात पर जागरूकता को बढ़ावा मिल सके। गौरव, सहायक निदेशक ने मुख्य अतिथि, अन्य गणमान्य अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। संगोष्ठी के आयोजन में शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय, धनबाद के सुजीत कुमार, सहायक निदेशक, राकेश कुमार, साहेब लाल मंडल आदि ने सहयोग किया।

# इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स एसोसिएशन का 91वां वार्षिक आमसभा संपन्न

### कोयला के अभाव में हार्डकोक उद्योग को चलाने वाले लोगो को लेकर हो रही परेशानियों को लेकर हुई विस्तृत रूप से चर्चा



धनबाद। जोड़ा फाटक रोड़ स्थित इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स एसोसिएशन के 91वें वार्षिक आम सभा में कोयला के आभाव में हार्डकोक उद्योग को चलाने में हो रही परेशानियों पर विस्तार से चर्चा की गई।आम सभा में विशेष रूप से पूर्व सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा उपस्थित हुए।पीएन सिंह ने कहा कि कोयला उठाव में रंगदारी, हार्डकोक उद्योग को चलाने में बीसीसीएल से पर्याप्त कोयला नही मिलना समेत कई ज्वलंत मुद्दों को आज की आम सभा में उठाया गया।उन्होंने कहा की निश्चित तौर पर सरकार को इसपर ध्यान देना चाहिए साथ ही जनप्रतिनिधियों को एक माध्यम बनकर परेशानियों का समाधान कराना चाहिए। एसोसियशन के अध्यक्ष, बीएन सिंह ने मिडिया को बताया कि अजीब विडंबना है की जिस हार्डकोक उद्योग को चलाने में कोकिंग कोल की सबसे ज्यादा आवश्यकता है,वह कोयला आज ईट भट्टे , बनाने वाले को पावर प्लांट को दिया जा रहा है।जिन्हे नन कोकिंग कोल की ही आवश्यकता है।भारत में कोकिंग कोल सिमित है, इसके बावजूद उसे इस तरह से बर्बाद किया जा रहा है।हार्ड कोक उद्योग को चलाने में आ रही परेशानियों का हल बीसीसीएल कोल इण्डिया एवं कोयला मंत्रालय के पास है। इसका हल उसे निश्चित रूप से निकालना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन आईआईटी, आईएसएम के प्रोफेसर डॉ, प्रमोद पाठक ने किया। मौके पर धनबाद के विधायक राज सिन्हा, रतन लाल अग्रवाल, पल्टन बाबू, सहीत अनेक गन्यमान्य लोग मौजूद थे।

### आजसू का टुंडी विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न

# आजसू पार्टी के आंदोलन व विकास कार्यों को जनता के बीच पहुंचाने का कार्य करें : गिरधारी महतो



धनबाद, (राजगंज), शुक्रवार को राजगंज स्थित पूर्व जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि गिरधारी महतो के आवासीय कार्यालय में आजसू पार्टी के टुंडी विधानसभा स्तरीय सभी क्रांतिकारी नेताओं की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व केंद्रीय उपाध्यक्ष, जितेंद्र नाथ महतो के अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी नेता अपने-अपने क्षेत्र में सांगठनिक ढांचा को मजबूत करते हुए आजसू पार्टी के आंदोलन व विकास कार्यों को जनता के बीच पहुंचाने का काम करेंगे एवं आने वाले विधानसभा चुनाव में भागीदारी और दावेदारी सुनिश्चित करेंगे। उपस्थित नेताओं ने एक स्वर में कहा की पार्टी के सुप्रीमो सह केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो का निर्देश सर्वमान्य होगा।

जिसमें मुख्य रूप से पूर्व केंद्रीय सचिव शिव शंकर शर्मा, केंद्रीय सचिव, प्रमोद चौरसिया ,केंद्रीय महासचिव संतोष महतो, केंद्रीय सचिव भास्कर ओझा ,केंद्रीय सचिव दिनेश राय ,केंद्रीय सचिव सुभाष रवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष गिरधारी महतो ,पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि महेंद्र महतो ,केंद्रीय सदस्य दयाल महतो , झारखंड क्रांतिकारी नेता विनोद महतो,जिला उपाध्यक्ष नरेश महतो, टुंडी प्रखण्ड अध्यक्ष रामचंद्र राणा, पुर्वी टुंडी अध्यक्ष काजल महतो, झारखंड क्रांतिकारी काली महतो , राजगंज प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ महतो ,राजगंज प्रखंड सचिव देवनारायण ,पूर्व मुखिया मनोज महतो, कृष्णा महतो, तोपचांची प्रखंड सचिव रामचंद्र ठाकुर, जिला सचिव नरेश मंडल, जिला सचिव धनंजय महतो ,दलुडीह पंचायत प्रभारी टिंकू शर्मा, महेशपुर पंचायत प्रभारी नवल साव,परमेश्वर महतो ,मधुसूदन महतो धर्मेंद्र सिंह ,विक्रम भारद्वाज, बिंदेश्वर महतो ,अनंत मुंशी, नरेश कुमार ,भारत महतो,विकास महतो आदि मौजूद थे।

# स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अंतर्गत इस वर्ष का थीम है "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" : राज किशोर पासवान





### स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियन के तहत वरीय मध्य विद्यालय जगजीवन नगर , मध्य विद्यालय कोल वाशरी सरायढेला, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बगुला व मध्य विद्यालय हीरापुर धनबाद में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

धनबाद स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत स्वयं, अपने परिवेश व देश को साफ सुथरा व स्वच्छ व सुन्दर बनाए रखने हेतु केंद्रीय संचार ब्यूरो धनबाद के ओर से स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के तहत धनबाद जिला के सदर प्रखंड में वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय जगजीबन नगर, मध्य विद्यालय कोल वाशरी सरायढेला , झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बगुला एवं मध्य विद्यालय हीरापुर धनबाद में स्वच्छता अभियान पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उक्त विद्यालय मे निबंध प्रतियोगिता पेंटिंग प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता एक पेड़ मां के नाम ब हस्ताक्षर अभियान के साथ_ साथ स्वच्छता शपथ भी दिलाया गया वरीय बुनियादी मध्य विद्यालय जगजीवन नगर धनबाद के प्रभारी प्राचार्य श्री शिवदास प्रसाद , मध्य विद्यालय कोल वाशरी के वरिष्ठ शिक्षक कुलदीप प्रसाद, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय बगुला धनबाद के बार्डेन मीरा कुमारी के अलावा मध्य विद्यालय हीरापुर नगर पालिका धनबाद के प्राचार्या श्री मति मधु कुमारी का सराहनीय भूमिका रही। विभाग के सहायक अधिकारी राजकिशोर पासवान ने लोगों को बताया कि अपने जीवन में स्वच्छता अपनाने के साथ-साथ दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करें, ना तो गंदगी करें और ना ही दूसरों को गंदगी करने दें। विभाग की ओर से प्रतियोगिता के सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax NO. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।